सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:38

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.4 न्यू | 23.1 अधि |
| धर्मशाला | 5.8 न्यू | 21.7 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79223.11 |
| निफ्टी | 24004.75 |
| सोना 79,200 | चांदी 92,444 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



ठियोग में घोटाला दबाने वालों पर क्यों कार्रवाई नहीं कर रही सरकार : जयराम

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 5 जनवरी 2025 | 22 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 18, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




## न्यूज शॉर्ट्स

'पुष्पा-2' स्क्रीनिंग भगदड़ मामला

### अभिनेता अल्लू अर्जुन को मिली रेगुलर जमानत



**हैदराबाद।** 'पुष्पा-2' की स्क्रीनिंग के दौरान संध्या थियेटर में मची भगदड़ के मामले में अल्लू अर्जुन को नामपल्ली कोर्ट ने रेगुलर जमानत दे दी है। हैदराबाद की नामपल्ली कोर्ट ने संध्या थियेटर भगदड़ मामले में शनिवार को सुनवाई की थी, जिसके बाद कोर्ट ने अल्लू अर्जुन के हक में फैसला सुनाया और उसे नियमित जमानत दे दी। कोर्ट ने उसे जमानत की शर्तों के तहत 50,000 रुपए के 2 जमानती पेश करने का निर्देश दिया है।

### नांदेड विस्फोट मामले में सभी 9 आरोपी बरी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ की एक सत्र अदालत ने शनिवार को 2006 के एक विस्फोट मामले में सभी 9 जीवित आरोपियों को बरी कर दिया। मामले में विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं हुआ है, लेकिन बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर सका कि यह घटना बम विस्फोट थी। मामले के कुल 12 आरोपियों में से दो की विस्फोट में मौत हो गई थी, जबकि एक की मौत मुकदमा जारी रहने के दौरान हुई। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सीवी मराठे ने शनिवार को शेष आरोपियों को बरी कर दिया।

### फेमस न्यूक्लियर साइंटिस्ट आर चिदंबरम का निधन



**नई दिल्ली।** न्यूक्लियर साइंटिस्ट राजगोपाल चिदंबरम ने शुक्रवार देर रात आखिरी सांस ली। परमाणु ऊर्जा विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि परमाणु हथियार कार्यक्रम से जुड़े रहे चिदंबरम ने मुंबई के जसलोक अस्पताल में देर रात तीन बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली। आर चिदंबरम के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- अवैध खनन के खिलाफ फस्टे पंचायत ने भी खोला मोर्चा -पेज 2
- आठ जिलों में बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट पेज 3
- चरस रखने के मामले में 11 वर्ष का कठोर कारावास -पेज 9
- तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी से छूटे पसीने -पेज 12
- सरकार ने नेपाल को दो लाख टन गेहूं निर्यात की दी अनुमति -पेज 13

# बेडा सूरत राम भूंडा महायज्ञ की अग्निपरीक्षा में पास

## सुबह 11 बजे बरुत (रस्सा) बांधते वक्त टूटा; अनहोनी टली, शाम को 100 मीटर से घटाकर 60 फुट की लंबाई

**दशमी रावत, रोहड़ू**

शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल की स्पैल वैली के दलगांव में 39 साल बाद आयोजित हो रहे भूंडा महायज्ञ के तीसरे दिन शनिवार को व्यवधान के बावजूद रस्सा (स्थानीय भाषा में बरुत) पर उतरकर खाई को पार करने की महत्वपूर्ण रस्म बेडा सूरत राम ने सफलतापूर्वक निभाई।

70 वर्षीय सूरत राम ने यह कारनामा नौवीं बार किया है। हजारों लोग इस ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने। वह मेजबान देवता बकरालू महाराज व मेहमान देवता बौंद्रा व महेश्वर की छत्रछाया में अग्निपरीक्षा में पास हो गए हैं। हालांकि, सुबह करीब 11 बजे बरुत बांधते हुए टूट गई थी। गनीमत यह रही कि इस दौरान कोई अनहोनी नहीं हुई। इसके बाद आयोजकों ने लंबाई को 100 मीटर से घटाकर 60 फुट किया।
वहीं, सबसे पहले दलगांव में बकरालू देवता के मंदिर से बेडा (जैली) को समरैई क्षेत्र के देवता महेश्वर ने अपनी जमैणी पर बिठाकर देवलुओं के नृत्य के साथ बरुत पर उतरने वाले स्थान तक लाया। इसके बाद सूरत राम ने आसानी से शाम को करीब साढ़े 5 बजे खाई को पार कर लिया। खाई पार करने के बाद जैसे ही सूरत राम बरुत के निचले छोर पर पहुंचे तो मौजूद हजारों लोगों के हुजूम में उसके माथे पर बंधे हुए चांदी के सिक्के को पाने के लिए होड़ मच गई। ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति चांदी के सिक्के को प्राप्त करता है, उसे शुभ माना जाता है। इसके बाद बेडा ने पुनः महेश्वर देवता की जमैणी पर बैठकर वापस बकरालू देवता के मंदिर की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान सूरत राम ने देवता की जमैणी के ऊपर से बैठकर लोगों को 'जूब' भी दी जिसके बदले में लोगों ने बेडा को पैसा, सोना व चांदी दी।

देवनीति के अनुसार, लोगों के लिए बेडे से जूब प्राप्त करना शुभ माना जाता है। उसके बाद महेश्वर देवता के आए हुए हजारों देवलू तलवारों, डंडों व खुखरी की थाप पर नाचते हुए मंदिर तक गए। उसके बाद सूरत राम ने बकरालू देवता के मंदिर में प्रवेश किया। (अनंत ज्ञान)




भूंडा महायज्ञ में पहुंचे लाखों लोग तथा (इनसेट) बरुत पर उतरकर खाई पार करने की रस्म निभाने वाला बेडा 70 वर्षीय सूरत राम।

### इस बार भी बज्रेटकोटी के ठाकुरों ने निभाया दायित्व

**देवनीति** की परंपरा के अनुसार, इस बार भी भूंडा महायज्ञ में बरुत पर काठी के साथ बेडा को बांधने का दायित्व मंडलगढ क्षेत्र के बज्रेटकोटी के ठाकुर लोगों ने निभाया। ठाकुर लोगों की तीन गांठें महत्वपूर्ण रहती हैं जिनसे बेडा बंधा रहता है।

### खनौरी बॉर्डर पर किसान महापंचायत में डल्लेवाल बोले-

# अब तक 7 लाख किसान कर चुके हैं आत्महत्या

**एजेंसी, चंडीगढ़**

खनौरी बार्डर पर चल रही किसान महापंचायत में आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को स्ट्रेचर से लाया गया। डल्लेवाल शारीरिक रूप से काफी कमजोर हो चुके हैं। वह खुद बैठ भी नहीं सकते। उनकी लगातार कमजोर हो रही हालात को देखते हुए, मंच पर स्ट्रेचर से संबोधित करवाया गया।

खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि अब तक सात लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। हम किसानों के नेता हैं, लेकिन किसी ने इन किसानों की मौत या आगे और आत्महत्याएं रोकने के लिए कुछ नहीं किया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डल्लेवाल की जान बहुत महत्वपूर्ण है। उस दिन मैंने भी कहा था कि डल्लेवाल की जान तो महत्वपूर्ण है, लेकिन उन सात लाख किसानों के बच्चों का क्या होगा जो अब हमारे बीच नहीं हैं?



हालांकि, डल्लेवाल बोलने में भी असमर्थ हैं, लेकिन महापंचायत में वह अपनी मांगों को लेकर किसानों को संबोधित जरूर करेंगे। केंद्र सरकार द्वारा की गई वादाखिलाफी से आहत होकर डल्लेवाल आमरण अनशन कर रहे हैं। डल्लेवाल स्ट्रेचर से ही किसानों को सरकार से लड़ने व अपनी मांगों को मनवाने के लिए अपील करेंगे। इसमें कई किसान संगठनों के लोग शामिल हुए हैं। घने कोहरे के कारण किसान बड़ी संख्या में महापंचायत में पहुंचे हैं। कई संगठनों के नेता सरकार पर दबाव बनाने के लिए एकजुटता का आह्वान कर रहे हैं। किसानों और केंद्र के बीच गतिरोध खत्म करके बातचीत शुरू की जाए।

पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह ने केंद्रीय कृषि मंत्री से यह अपील की कि केंद्र ही किसानों को बातचीत के राजी कर सकता है। केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ नई मंडीकरण नीति को लेकर बैठक की।

# इस बार बैजनाथ में मनाया जाएगा राज्यस्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस

**अनंत ज्ञान, शिमला/बैजनाथ**

इस बार 25 जनवरी को हिमाचल प्रदेश का राज्य स्तरीय पूर्ण राज्यत्व दिवस समारोह कांगड़ा जिले के बैजनाथ में मनाया जाएगा।



समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू समारोह में संबोधित करते हुए कई घोषणाएं कर सकते हैं। प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों की भी उनके संबोधन पर नजरें टिकी रहेंगी।

गौरतलब है कि 25 जनवरी 1971 को बर्फबारी के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी रिज मैदान से हिमाचल के पूर्ण राज्यत्व की घोषणा की थी। उस वक्त कई संस्थाएं हिमाचल के पूर्ण राज्यत्व के खिलाफ भी थीं। बावजूद इसके लंबे संघर्ष के बाद हिमाचल को राज्यत्व का दर्जा दिया गया, तब डॉ. यशवंत सिंह परमार हिमाचल के पहले मुख्यमंत्री बने थे।

## अंतरिक्ष में भेजा लोबिया 4 दिन में अंकुरित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डिप्लॉय किया गया। इसके साथ भेजे गए पीओईएम-4 (पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल) पर सीआरओपीएस (कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) ने अंतरिक्ष में पहली बार जीवन अंकुरित करने में सफलता पाई है।

विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में डिजाइन किए गए सीआरओपीएस ने महज 4 दिनों में लोबिया के बीज को माइक्रोग्रैविटी के जरिए अंकुरित किया। जल्द ही इसमें पत्तियां आने की उम्मीद है।

## इल्मा अफरोज ने खुद पत्र लिखकर सरकार से मांगी थी ट्रांसफर : हाईकोर्ट



**रजनीश ठाकुर, बद्दी।** हिमाचल हाईकोर्ट में आईपीएस इल्मा अफरोज की तैनाती को लेकर दायर जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई, जिसमें प्रदेश के गृह सचिव व डीजीपी ने कोर्ट को एडवोकेट जनरल के माध्यम से बताया कि इल्मा अफरोज ने खुद पत्र लिखकर सरकार से बद्दी से ट्रांसफर मांगी थी, इसलिए ही उसे पुलिस मुख्यालय में तैनात किया गया है। इसे देखते हुए ही सरकार ने उन्हें पुलिस मुख्यालय में 16 दिसंबर से तैनात किया है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सुच्चा राम की जनहित याचिका पर दोनों अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था। सुच्चा राम ने इस मामले में हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर रखी है। इसमें आग्रह किया गया कि इल्मा अफरोज की जल्द बद्दी में तैनाती की जाए। इल्मा की तैनाती से बद्दी की आम जनता कानून के हाथों सुरक्षित महसूस करेगी। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली चुनाव: केजरीवाल के खिलाफ लड़ेंगे प्रवेश वर्मा व आतिशी के खिलाफ बिधूड़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने 29 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। 16 सीटों पर कैंडिडेट बदले गए हैं, जबकि 13 पर मौजूदा विधायकों को टिकट दी गई है। वहीं, नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा चुनाव लड़ेंगे। कालकाजी से आतिशी के खिलाफ भाजपा ने रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा है।

इसी सीट से कांग्रेस ने अलका लांबा को टिकट दिया है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द होने वाला है। आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर कैंडिडेट घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी अब तक तीन लिस्टों में 48 उम्मीदवार उतारे हैं।

# बांदीपोरा में सेना का ट्रक खाई में गिरा; 4 जवानों की मौत, 2 घायल

**अशोक कुमार, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में 4 सैनिकों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में शनिवार दोपहर यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि फिसलन के कारण सेना का एक ट्रक पहाड़ी से नीचे खाई में गिर गया। इस हादसे में चार जवानों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। इनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। यह दुर्घटना बांदीपोरा के सदरकूट पाईन इलाके में हुई जहां सेना का ट्रक फिसलन के कारण खाई में जा गिरा। हादसे के बाद स्थानीय पुलिस और सेना के अन्य जवान राहत कार्य में जुट गए। इस घटना के कारणों की जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



**आरोप** 'ग्रामीण भारत महोत्सव' के उद्घाटन समारोह में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने की कर रहे कोशिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने के लिए' विपक्ष पर शनिवार को हमला बोला और लोगों से गांवों की साझा संस्कृति एवं विरासत को मजबूत करने के उद्देश्य से ऐसी साजिशों को विफल करने को कहा। प्रधानमंत्री ने 'ग्रामीण भारत महोत्सव' का उद्घाटन करते हुए कहा कि उनकी सरकार 2014 से ग्रामीण विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है और 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने में गांव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मोदी ने कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन के अन्य नेताओं का परोक्ष जिक्र करते हुए कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमें इन षड्यंत्रों को विफल करना होगा तथा अपने गांवों की साझा विरासत को संरक्षित एवं मजबूत करना होगा।' राहुल गांधी और अखिलेश यादव सहित विपक्षी नेता जातिगत जनगणना की लगातार मांग कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगातार लगे हुए हैं। ग्रामीण भारत के लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना मेरी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य सशक्त ग्रामीण भारत सुनिश्चित करना, ग्रामीणों को पर्याप्त अवसर प्रदान करना, पलायन को कम करना और गांवों के लोगों के लिए जीवन को आसान बनाना है।



मोदी ने गांवों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजनाओं के बारे में कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय बनाए गए हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण भारत के करोड़ों लोगों को पक्के घर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल भी उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'आज डेढ़ लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।'

### 16 सरकारी योजनाओं के लिए चलाया संतृप्ति अभियान

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस अवसर पर कहा कि बैंकों ने प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा और प्रधानमंत्री स्वनिधि सहित 16 सरकारी योजनाओं के लिए संतृप्ति अभियान चलाया है। ग्रामीण भारत की उद्यमशीलता की भावना और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए यह महोत्सव चार से 9 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसका मुख्य विषय 'विकसित भारत 2047 के लिए एक लचीले ग्रामीण भारत का निर्माण' रखा गया है, जबकि आदर्श वाक्य 'गांव बढ़े, तो देश बढ़े' है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम से मिले नादौन ब्लॉक युकां के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ शुक्रवार को शिमला में नादौन ब्लॉक युवा कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय अत्री ने मुलाकात की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वह मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार युवाओं को संगठन के साथ जोड़ेंगे और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे।

### मसूरी में 31 तक ट्रेनिंग पर रहेंगे उपायुक्त



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त अमरजीत सिंह 6 से 31 जनवरी तक मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री नेशनल अकादमी ऑफ एडमिनीस्ट्रेशन (लबसना) में प्रशिक्षण पर रहेंगे। आईएएस अधिकारियों के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत अमरजीत सिंह मसूरी के लिए जा रहे हैं। उनकी जगह एडीएम राहुल चौहान उपायुक्त हमीरपुर का अतिरिक्त कार्यभार भी देखेंगे। इस संबंध में प्रदेश सरकार ने आदेश भी जारी कर दिए हैं। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना की ओर से जारी आदेश के अनुसार अमरजीत सिंह के मसूरी से लौटने तक एडीएम राहुल चौहान यह अतिरिक्त कार्यभार संभालेंगे।

### सभी स्कूल प्रमुख पीएम श्री स्कीम लागू करें



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** समग्र शिक्षा और डाइट हमीरपुर द्वारा पीएम श्री स्कूलों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का शनिवार को संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में चार जिलों हमीरपुर, उना, कांगड़ा और चंबा के 70 स्कूल प्रमुखों ने भाग लिया। समापन समारोह में उपनिदेशक व जिला परियोजना अधिकारी नवीन कुमार और डाइट प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल ने शिरकत की। कार्यक्रम के अंतिम दिन जिला नोडल अधिकारी सुनील कुमार ने स्कूल प्रमुखों से आशा व्यक्त की है कि वे अपने अपने स्कूलों में जाकर पीएम श्री स्कीम को लागू करेंगे और शिक्षा की गुणवत्ता को उच्च स्तर पर लाने की कोशिश करेंगे। समारोह के अंत में प्रतिभागियों द्वारा कार्यक्रम का फीडबैक लिया गया। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### छात्रों ने सड़क सुरक्षा की शपथ ली



**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नादौन में रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रोड सेफ्टी क्लब के सभी सदस्यों, छात्रों, विद्यालय के अध्यापकों, कर्मचारी एवं बीएड प्रशिक्षु अध्यापकों के द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ ली गई। इस अवसर पर सभी ने यह प्रतिज्ञा ली कि हम सदैव यातायात नियमों का पालन, हेलमेट का प्रयोग सीट बेल्ट का प्रयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगे, शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नहीं चलाएंगे और सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल दिल्ली मोहम्मद पोसवाल ने भी यातायात के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य महोदय डॉक्टर सतीश कुमार शर्मा, जोगेंद्र चौधरी, सुशील शर्मा , सुरेंद्र कालिया शारीरिक शिक्षक देवेंद्र कुमार, संजीव कुमार शास्त्री व अन्य सभी अध्यापक साथी उपस्थित रहे।

### पिता पर लगाया चोरी करने का आरोप

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भोरंज थाना के अंतर्गत तनीषा राणा ने अपने पिता दिनेश राणा के खिलाफ भोरंज थाना में गाड़ी चुराने और गहने चोरी करने का आरोप लगाया है। महिला तनीषा राणा ने अपनी शिकायत में बताया है कि वे गांव मुंडखर गैंडा डा0खा0 मुण्डखर तहसील भोरंज की निवासी है और उसके पिता दिनेश राणा अपने कुछ रिश्तेदारो व दोस्तों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता के मुंडखर स्थित मकान व क्रशर पर कब्जा करने की नीयत से दखलांदाजी करने लगे हैं। उसके पिता ने घर पर खड़ी इनोवा गाडी एचपी 74 बी 0909 भी धोखे से चुरा ली है। उसके बाद इनके पिता ने मकान पर कब्जा करने की नीयत से मकान में लगे हुए ताले तोड़कर उसकी माता के गहने, पैसे व जरूरी कागजात चोरी कर वहां नए ताले लगा दिए हैं। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

### बच्चों को मोबाइल से दूर रखें अभिभावक



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर में शनिवार को वार्षिकोत्सव में नर्सरी से सातवीं कक्षा तक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि हरजिंदर सिंह (टाउन एंड कंट्री प्लानर) उपस्थित हुए। स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान ने मुख्य अतिथि को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह का शुभारंभ सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि तथा अन्य गणमान्य अतिथियों को शॉल टोपी तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उसके बाद शिव तांडव ने सभी दर्शकों की वाह वाही लूटी।इस अवसर पर पिछले सत्र में शैक्षणिक, खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। प्रधानाचार्य अरुण चौहान ने कहा कि इस तरह के वार्षिक समारोह बच्चों का अपना कार्यक्रम होता है और इसमें बच्चों को मंच में आने का मौका मिलता है तथा अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है।

### एलआईसी बीमा सखी योजना के लिए विशेष भर्ती अभियान 12 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय बीमा जीवन बीमा निगम की शाखा हमीरपुर 2 में 12 जनवरी को 10 से 1 बजे तक विकास अधिकारी विकास धीमान द्वारा किया जा रहा है। देश की महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 9 दिसंबर को पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है ताकि हर महिला को वित्तीय स्वतंत्रता और स्थिर करियर की ओर उन्नत किया जा सके।

बीमा सखी योजना के तहत शुरुआती दौर में देश भर में 18-70 वर्ष आयु की 1 लाख महिलाओं को बीमा सखी अभिकर्ता के रूप में काम करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इन महिलाओं को पहले साल हर महीने 7,000 व दूसरे साल हर महीने 6,000 और तीसरे साल में 5,000 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। इस स्टाइपेंड की पात्रता के लिए बीमा सखी अभिकर्ता को 3 वर्ष तक मिनिमम व्यवसाय की शर्तें भी लागू रहेंगी तथा इस व्यवसाय पर उन्हें स्टाइपेंड के साथ साथ कमीशन मिलेगा। एलआईसी बीमा सखी अभिकर्ता बनने के लिए 18 से 70 वर्ष तक की महिलाएं आवेदन कर सकती हैं, जो अपने क्षेत्र में अच्छा प्रभाव रखती हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ दसवीं तथा उच्चतम योग्यता प्रमाण पत्रों की तीन-तीन फोटोस्टेट कॉपियां, 2 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ, 710 रुपए नकद पंजीकरण फीस व एजाम फीस तथा आधार कार्ड व पेन कार्ड की फोटो प्रतियों के साथ एलआईसी ऑफिस हमीरपुर 2, नजदीक डीसी ऑफिस में रविवार 12 जनवरी को आयोजित विशेष भर्ती अभियान में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# 2 साल से फर्नीचर खरीद के चर्चे, अब टेंडरिंग प्रोसेस के 'हिचकोले' कब तक

## लेटलतीफी का असर, मेडिकल कॉलेज में फर्नीचर के 14 करोड़ के बजट को क्यों किया गया था अलग?

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

जोल-सप्पड़ में स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के नए परिसर में फर्नीचर खरीद को लेकर लंबे समय से जारी लेटलतीफी के चर्चे आखिर क्यों गंभीर हैं, जिन पर अंदरूनी तौर पर भी चर्चा हो रही है। कारण यह है कि जो एजेंसी इसका निर्माण कर रही है, उसी को फर्नीचर लगाकर देना था, लेकिन तकरीबन 2 साल पहले फर्नीचर के करीब 14 करोड़ के पार्ट को कुल बजट से अलग कर दिया गया था। तभी से अब तक जो 'गैप' पड़ा है, इसका कारण आखिर क्या रहा? मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कोई भी अधिकारी बताने को तैयार नहीं है।

अब हालांकि एचएससीसी के जरिए जिस प्रक्रिया को शुरू करने का दम भरा जा रहा है, वह भी लेटलतीफी के 'चुंगल' से जल्दी बाहर निकल पाएगा? इस पर निश्चित रूप में अभी भी सवाल जारी हैं। (अनंत ज्ञान)



नए परिसर का भवन।

### अस्पताल का भवन भी हो चुका है तैयार

अभी तो केवल प्रशासनिक भवन के ढांचे को संवारने के लिए ही फर्नीचर खरीदा जा रहा है। अस्पताल का भवन भी तो तैयार हो चुका है। उसमें मशीनरी फर्नीचर और अन्य तरह का साजो-सामान भी तो खरीद जाना है। उसका आधा प्रोसेस भी इसी प्रक्रिया में शामिल है, जो समय पर मुकम्मल तौर पर शुरू हो जाना चाहिए क्योंकि खरीद की इस प्रक्रिया में वक्त तो लगता ही है। दोनों बिल्डिंग्स तैयार हैं, इसलिए इनकी चर्चा हो रही है।



प्रक्रिया जारी है। संबंधित केस सरकार को भेजा गया है। अप्रूवल मिलने पर अगली कार्रवाई होगी। इसकी प्रक्रिया में जो वक्त लगा है, वह तो लगेगा ही। 14 करोड़ के बजट के पार्ट को अलग क्यों किया गया था, इसका उन्हें पता नहीं। तब वे यहां नहीं थे, लेकिन अब खरीद हो रही है। दो-तीन माह में सारा प्रोसेस मुकम्मल हो जाना चाहिए।

**डॉक्टर रमेश भारती, प्रिंसिपल**

### दो साल पहले ही रोक दी थी प्रक्रिया

दरअसल में यदि 2 साल पहले ही फर्नीचर की खरीद का प्रोसेस मुकम्मल कर लिया गया होता, तो मौजूदा समय की लेटलतीफी नहीं होती। यही नहीं, अब दो साल के बाद बजट के अलग किए गए उस पार्ट से ही फर्नीचर खरीदने में कम रेट पर दिक्कत नहीं होती। दो सालों में महंगाई बढ़ी है। निश्चित रूप में अब सारा फर्नीचर खरीदने में खर्च भी अतिरिक्त होगा ही, लेकिन गलतियां किसकी रही हैं? क्यों हुई हैं? बजट से फर्नीचर के पार्ट को अलग क्यों किया गया? इनका जवाब देने के लिए कोई तैयार नहीं है। खैर, जो भी हो अब खरीद हो ही जाए। जितनी लेट होगी, उस पर सिस्टम पर सवाल तो खड़े होंगे ही। कारण यह है कि सब कुछ काफी समय से तैयार हो चुका है। 6 महीनों से मुकम्मल तौर पर बिल्डिंग का ढांचा सजने-धजने के लिए इंतजार में है, लेकिन फर्नीचर खरीद की प्रक्रिया डिले क्यों हुई, यही यक्ष प्रश्न है।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारियों से कानून व्यवस्था को लेकर किया मंथन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

- बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं को भी सुना

मासिक संयुक्त सलाहकार व कल्याण समिति की बैठक का आयोजन ऑनलाइन वर्चुअल मोड़ में शनिवार को पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें इस जिला के सभी थानों, चैकियों तथा इकाईयों में तैनात सभी कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित मुद्दो को ऑनलाइन माध्यम से सुना तथा कहा कि पुलिस कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित जरुरतों को पूर्ण करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के साथ अपराध बैठक भी आयोजित की गई।

इन दोनों बैठकों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, उपमंडलीय पुलिस अधिकारी बड़सर लालमन शर्मा, उपपुलिस अधीक्षक (मु.), हमीरपुर नितीन चौहान तथा जिला पुलिस हमीरपुर के समस्त थाना प्रबंधक अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। अपराध बैठक के दौरान पूर्व में घटित सभी अन्वेषणाधीन अभियोगों तथा इस जिला में कानून व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गहनता से समीक्षा की गई तथा समस्त पर्यवेक्षक अधिकारियों, थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारियों को सभी लंबित मामलों की जांच कर तुरंत पूर्ण करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए। सभी थाना एवं पुलिस चौकी प्रभारियों को वाड हमीरपुर कार्यक्रम को अपने-अपने थाना क्षेत्र में सुचारु रुप से संचालित करने तथा मादक पदार्थ विक्रेताओं व मादक पदार्थ उपलब्ध करने वालों, शराब तस्करी व अवैध करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान को जारी रखने व कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के लिए भी विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए।

इस दौरान सभी थाना व पुलिस चैकी के प्रभारियों तथा पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे अपने कर्तव्य निर्वहन के साथ-साथ अपनी सेहत व स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखें, विशेषत ठंड के मौसम में गर्म व ऊनी कपड़ों का प्रयोग करें तथा समय-समय पर अपना स्वस्थ्य परीक्षण करवाते रहें। प्रतिदिन नियमित व्यायाम करना सुनिश्चित करें तथा नियमित रूप से खेलकूद गतिविधियों में भी अपनी-अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने बैठक के अंत में सभी पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मचारियों को अपना काम करते समय आम लोगों के साथ पेशेवर, निष्पक्ष तथा शिष्ट व्यवहार करने के भी दिशा-निर्देश जारी किए। (अनंत ज्ञान)

### राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में दिखाया दम




**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** जय माता टौणी देवी बास्केटबॉल कमेटी द्वारा शनिवार को अंडर-19 ब्वॉयज स्टेट बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कैप्टन विजय कुमार मलकानिया, मनजीत सिंह चैहान रहे। इस मौका पर जय माता टौणी देवी बास्केटबॉल कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संसार संसार चंद सोनी, उपाध्यक्ष राजेश कुमार खन्ना, महासचिव राजेश कुमार बहल, सचिव संजय कुमार, टीटू राम व हेड कैशियर सुनील कुमार चौहान सहित इलाका निवासी उपस्थित रहे। इसमें पहला मैच डीएवी कांगड़ा और मंडी टीम के बीच हुआ जिसमें डीएवी कांगड़ा ने मंडी को 53 के मुकाबले 39 अंकों से हराया व दूसरा मैच जय माता टौणी देवी और बिलासपुर टीम के बीच हुआ जिसमें जय माता टौणी देवी टीम ने बिलासपुर टीम को 61 के मुकाबले 19 अंकों से पराजित किया।

# कौन होगा जिला भाजपा का अध्यक्ष? एक ही होगा नॉमिनेशन

## हाईकमान ने 2 बजे पार्टी कार्यालय में बुलाए चुनिंदा नेता, सोमवार को बसंत रिजॉर्ट में संपूर्ण भाजपा होगी इकट्ठी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

रविवार को यहां पार्टी कार्यालय में जिला भाजपा के नए अध्यक्ष की ताजपोशी के लिए 2 बजे चुनावी बैठक रखी गई है। इसमें पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर भी मौजूद रहेंगे। पार्टी हाईकमान के निर्देश पर केवल एक ही व्यक्ति का नॉमिनेशन होगा। अगले रोज उसका रिजल्ट डिक्लेयर किया जाएगा। यही अनुमान लगाए जा रहे हैं।



देशराज शर्मा

कहने को जिला भाजपा के संगठनात्मक ढांचे को मजबूती देने के लिए मुकम्मल तौर पर चुनाव प्रक्रिया का हवाला दिया जा रहा है, लेकिन वास्तविकता यही है कि औपचारिकता मुकम्मल करने का दावा कार्यकर्ताओं के गले कितना उत्तर पाएगा, इस पर भी खूब चर्चा हो रही है। असलियत यही है कि अध्यक्ष वही बनेगा, जिस पर हाईकमान मोहर लगाएगा।

किसी को कोई पता नहीं है कि कौन जिला अध्यक्ष होगा? जब नॉमिनेशन ही एक व्यक्ति का होगा, तो फिर असमंजस तो रविवार 2 बजे तक रहेगी ही। हालांकि जिन लोगों के नामों की शुभ विवाह चल रही है, उनमें अनिल ठाकुर, विजय अग्निहोत्री, कमल नयन, राकेश ठाकुर, वंदना योगी शामिल बताई जा रही हैं। इसमें जातिय समीकरणों का भी प्रभाव देखा और परखा जाएगा, लेकिन जब जिला अध्यक्ष बना ही हाईकमान की पसंद से है तो फिर अटकलें के बीच में अब रविवार की इंतजार तो करनी ही होगी, इसीलिए सभी उहापोह में है। इस बार का माहौल नए नेताओं की एंट्री की वजह से यहां बदल चुका है।

### भेजे गए हैं पैनल

सूत्रों के मुताबिक हाईकमान को तीन लोगों का जो पैनल भेजा गया है, वह भी केवल एक औपचारिकता है क्या। इस पैनल में से जिला भाजपा का अध्यक्ष बनेगा या फिर किसी और नाम पर मुहर लगेगी? यह सारी चीजें भाजपाइयों के लिए अजीबोगरीब मरहले में इस बार लग रही हैं। ऐसा भी नहीं है कि पहले सब कुछ साफ-सुथरा और कार्यकर्ताओं के द्वारा ही चुनाव प्रक्रिया के जरिए चुनाव हुआ करता रहा है, लेकिन धड़े बंदी की वजह से बंटे हुए कार्यकर्ता इस बार के चुनाव को लेकर अलग तरह की अटकलें के बीच में घिरे हुए हैं।

### सोमवार को होगा जिला भाजपा अध्यक्ष का ऐलान

जिला भाजपा के अध्यक्ष देशराज शर्मा ने बताया कि पार्टी ऑफिस में रविवार को 2 बजे बैठक रखी गई है जिसमें पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर की मौजूदगी रहेगी नॉमिनेशन की प्रक्रिया 2 बजे ही शुरू होगी और अगले रोज यानी सोमवार को बाईपास रोड पर स्थित बसंत रिजॉर्ट में जिला भाजपा के तमाम प्रमुख लोगों को बुलाया गया है।

# विधायक लखनपाल ने नवाजे मेधावी विद्यार्थी

**एसके ठाकुर, बड़सर**

हिम हैरिटेज पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन पूरे जोश और उत्साह के साथ किया। समारोह के मुख्य अतिथि बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखना होगा पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद व अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह न केवल उनके व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज के लिए भी लाभकारी है।



बच्चों संग नाटी डालते हुए विधायक लखनपाल।

बच्चों ने नृत्य, नाटक और गीत प्रस्तुत किए, जिनमें भारतीय संस्कृति और आधुनिक समाज का संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव शर्मा, जिला परिषद सदस्य राजेश मांगा, संजीव कुमार, कल्होण पंचायत समिति सदस्य राकेश कुमार, कुल्हेड़ा पंचायत उपप्रधान इंद्रजीत, मक्कड़ पंचायत उपप्रधान देशराज, करेर पंचायत उपप्रधान राजेश कुमार, पूर्व जिला परिषद अध्यक्षा सरला शर्मा, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष निर्मला देवी, सलौनी बाजार के प्रतिष्ठित व्यापारी व समाजसेवी संजय चौहान, पूर्व उपप्रधान करेर पंचायत पवन कुमार, भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, राजेश शर्मा, राजकुमार, प्रदीप गर्ग, और सुबोध ठाकुर प्रमुख रूप से शामिल थे।

समारोह के दौरान, मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सफलता के लिए स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को सभी अतिथियों द्वारा बधाई दी गई। (अनंत ज्ञान)

### सत्ती पीएम से पूछें कि आपदा के दौरान प्रदेश को राहत पैकेज क्यों नहीं दिया : प्रेम कौशल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा नेता सतपाल सत्ती द्वारा सांसद और कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी को लेकर दिए वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि सतपाल सत्ती को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पूछना चाहिए कि आपदा के दौरान प्रदेश में हुए लगभग 10,000 करोड़ रुपए के नुकसान की भरपाई के लिए उन्होंने प्रदेश को राहत पैकेज क्यों नहीं दिया और साथ ही जयराम ठाकुर से भी सवाल करें कि डबल इंजन सरकारों का ढिंढोरा पीटने वालों के शासन काल में हिमाचल प्रदेश को आर्थिक दिवालियेपन की स्थिति में क्यों पहुंचाया। कौशल ने कहा कि सत्ती अपने नेताओं से यह भी पूछें कि कर्मचारियों की पेंशन का 9000 करोड़ रुपए केंद्र सरकार राज्य को क्यों नहीं दे रही, साथ ही बीबीएन के पास जो हिमाचल का लगभग 4000 करोड़ रूपए का एरियर बकाया है, उसे प्रदेश को दिलाने में केंद्र मदद क्यों नहीं कर रहा तथा शामन विद्युत प्रोजेक्ट की लीज अवधि समाप्त होने के बावजूद उसे प्रदेश को सौंपने के मुद्दे पर केंद्र खामोश क्यों है।

### अणु कलां में निर्माण पर टीसीपी का नोटिस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के साथ लगते राजस्व मुहाल अणु कलां में अनुमति के बगैर किए जा रहे निर्माण कार्य का कड़ा संज्ञान लेते हुए नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग ने एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया है।

टीसीपी विभाग के मंडलीय कार्यालय हमीरपुर के नियोजन अधिकारी की ओर से जारी इस नोटिस में उक्त व्यक्ति को निर्माण कार्य तुरंत रोकने और 15 दिन के भीतर जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के आदेश जारी किए गए हैं।

# अवैध खनन के खिलाफ फस्टे पंचायत ने भी खोला मोर्चा

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

- पंचायत ने अवैध खनन को लेकर प्रस्ताव पारित कर जिलाधीश हमीरपुर को भेजा

उपमंडल नादौन के प्राचीनतम मंदिर बिल्लकलेश्वर महादेव के पास बह रही व्यास नदी में वर्तमान समय में अवैध खनन के खिलाफ पंचायत बड़ा के बाद अब पंचायत फस्टे के प्रतिनिधियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। फस्टे पंचायत के प्रतिनिधियों ने प्रस्ताव पारित करके इसे जिलाधीश हमीरपुर को भेजा दिया है और आग्रह किया है कि खनन माफिया द्वारा सरेआम इस स्थान पर दिनदिहाड़े बेखौफ बिल्लकलेश्वर के पास बह रही व्यास नदी में अवैध रूप से खनन किया जा रहा है, जबकि खनन विभाग इन खनन माफियों पर शिकंजा कसने में नाकाम रहा है।

खनन माफिया द्वारा इस स्थान पर खनन इस तरह से किया जा रहा हैं कि वे व्यास नदी में पानी के वहाब को बदल कर यहां स्थित प्राचीनतम ऐतिहासिक मंदिर से जो पोड़ियां व्यास नदी को जाती हैं, उस ओर किया जा रहा है, जिससे वे पोड़ियां कभी भी क्षतिग्रस्त हो कर गिर सकती हैं और पोड़ियों के क्षतिग्रस्त होने से इस मंदिर के अस्तित्व को भी खतरा हो सकता है ओर ये भी निश्चित है कि यदि इस स्थान पर खनन इसी तरह से जारी रहा तो बह दिन दूर नहीं जब ये ऐतिहासिक मंदिर भी खनन की चपेट में आने से इसका अस्तित्व भी समाप्त हो जाएगा।

**क्या कहते हैं प्रतिनिधि :** ग्राम पंचायत फस्टे के प्रधान तिलक राज ने भी पंचायत में बिल्लकलेश्वर के पास व्यास नदी में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए पंचायत में प्रस्ताव पारित करके इसे जिलाधीश हमीरपुर को भेजने कि पुष्टि कि है। (अनंत ज्ञान)

### रेलवे गेटकीपरों के लिए हमीरपुर में भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती 16 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय रेलवे के अहमदाबाद, भावनगर और राजकोट डिवीजनों में गेटकीपरों के 370 पदों के लिए चैकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 16 जनवरी को सुबह 10 बजे हमीरपुर के सैनिक विश्रामगृह में थल सेना के भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती करेगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस भर्ती में 54 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास भूतपूर्व सैनिक भाग ले सकते हैं। चयनित भूतपूर्व सैनिकों को 35,225 रुपए मासिक वेतन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्हें खाने और रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। भर्ती के इच्छुक भूतपूर्व सैनिक अपने साथ डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, एक्स सर्विसमैन का पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसपी कार्यालय द्वारा जारी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट, बैंक पासबुक या कैंसल्ड चेक, दसवीं कक्षा की अंक तालिका और 10 पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं। उपनिदेशक ने बताया कि उम्मीदवारों की मेडिकल कैटेगरी शेप-1 होनी चाहिए।

## अव्यवस्था — देर रात तक दोपहिया वाहनों का जमावड़ा, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी

# स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में पार्किंग और सुविधाओं की अनदेखी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर बस स्टैंड के साथ लक्ष्मीबाई पार्क में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के भीतर अव्यवस्था और लापरवाही का आलम है। देर रात तक पार्क में दोपहिया वाहनों की आवाजाही और पार्किंग का जमघट लगा रहता है। यहां तक कि लोहे की सीढ़ियों का उपयोग कर बुलेट और मोटरसाइकिल नीचे उतारे जा रहे हैं। इससे पार्क के बुनियादी ढांचे को गंभीर नुकसान पहुंचने का खतरा है।

स्थानीय लोगों और दुकानदारों का कहना है कि पार्क में सुरक्षा व्यवस्था और रोक-टोक का पूरी तरह अभाव है। उनका मानना है कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो शरारती तत्व इस स्थान का दुरुपयोग कर सकते हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती है। लोगों ने जिला प्रशासन से पार्क के दोनों प्रवेश द्वारों पर चेन लगाने की मांग की है ताकि वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जा सके।



नोटिस बोर्ड लगाने के बावजूद भी बेखौफ लग रहे टॉप फ्लोर पर दोपहिया वाहन।

स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के पार्क व छत पर किसी भी प्रकार का वाहन खड़ा करने पर पाबंदी है। इसके लिए बाकायदा नोटिस भी लगाए गए हैं, बाबजूद इसके दोपहिया वाहन चालक नहीं मान रहे हैं तो इनके खिलाफ कारवाई होगी और उन लोगों के चालान भी किए जाएंगे।

**संजीत सिंह, एसडीएम हमीरपुर।**

स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से अपील की है कि पार्क की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, साथ ही स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के बंद पड़े शौचालयों की मरम्मत करवाई जाए ताकि दुकानदारों को राहत मिल सके। यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्थान अव्यवस्था और असुरक्षा का गढ़ बन सकता है। (अनंत ज्ञान)

### दुकानदारों को नहीं मिल रहीं मूलभूत सुविधाएं

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में काम करने वाले दुकानदार शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा के लिए जूझ रहे हैं। यहां फर्स्ट फ्लोर पर बने शौचालय लंबे समय से खराब हालत में बंद पड़े हैं। मजबूरन दुकानदारों को बस स्टैंड या सब्जी मंडी के शौचालयों का सहारा लेना पड़ता है। बारिश या देर रात तक दुकानें खोलने वाले दुकानदारों को इससे काफी परेशानी होती है।

### नो पार्किंग नोटिस का किया जा रहा उल्लंघन

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में कई स्थानों पर 'नो पार्किंग' के नोटिस लगे हुए हैं, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा। बाल स्कूल के पास स्थित कॉम्प्लेक्स का टॉप फ्लोर भी दोपहिया वाहनों के लिए अनाधिकृत पार्किंग स्थल बन चुका है। बिना किसी निगरानी के यहां वाहनों की पार्किंग की जा रही है।

### हमीरपुर, हीरानगर के कई क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली की आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत सब्जी मंडी और ब्वॉयज स्कूल के आसपास विद्युत उपकरणों एवं लाइनों को पुनर्व्यवस्थित करने तथा हीरानगर फीडर के ट्रांसफॉर्मर की आवश्यक मरम्मत के चलते 5 जनवरी को हीरानगर, सर्किट हाउस, डांग क्वाली, सिल्वर बैल्स स्कूल, उपायुक्त कार्यालय परिसर, लोक निर्माण विभाग कॉलोनी, पूल्ड कॉलोनी, गांधी चौक, अपर बाजार, नादौन चौक, बस स्टैंड, पुलिस स्टेशन गांधी गेट, प्रतापनगर, बराड़ बल्ह, अणु कलां, कांटा टिंबर, बाईपास और आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि अगर 5 जनवरी को मौसम खराब रहा तो मरम्मत कार्य 6 जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### सिक्योरिटी गार्ड के साक्षात्कार 10 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों पर भर्ती के लिए 10 जनवरी को सुबह 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 21 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं या बारहवीं पास उम्मीदवार, जिसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। सभी उम्मीदवारों का चयन स्थायी आधार पर किया जाएगा तथा उन्हें 16,500 से लेकर 20,000 रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने इच्छुक उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 10 जनवरी को सुबह 10:30 बजे उप रोजगार कार्यालय सुजानपुर में उपस्थित होने की अपील की है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

# मुख्यमंत्री ने कोटखाई में सब-जज कोर्ट खोलने की घोषणा की

## सरकार ने थ्री टेस्ला एमआरआई मशीनों के लिए जारी किए 85 करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिला के कोटखाई सीएचसी का दर्जा बढ़ाकर नागरिक अस्पताल करने की घोषणा की है। उन्होंने कोटखाई में सब-जज कोर्ट, उप-मंडलीय पशु चिकित्सा अस्पताल, अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी संस्थान प्रगतिनगर में सिविल व मेकेनिकल इंजीनियरिंग कोर्स शुरू करने के साथ-साथ आईटीआई प्रगतिनगर में डिप्लोमा इन कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग तथा सोलर टेक्नीशियन के नए ट्रेड शुरू करने की घोषणा की।

उन्होंने खलटू नाले तथा चमशु नाले पर पुल निर्माण के लिए पांच-पांच करोड़ रुपए तथा टिक्कर बस स्टैंड के लिए तीन करोड़ रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 250 करोड़ रुपए की लागत से छैला-ओच्छघाट-कुमारहट्टी सड़क को डबल लेन किया जाएगा। उन्होंने इस सड़क की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री आज जिला शिमला के कोटखाई में एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

### जुब्बल-कोटखाई में करोड़ों की विकास परियोजनाएं लोकार्पित

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला जिला के जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में 40.84 करोड़ रुपए की लागत की चार विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। उन्होंने गुम्मा में 21.07 करोड़ रुपए की



लागत से निर्मित एचपीएमसी सीए स्टोर, कोटखाई में 14.62 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित मिनी सचिवालय भवन और 60.45 लाख रुपए की लागत से निर्मित टाइप-2 पुलिस क्वार्टर का उद्घाटन किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटखाई में 4.54 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले लेवल-3 ट्रॉमा सेंटर की आधारशिला भी रखी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने गुम्मा एचपीएमसी सीए स्टोर और कोटखाई में मिनी सचिवालय भवन का निरीक्षण भी किया।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष आई आपदा के दौरान राज्य सरकार ने किसी भी बागवान के सेब व अन्य उत्पाद सड़ने नहीं दिए और समय पर मंडी तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान 22 हजार परिवार प्रभावित हुए लेकिन राज्य सरकार ने हौंसले के साथ इसका सामना किया। केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के आपदा प्रभावितों के लिए न तो विशेष पैकेज दिया और आज तक पीडीएनए के 9000 करोड़ रुपए भी जारी नहीं किए। राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से 4500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज दिया। राज्य सरकार ने आपदा के दौरान जुब्बल-कोटखाई की सड़कों को खोलने के लिए 28 करोड़ रुपए प्रदान किए। राज्य सरकार ने आईजीएमसी शिमला, टांडा और नेरचौक मेडिकल कॉलेज में थ्री टेस्ला एमआरआई के लिए 85 करोड़ रुपए जारी किए हैं। राज्य सरकार द्वारा 1500 करोड़ रुपए प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थानों में आधुनिक मशीनें लगाने पर खर्च किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं सही न होने के कारण 9.5 लाख लोग इलाज के लिए प्रदेश से बाहर जाते हैं, जिससे 1350 करोड़ जीडीपी का नुकसान हो रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, महापौर नगर निगम शिमला सुरेंद्र चौहान, ओएसडी रितेश कपरेट व सौरभ चौहान, उपायुक्त अनुपम कश्यप, प्रबंध निदेशक एचपीएमसी सुदेश कुमार मोख्टा, विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# 'दरोगा जी छोरुआं जो समझाई, आगे जांदे सिटी मारदे' गाने पर झूमे दर्शक

## विंटर कार्निवाल : लोक धुनों, लोक गीतों से पर्यटकों का किया मनोरंजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**





विंटर कार्निवाल शिमला में नाटी किंग कुलदीप शर्मा ने धमाल मचाया। पहाड़ी गाना 'दरोगा जी छोरुआं जो समझाई, आगे जांदे सिटी मारदे' गाने पर दर्शक झूम उठे। वहीं नगर निगम शिमला द्वारा भाषा एवम् संस्कृति विभाग शिमला के सौजन्य से मुक्ताकाश मंच और पुलिस रिपोर्टिंग रूम मॉल रोड शिमला में पूजा कला मंच शगीन वाशिवरंजनी सांस्कृतिक दल बलग के कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा मे सुसज्जित मनमोहन झुरी गायन व लोकनृत्य प्रस्तुत किया तथा मधुर स्वर में हिमाचली लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

मान्नेश्वर लोक कला मंच मानना के दल ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित लोक तालों में देव ताल, संस्कार ताल, लोकरंजन तालों की सुमधुर तालो की बेहतरीन प्रस्तुति से पर्यटकों का खूब मनोरंजन किया।

कोटेश्वरी सांस्कृतिक दल नेहरा ठियोग के वाद्य यंत्रों कलाकारों ने अपर शिमला में बजाए जाने वाले लोकतालों की धमाकेदार प्रस्तुति से हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर पर सेवा निवृत प्रशासनिक अधिकारी कश्मीर सिंह चौहान, सेवा निवृत पुलिस अधिकारी बलदेव सिंह,नाट्य निरीक्षक किशोर कुमार, वरिष्ठ लोक गायक किशन वर्मा, शिवम ठाकुर तथा हजारों दर्शक व पर्यटक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्यपाल एवं सीएम ने श्याम लाल शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में कार्यरत पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ. शशि कांत शर्मा के पिता श्याम लाल शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्याम लाल शर्मा जल शक्ति विभाग से एसडीओ के पद से सेवानिवृत हुए और पिछले कुछ दिनों से नेरचौक मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन थे। आज 91 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी श्याम लाल शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है और शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### संदीप शर्मा बने सिस्को संस्था के जिलाध्यक्ष, मोनिका उपाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** सिस्को संस्था की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेश



ठाकुर ने प्रदेश कार्यकारणी की सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें जिला अध्यक्ष संदीप शर्मा को बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष मोनिका ठाकुर, प्रेम पवार, दविंदर तुलियांन, अवंतिका पामटा, महासचिव, रवि लोथटा, अंजना शर्मा, सुनील शर्मा, कुलदीप साजटा, सचिन रमाईक, सिमरन नेगी, सचिव, कृष रपटा, मनजीत चौहान, ऋषभ चौहान, महक शर्मा, सुकृत भिखटा, तमन्ना शर्मा शामिल है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप शर्मा ने जिला अध्यक्ष की कमान मिलने पर खुशी जहीर कर हुए कहा कि सिस्को सिस्को संस्था द्वारा सामाजिक कल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्य को जारी रखेगी।

### सर्राफा कारोबारी से 6 लाख की धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला में सर्राफा व्यापारी पंकज ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। व्यापारी पंकज को आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। मामले में जिला चंबा के चुवाडी के सर्राफा व्यापारी पर धोखाधडी का आरोप है। न्यू बीएचपी ज्वैलर्स के मालिक पंकज चैहान ने मंजीत सिंह उर्फ बब्बू के खिलाफ धोखाधड़ी, गबन और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार, मंजीत सिंह, जो चुवाड़ी जिला चंबा के निवासी हैं, ने सितंबर 2024 में शादी के सीजन के दौरान 6 लाख रुपए के चांदी के गहने उधार लिए थे। उन्होंने वादा किया था कि शादी का सीजन समाप्त होने के बाद वह उक्त राशि का भुगतान करेंगे। पंकज चैहान ने बताया कि मंजीत सिंह उनके पुराने ग्राहक थे, इसलिए उन्होंने उन पर विश्वास कर गहने दे दिए। हालांकि, दो महीने बीत जाने के बाद भी मंजीत सिंह ने कोई भुगतान नहीं किया। जब पंकज चैहान ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, तो पाया कि मंजीत सिंह ने उनके संपर्क नंबर ब्लॉक कर दिए हैं। इसके बाद, जब किसी अन्य व्यक्ति के माध्यम से संपर्क किया गया, तो मंजीत सिंह ने पंकज चैहान और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी और कहा कि वह उन्हें कोई पैसा नहीं देगा। उन्होंने धमकी दी कि अगर चैहान ने चुवाड़ी आने की कोशिश की, तो वह उन्हें सुपारी किलर से मरवा देगा। इस घटना के बाद पंकज चैहान और उनका परिवार सदमे में हैं। उन्होंने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस से मदद की अपील की है। इस मामले धर्मशाला थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लोगों ने रुची नहीं ली : भाजपा

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** गुम्मा में एचपीएमसी सीए स्टोर का निर्माण, विकास भवन कोटखाई का भव्य भवन बनकर तैयार हुआ हो तथा पुलिस क्वाटर भवन का निर्माण हो या फिर कोटखाई में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना करना,ये सभी कार्य पूर्व भाजपा सरकार और दिवंगत नेता स्वर्गीय नरेंद्र बरागटा के अथक प्रयासों से पूर्ण हुए है। जुब्बल भाजपा की अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा और कोटखाई नावर के अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने सयुंक्त बयान में कहा कि जिन योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कोटखाई में किए है, ये सभी योजनाएं पूर्व भाजपा सरकार की देन है। कार्यक्रम में जुब्बल-कोटखाई कांग्रेस के नेता तो सिर्फ झूठी मनगढ़ंत बाते परोसने में लगे रहे, जिससे इन्होंने सिर्फ और सिर्फ यहां की प्रबुद्ध जनता को गुमराह करने का प्रयास किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि जुब्बल कोटखाई की आम जनता ने मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम से दूरी बनाई क्योकि यहां की प्रबुद्ध जनता जानती थी कि जिन विकास कार्यो के उद्घाटन हो रहे है वो सभी पूर्व मंत्री नरेंद्र बरागटा की देन है, जिस कारण मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में लोगो ने रूची नहीं ली। (अनंत ज्ञान)

# आठ जिलों में बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल के 8 जिलों में रविवार और सोमवार को बारिश और बर्फबारी देखने को मिलेंगी। मौसम विभाग की तरफ से दो दिन बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बता दें कि 5 जनवरी को हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा व लाहौल-स्पीति के लिए भारी बारिश-बर्फबारी व अंधड़ चलने का येलो अलर्ट है, जबकि 6 जनवरी को लाहौल-स्पीति, किन्नौर, शिमला, मंडी, कुल्लू, कांगड़ा व चंबा जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।



7 जनवरी को भी कुछ स्थानों पर मौसम खराब बना रह सकता है। 8 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। शिमला में भी आज धूप खिलने के साथ हल्के बादल छाए रहे। अगले 24 घंटों के दौरान राज्य में न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। अगले 2-3 दिनों के दौरान मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है।

वहीं अधिकतम तापमान में 5-6 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 5 जनवरी की दोपहर से लेकर 6 जनवरी की सुबह तक हिमाचल प्रदेश में व्यापक रूप से वर्षा होने की संभावना है। वहीं 5 जनवरी की दोपहर से 7 जनवरी की सुबह तक राज्य के मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बर्फबारी होने की संभावना है, कुछ स्थानों पर भारी बर्फबारी की संभावना है।

5 जनवरी और 6 जनवरी को शिमला शहर, कुफरी, नारकंडा, डलहौजी और मनाली सहित अधिकांश पर्यटन स्थलों के कुछ स्थानों पर भारी बारिश-बर्फबारी की संभावना है। 5 जनवरी और 6 जनवरी को राज्य के निचले पहाड़ी/मैदानी क्षेत्रों और मध्य पहाड़ी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बिजली चमकने के अंधड़ चलने की संभावना है।

### शिमला में शनिवार जनवरी का सर्वाधिक गर्म दिन दर्ज

**शनिवार** को शिमला शहर में जनवरी का अब तक का सर्वाधिक अधिकतम तापमान (23.1 डिग्री सेल्सियस) दर्ज किया गया। पिछला सर्वाधिक अधिकतम तापमान (22 डिग्री सेल्सियस) बीते दिन दर्ज किया गया था। वहीं 4 जनवरी माह का सर्वाधिक अधिकतम तापमान (29 डिग्री सेल्सियस) सोलन में दर्ज किया गया। इससे पहले सर्वाधिक अधिकतम तापमान (27.5 डिग्री सेल्सियस) 26 जनवरी 2007 को दर्ज किया गया था। ऊना में 21.6, नाहन 24.6, सुंदरनगर 26.0, बिलासपुर 25.6, हमीरपुर 27.4, बरठीं 27.5 व जुब्बड़हट्टी में 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# ठियोग में घोटाला दबाने वालों पर क्यों कार्रवाई नहीं कर रही सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि ठियोग में हुए पानी आपूर्ति के घोटाले में सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है। एक साल पहले शुरू हुए घोटाले की सरकार को पहले तो भनक तक नहीं लगी और जब मामले से जुड़े लोगों ने ही पानी की सप्लाई पर सवाल उठाया तो भी सरकार द्वारा कुछ नहीं किया गया। शिकायत आने के बाद महीनों तक मामला एसडीएम के पास पड़ा रहा फिर भी सरकार चुप बैठी रही।

जब विपक्ष के नेताओं द्वारा इस मामले को मुद्दा बनाया गया तब सरकार द्वारा इस मामले की सुध ली गई, जब भाजपा के स्थानीय नेताओं द्वारा मामले में आपराधिक मामला दर्ज करवाने की धमकी दी तो सरकार द्वारा कार्रवाई करने का दिखावा किया गया। आखिर एक साल से सरकार किसे बचा रही थी। जब टैंकर चालक ने नवंबर में ही इस पूरे प्रकरण में घोटाले की बात करते हुए प्रेस कॉन्फ्रैंस की थी तब सरकार और संबंधित अधिकारियों ने इस मामले पर चुप्पी कैसे साधी आखिर इस मामले को दबाने के पीछे लोगों की क्या मंशा थी।

जयराम ठाकुर ने कहा कि सिर्फ कंपनी ब्लैक लिस्ट करने से काम नहीं चलेगा। इस मामले में जितने भी लोग जुड़े हैं सभी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए। इस पूरे प्रकरण में सरकार द्वारा दिखाई गई सुस्ती सरकार के नीयत पर भी सवाल खड़े करती है।

# भराणू उत्सव की कबड्डी और वॉलीबाल स्पर्धा में भाग लेगी 16-16 टीमें

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**



युवा ग्राम विकास खेलकूद एवं सांस्कृतिक सभा शिल्ला-भराणू की बैठक सभा के अध्यक्ष जय लाल हरजेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में भराणू उत्सव-2025 के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 24 जनवरी से 27 जनवरी तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराणू के प्रांगण में शिल्ला-भराणू उत्सव धूमधाम एवं भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

उत्सव के दौरान कबड्डी, वालीबाल, महिला रस्सा-कस्सी और ठोडा प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, जबकि उत्सव के अंतिम दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 24 जनवरी को ठोड़ा प्रतियोगिता होगी, जिसमें केवल 8 टीमें भाग लें सकेगी। 25 और 26 जनवरी को कबड्डी, वालीबाल और महिला रस्सा-कस्सी की प्रतियोगिताएं होगी और 27 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के अतिरिक्त हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय कलाकार विनोद रांटा अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। खेलकूद प्रतियोगिता मे केवल 16 -16 टीमें ही कबड्डी और वॉलीबॉल में भाग ले सकेंगी।

### कांग्रेस राज्यपाल पर आरोप लगाकर अपनी राजनीति चमका रही : बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस के नेता अपनी ओछी राजनीति को चमकाने के लिए महामहिम राज्यपाल के उच्चतम कार्यालय के उपर दोषारोपण करके और उस विशिष्ट स्थान के महत्व को कम करने में जुटे हुए हैं, यह किसी भी तरह से स्वीकार्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की टिप्पणी अति निंदनीय है, आपको राजनीतिक क्षेत्र में अपनी राजनीति चमकानी है उसके लिए महामहिम राज्यपाल का दुरुपयोग मत करें, यह हम बिल्कुल स्पष्ट शब्दों में कहना चाहेंगे यह हिमाचल के हित में कदापि नहीं है।

# कांग्रेस की वर्तमान सरकार सबसे भ्रष्ट एवं झूठी सरकार : बिहारी लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कहा कि कांग्रेस की वर्तमान सरकार सबसे भ्रष्ट एवं झूठी सरकार है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों से भागने वाली कांग्रेस ने अब खुद ही मानना शुरू कर दिया है को प्रदेश में व्यापक भ्रष्टाचार है इसके कई प्रमाण सामने आए है।

शिमला जिले के ठियोग उपमंडल में सामने आए पेयजल आपूर्ति घोटाले के आरोप में जल शक्ति विभाग के दस अफसरों को निलंबित कर दिया है। इनमें से एक अधिकारी की मौत हो चुकी है।



इनका नाम भी निलंबन सूची में रखा गया है। निलंबित अधिकारियों में दो अधिशासी, तीन सहायक, चार कनिष्ठ और एक सेवानिवृत्त कनिष्ठ अभियंता शामिल है। इससे संबंधित सभी ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है।

बिहारी लाल शर्मा ने कहा हिमाचल में आजीविका मिशन में तीन मुलाजिमों ने कंपनी बनाकर खुद ही आउटसोर्स पर भर्ती का ठेका ले लिया। कई जगह नियुक्तियां करने के बाद लाखों की रकम भी ले ली।

मामला सामने आने के बाद तीन मुलाजिमों को बर्खास्त कर दिया गया है। इसके साथ ही दूसरी किस्त के रूप में 40 लाख रुपए के भुगतान पर भी रोक लगा दी है। विभागीय स्तर पर इस कार्रवाई के बाद अब जांच के लिए यह मामला विजिलेंस को सौंप दिया गया है। भाजपा इस मुद्दे को अनेकों बात उठा चुकी है, पर कांग्रेस नेता इस मुद्दे से भागते हुए दिखाई दिए थे।

**हिम-महोत्सव** मंत्री जगत सिंह नेगी ने गौतमी एवं सिद्धार्थ को पुरस्कार किया प्रदान

# सामाजिक उद्यम 'बुरांश' को राज्य का एक्सीलेंस अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम ने शिमला के युवा दंपति सिद्धार्थ लखनपाल और गौतमी श्रीवास्तव के सामाजिक उद्यम 'बुरांश' को डिजिटल नवाचार में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 'हिमाचल हैंडक्राफ्ट एंड हैंडलूम एक्सीलेंस अवॉर्ड' प्रदान किया है।

नई दिल्ली के दिल्ली-हाट में आयोजित हिम-महोत्सव में प्रदेश के बागवानी, राजस्व एवं जनजातीय विभाग के मंत्री जगत सिंह नेगी ने अतिरिक्त मुख्य सचिव आरडी नजीम और निगम की प्रबंध निदेशक गंधर्वा राठौर की उपस्थिति में बुरांश के सह-संस्थापकों, सिद्धार्थ लखनपाल और गौतमी को यह पुरस्कार प्रदान किया।

उन्हें नवाचार की श्रेणी में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त के लिए प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। जगत सिंह नेगी ने कहा कि उच्च शिक्षित युवाओं को नौकरी ढूंढने की बजाय इस युवा दंपति से प्रेरणा लेकर सामाजिक उद्यम



शुरू करने चाहिए। आरडी नजीम और गंधर्वा राठौर ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। सिद्धार्थ और गौतमी ने कहा कि वे हिमाचल की विरासत को डिजिटल टूल्स, क्राफ्ट उत्पादन और स्टोरी टेलिंग के माध्यम से संरक्षित करने एवं बढ़ावा देने के नवाचार में 'बुरांश' को यह महत्वपूर्ण अवॉर्ड देने के लिए प्रदेश के बागवानी, राजस्व एवं जनजातीय विभाग के मंत्री जगत सिंह नेगी एवं हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम के आभारी हैं।

इंग्लैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त गौतमी ने नीति आयोग और सिद्धार्थ लखनपाल ने कॉरपोरेट सेक्टर छोड़ कर 2020 में शिमला में 'बुरांश' की स्थापना की थी। इसका उद्देश्य हिमाचल एवं हिमालय क्षेत्र के अन्य राज्यों के ग्रामीण समुदायों के हाथ से बने उत्पादों की विश्वस्तरीय ब्रैंडिंग और पैकेजिंग कर के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ग्राहकों तक पंहुचाना है।

इसके अलावा वे पहाड़ी क्षेत्रों के कृषि उत्पादक संगठनों, महिला संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को उनके उत्पादों की ब्रांडिंग, पैकेजिंग और डिजिटल मार्केटिंग के माध्यम से बिक्री का प्रशिक्षण भी देते हैं। युवा दंपति बुरांश के उत्पाद अपनी वेबसाइट और अमेजॉन के माध्यम से बेचते हैं।

पिछले दो वर्षों में उन्होंने 250 से ज्यादा किसानों को कम लागत वाली फोटोग्राफी के साथ ही फ्री गूगल टूल्स का इस्तेमाल और इंस्टाग्राम तथा फेसबुक के जरिए ग्राहकों तक पहुंच बनाने का प्रशिक्षण भी दिया है। उन्होंने नाबार्ड, कृषि विभाग, हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम और कृषि सहकारी स्टाफ प्रशिक्षण संस्थान के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए गहन प्रशिक्षण कार्य, म भी आयोजित किए हैं।

# एचआरटीसी के बेड़े में शामिल होंगी 24 नई वोल्वो बसें

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के बेड़े में मार्च माह में 24 नई वोल्वो बसें जुड़ जाएंगी। इनकी खरीद के लिए सरकार ने एचआरटीसी को 36 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं। नई बसें हिमाचल के विभिन्न रूटों से दिल्ली के लिए चलाई जाएंगी। हाईटेक बसों में यात्री आरामदायक सफर का आनंद ले सकेंगे।

आधुनिक सुविधाओं से लैस एक वोल्वो बस की कीमत करीब डेढ़ करोड़ है। एचआरटीसी शिमला, मनाली, धर्मशाला, डलहौजी, बीड़, चंबा, हमीरपुर, रिवालसर और चिंतपूर्णी सहित अन्य रूटों से दिल्ली के लिए वोल्वो चलाता है। सामान्य बसों के मुकाबले वोल्वो की कमाई करीब दोगुना है।

दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने के बाद ग्रैप (ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) पाबंदियां लगाई गई हैं, जिनके तहत बीएस-6 बसों को ही



राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश दिया जा रहा है। निगम की वोल्वो सेवा प्रभावित न हो, इसके लिए नई बसों की खरीद प्रक्रिया शुरू की गई है।

बीएस-6 तकनीक से लैस प्रदूषण रहित नई वोल्वो में हर सीट पर यात्रियों के लिए थाई रेस्ट, फुट रेस्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। लैपटॉप सहित अन्य कीमती सामान चोरी होने की घटनाओं के मद्देनजर सीटों के ऊपर कैरियर में लॉकर की सुविधा होगी। सभी सीटों के साथ यूएसबी मोबाइल चार्जर और पहली दो सीटों पर लैपटॉप चार्जर की सुविधा दी जाएगी।


# भूंडा महायज्ञ

## 39 साल बाद

### रोहडू के दलगांव में हुआ भव्य आयोजन

शिमला जिले के रोहडू उपमंडल के दलगांव में 1985 के बाद भूंडा महायज्ञ का 39 साल बाद आयोजन हुआ। इससे पहले यह महायज्ञ रोहडू के ही बंछूछ में देवता बौंद्रा साहब की मेजबानी में साल 2005 में हुआ था, जिसे दुनिया के कई देशों ने राष्ट्रीय चैनल के माध्यम से लाइव देखा था। वहीं, रोहडू के समरकोट में पुजारली स्थित देवता महेश्वर की मेजबानी में 1995 में भी भूंडा महायज्ञ हुआ था। माना जाता है कि देवता महेश्वर, देवता बौंद्रा और देवता बकरालू रिश्ते में भाई के समान हैं, इसलिए ये तीनों देवता बारी-बारी से भूंडा महायज्ञ करवाते रहते हैं, जो कि कई सदियों से चली आ रही प्रथा भी है। इन तीन भाइयों के अलावा रोहडू क्षेत्र के ही कुलगांव में भी भूंडा महायज्ञ आयोजित किया जाता है, जहां पर स्पैल वैली के देवता बकरालू भूंडा महायज्ञ की रीत को पूरा करते हैं, जबकि देवता बौंद्रा और महेश्वर यहां पर मौजूद नहीं रहते। पेश है रोहडू से हमारे वरिष्ठ संवाददाता दशमी रावत की रिपोर्ट...





## विशेष घास से बनाई जाती है 100 मीटर रस्सी (बरुत)

**विशेष** घास से तैयार रस्सी (बरुत)100 मीटर के करीब लंबी होती है। बेड़ा जाति के एक व्यक्ति, जिसे रामपुर बुशैहर व कुल्लू के कई क्षेत्रों में जैली भी कहा जाता है, उसे देवताओं का आशीर्वाद लेकर विधि-विधान से रस्सी के ऊपर बनी काठी पर बैठाया जाता है और साहस का परिचय देते हुए वह रस्सी पर फिसलकर घाटी को पार करता है। समय के साथ-साथ व सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए इस दूरी को कुछ हद तक कम किया गया है। फिर भी घाटी को पार करना ही भूंडा महायज्ञ का साक्षात प्रमाण है और सार्थक भी है। स्पैल वैली के दलगांव में बेड़ा जाति का परिवार रहता है। इस परिवार के सदस्यों ने भूंड़ा महायज्ञ में बेड़ा की रस्म निभाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों का बंटवारा भी किया हुआ है। इस बार भूंडा महायज्ञ में दलगांव में सूरत राम जैली के रूप में रस्सी पर उतरे। सूरत राम ने बताया कि है वह इस बार नौंवी बार (बेड़ा) जैली बनने जा रहे हैं, जो ऐतिहासिक होगा।



## बज्रेटकोटी के ठाकुर निभाते हैं जैली को बांधने की प्रथा

**रोहडू** के मंडलगढ़ क्षेत्र के बज्रेटकोटी के ठाकुर जैली को बरुत पर फिसलने से पहले काठी के सहारे बांधने की प्रथा निभाते आ रहे हैं। यह प्रथा सदियों से चली हुई है, जिसे ठाकुर लोग ही निभाते आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के अन्य क्षेत्रों व उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में भी भूंडा महायज्ञ के आयोजन के दौरान बेड़ा को बरुत पर काठी के सहारे बांधने की प्रथा ठाकुर ही निभाते आ रहे हैं।



## वर्तमान में उत्तराखंड, मंडी और कुल्लू में नहीं हो रहा महायज्ञ

**उत्तराखंड** के पौड़ी गढ़वाल और हिमाचल के मंडी, शिमला व कुल्लू जिला के कई क्षेत्रों में भूंडा महायज्ञ आयोजित होते रहे हैं। समय के साथ-साथ यह आयोजन अब अधिक महंगा और खर्चीला भी हो गया है। दलगांव में आयोजित हुए इस भूंडा महायज्ञ में 100 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होने का आकलन किया गया है। यह राशि मंदिर कमेटी और 9 गांव के लोगों ने खर्चे की है, जो इस आयोजन की भव्यता और क्षेत्र की समृद्धि को भी दर्शाता है। लेकिन अत्यधिक खर्चा होने के कारण हिमाचल के मंडी, कुल्लू और उत्तराखंड में भूंडा महायज्ञ कई सालों से आयोजित नहीं हो रहा है, जबकि जिला शिमला के रोहडू उपमंडल के चार क्षेत्रों सहित रामपुर बुशैहर में भी भूंडा महायज्ञ का आयोजन हो रहा है।

## उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में 16 बार जैली बने थे बांछू

**उत्तराखंड** के पौड़ी गढ़वाल के क्षेत्रों में भी भूंडा महायज्ञ आयोजित करवाने की परंपरा रही है। प्रदेश विश्वविद्यालय में इतिहास विषय के विभागाध्यक्ष डॉ. बाल कृष्ण वर्मा ने बताया कि पौड़ी गढ़वाल के कई क्षेत्रों में भूंडा महायज्ञ आयोजित होता था। वहां पर बांछू नाम का एक व्यक्ति 16 बार जैली (बेड़ा) बन चुका है। इसके कई लिखित प्रमाण टांकरी भाषा में मौजूद हैं। वर्मा ने बताया कि भारत में कई अंग्रेज अधिकारियों व यात्रियों ने भूंडा महायज्ञ के विषय में बहुत कुछ लिखा है।



## बेड़ा (जैली) का मरना अशुभ

**देवताओं** के आशीर्वाद और लाखों लोगों की दुआ के कारण बेड़ा (जैली) सदैव ही सुरक्षित रहा है। यदि जैली मर गया तो क्षेत्र के लिए यह बहुत ही अशुभ माना जाता है। डॉ. बाल कृष्ण वर्मा ने बताया कि 1856 में कुल्लू के निरमंड में भूंडा महायज्ञ आयोजित हुआ था, लेकिन यहां पर बरुत पर उतरते समय जैली की दर्दनाक मौत हो गई थी। जब जैली रस्सी पर नीचे की ओर फिसलने लगा, तो बरुत के बीच में वह अटक गया। इस दौरान जैली अटकी हुई जगह से घास के झुरमुट निकालने लगा, ताकि वह आगे फिसल सके, लेकिन झुरमुट खोलने के दौरान उसके हाथ की हरकत को लोग रस्सी खींचने का इशारा समझ बैठे और लोंगों ने रस्सी को खींचना शुरू कर दिया। लोगों की इस नासमझी से रस्सी भी टूट गई और यहां पर बेड़े की जान चली गई। इसके बाद अंग्रेजी कमिश्नर लेक कर्नल ने रस्सी के ऊपर किसी व्यक्ति के चढ़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा लिया।



## जब पुतले को बनाया गया जैली

**डॉ.** बालकृष्ण वर्मा ने बताया कि वर्ष 1856 में जब अंग्रेजी शासन ने जैली के रूप में व्यक्ति पर प्रतिबंध लगाया, तो उस दौरान लोगों ने अपने यहां आयोजित होने वाले भूंडा महायज्ञ में जैली के रूप में पुतले का इस्तेमाल किया। लेकिन कुछ साल बाद फिर भूंडा महायज्ञ में जैली के रूप में व्यक्ति का इस्तेमाल होने लगा। उसके बाद जब 1961 में डॉ. यशवंत सिंह परमार तत्कालीन मुख्यमंत्री व सरकोट निवासी पंडित पद्मदेव मंत्री थे, तो उन्होंने जैली के रूप में व्यक्ति के इस्तेमाल पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया। इस दौरान निरमंड व समरकोट में जैली के रूप में फिर से पुतला इस्तेमाल किया गया, जो प्रथा कई साल तक चलती रही।






## न्यूज ब्रीफ

### दरोट के व्यक्ति की पेड़ से गिरकर मौत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत पड़ती पंचायत भाटियां के गांव दरोट के एक अधेड़ व्यक्ति की घर के पास ही पेड़ से गिरने के कारण मौत हो गई। इससे मृतक के गरीब परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक के भाई ज्ञान सिंह व मृतक की पत्नी नरेश ने बताया कि सुरेश कुमार (45) सुबह पशुओं के चारे के लिए घर के पास ही पेड़ पर चढ़ा था कि अचानक नीचे गिर गया। इस कारण उसकी मौत हो गई। उनके दो बच्चे हैं, जोकि अभी पढ़ाई कर रहे हैं। वार्ड सदस्य सोनिका ने बताया मृतक गरीब परिवार से संबंध रखता था। उन्होंने व अन्य लोगों ने सरकार से पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद को गुहार लगाई है।


मृतक की फाइल फोटो

### गर्ल्स स्कूल नगरोटा में हुई एसएमसी की बैठक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नगरोटा बगवां में शनिवार को प्रधानाचार्य निखिल शर्मा की अध्यक्षता में एसएमसी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय में अध्यनरत छात्रों के लगभग 120 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य निखिल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अभी हाल ही में जो द्वितीय स्तर की गृह परीक्षाओं का आयोजन किया गया था और परीक्षाओं का मूल्यांकन करने के पश्चात जो परीक्षा परिणाम आए उनसे अभिभावकों को रू-ब-रू करवाया गया। बैठक में छात्रों को अध्ययन संबंधी समस्याओं को लेकर अभिभावकों के साथ एक परिचर्चा का आयोजन भी किया गया। इस बैठक में प्रधानाचार्य निखिल शर्मा, हिंदी प्रवक्ता बलबीर सिंह, इतिहास प्रवक्ता राजेश भाटा ने अध्ययन सम्बन्धी समस्याओं को लेकर विचार प्रकट किए। बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य तथा विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक वर्ग शामिल रहा।



### रोटरी क्लब ने लोगों को बांटे गर्म कपड़े

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** रोटरी क्लब शाहपुर द्वारा विधानसभा शाहपुर के धारकंडी क्षेत्र के गांव लाम में सर्दी के बचाव हेतु रोटरी क्लब शाहपुर द्वारा गर्म कपड़े, जिनमें कम्बल, स्वेटर, टोपी, गर्म पंजामी, गर्म सूट आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के अध्यक्ष नरेश लगवाल सचिव कर्नल चौहान सहित रोटेरियन प्रदीप बलौरिया, हरबंस पठानिया, राजेश राणा, करतार चंद, तिलक राणा, डॉक्टर बृजेंद्र शील, भूपेंद्र परमार, अश्वनी धीमान, विजय कुमार तथा किशोरी लाल मौजूद थे।



### धंलू ने मेरी गोल्ड स्कूल को 6 रन से दी मात



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां ग्रामीण खेल विकास एकता मैदान नौरा बढ़ाई जसौर में चल रही सुपरहिट लीग-8 के मुकाबले में धंलू (पजपुली) की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेरी गोल्ड पब्लिक स्कूल की टीम को 6 रनों से हराया। धंलू की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 110 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया, जिसे मेरी गोल्ड की टीम पार नहीं कर सकी। धंलू के गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई।

### मकर संक्रांति के लिए मक्खन बनाने का कार्य शुरू

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** मां बज्रेश्वरी नगरकोट धाम कांगड़ा मे मकर संक्रांति पर्व पर घी का मक्खन बनाने के लिए प्रथम चरण में मंदिर के पुजारी भूषण शर्मा ने मंदिर अधिकारी तहसीलदार नीलम राणा, ट्रस्टी पंडित अशोक हिमाचली, उमाकांत शर्मा, सदन शर्मा पूजा-अर्चना करवाई और इस कार्य को आरंभ किया गया। इसका मक्खन बनाया जाएगा, जोकि यह प्रक्रिया आज पूरी कर ली। अब यह 101 बार पानी से निकालकर घी का मक्खन बनाएंगे, जो कि 14 जनवरी को मां की पिंडी के रूप में लगाया जाएगा और उस दिन मां का गुणगान और जागरण भी होगा।



### इस साल 10 विषयों के लिए होगा टेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से इस साल 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का आयोजन किया जाएगा। पहले आठ विषयों के लिए टेट होता था। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से इस साल 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) का आयोजन किया जाएगा। पहले आठ विषयों के लिए टेट होता था। बोर्ड ने अब स्पेशल एजुकेटर के लिए भी टेट लेने का फैसला लिया है। स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षा विनियम के नियम के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग से बोर्ड अध्यक्ष ने वर्ष 2025 में आयोजित की जाने वाली डीएलएड सामान्य प्रवेश परीक्षा व टेट के लिए तिथियां निर्धारित की हैं, ताकि प्रदेश स्तर के अन्य भर्ती एवं प्रवेश परीक्षा लेने वाले विभागों की ओर से निर्धारित परीक्षा तिथियों का बोर्ड की परीक्षाओं के साथ टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। इस संबंध में शनिवार को स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव विशाल शर्मा की ओर से जानकारी दी गई।

### टीबी मुक्त भारत बनाने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शनिवार को राजकीय हाई स्कूल अपर बलभाल, प्राइमरी स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र में टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया गया। छात्र-छात्राओं को इस गंभीर रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई आरबीएस की टीम डॉ. मंगला शर्मा फार्मेसी नीलम शर्मा एएनएम संगीता रानी ने बताया कि टीवी रोग को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सभी लोगों का जागरूक होना जरूरी है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का पूरा प्रयास है कि एक भी टीबी मरीज जानकारी के अभाव में उपचार से वंचित नहीं रहने पाए, इसके लिए लगातार विभाग की तरफ से समय-समय पर एक्टिव केस फाइंडिंग अभियान चलाया जाता रहा है। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने घरों व आसपास में रहने वाले लोगों को टीबी रोग के बारे में बताएं व जागरूक करें।

### टीबी मुक्त भारत जागरूकता कैंप का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जवाली।** खंड चिकित्सा अधिकारी नगरोटा सूरियां डॉ. अमन दुआ के आदेशानुसार टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आईटीआई जवाली में जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रिंसिपल अशोक कुमार ने की। इसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रविंद्र कुमार, एनडी के काउंसलर कृष्ण कुमार, सीएचओ दीपिका शर्मा, आशा कार्यकर्ता पुष्पा देवी और आईटीआई स्टाफ की तरफ से बलकार सिंह, रोबिन चौधरी, पूनम शर्मा, सरिता, हरनाम सिंह इत्यादि ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में आईटी आई के बच्चों को टीबी मुक्त भारत के लिये शपथ दिलाई गई।

### डीएवी कॉलेज के सात दिवसीय शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप का शनिवार को समापन हुआ। शिविर की शुरुआत 29 दिसंबर को हुई थी। इस सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवियों ने विभिन्न क्रियाकलाप किए। इस दौरान महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई । इसके अतिरिक्त गर्ल्स हॉस्टल, बॉयज हॉस्टल, मंदिर गली की भी साफ सफाई की गई। स्वयंसेवियों के लिए विशेष व्याख्यानों का आयोजन भी किया गया। इसमें डॉ. अनुपम शर्मा द्वारा दिया गया स्वच्छता और स्वास्थ्य पर व्याख्यान तथा डॉ. अरुणदीप शर्मा द्वारा दिया गया योग पर व्याख्यान प्रमुख रहा। इस शिविर के समापन के अवसर पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसमें हिमाचली नाटी, हिमाचली गाने इत्यादि शामिल रहे।

# व्यक्तित्व निर्माण करें शिक्षक : पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने रेहलू स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में की शिरकत

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित रखना ही शिक्षण संस्थानों का लक्ष्य नहीं होना चाहिए, अपितु उनके समग्र विकास को केंद्र में रखकर संपूर्ण व्यक्तित्व के निर्माण की दिशा में शिक्षकों को कार्य करना चाहिए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रेहलू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए क्षेत्र के विधायक व उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने ये उद्गार प्रकट किए।



समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यही बच्चे आने वाले समय में विभिन्न क्षेत्रों में जाकर समाज और देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोई स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ेगा तो कोई कृषि, विज्ञान, कला और सेवा, आदि के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय देगा। केवल ने कहा कि देश और समाज को इनकी सेवाओं का लाभ तक होगा जब विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले इन विद्यार्थियों का संपूर्ण व्यक्तित्व प्रभावशाली होगा। उन्होंने कहा कि इसलिए स्कूलों को बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व निर्माण के लिए उनके समग्र विकास पर जोर देना चाहिए।

**अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कार्यरत प्रदेश सरकार ने राज्य के स्कूली छात्रों के समग्र विकास को केंद्र में रखकर ही प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक अत्याधुनिक डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों के माध्यम से सामान्य परिवारों से आने वाले बच्चे भी अब अत्याधुनिक शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भी आगे बढ़ सकेंगे।

इस मौके पर उपमुख्य सचेतक ने रेहलू स्कूल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों तथा अन्य गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने गत रात लेंटल से गिरे नरेश कुमार के लिए भी 10 हजार की मदद दी। उन्होंने इनकी मदद के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया।

### आरएस बाली आज सुनेंगे जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** नगरोटा के विधायक आरएस बाली रविवार को बाद दोपहर 2.30 बजे जल शक्ति विश्राम गृह नगरोटा बगवां में आप का विधायक आप के द्वार कार्यक्रम के तहत लोगों की समस्याओं को सुनेंगे।



### 10 जनवरी से पहले करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** विद्युत उपमंडल अधिकारी कांगड़ा पुलकित दिक्षित ने कहा कि विद्युत उपमंडल नंबर 1 कांगड़ा के अंतर्गत आने वाले घरेलू विद्युत उपभोक्ता, जिन्होंने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करवाई है, वे 10 जनवरी से पहले इसे करवाएं अन्यथा उन्हें बिजली सब्सिडी से वंचित रहना पड़ेगा। यदि कोई व्यक्ति किसी कारणवश ऑफिस नहीं आ सकते है तो वह दिए मोबाइल नंबरों 8894269834, 9882282981, 9882555567 पर संपर्क कर सकते हैं।

### हैप्पी बर्थडे


जंडपुर (बैजनाथ) के शिवाय अवस्थी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### शिव नुआला का भव्य आयोजन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** महादेवा एसोसिएशन ने पालमपुर में शिव नुआला का भव्य आयोजन किया। महादेवा एसोसिएशन पालमपुर स्थानीय कॉलेज के छात्रों द्वारा संचालित ग्रुप है, जो पालमपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में शिव नुआला का आयोजन करता है। ग्रुप के अध्यक्ष मोहित का कहना है कि इसका जो भी खर्च होता है, वह खुद या ग्रामीणों के सहयोग से ही वहन करते हैं। इन्हें कॉलेज या सरकार से किसी प्रकार की मदद नहीं मिलती।

### समय पर जमा करें बिजली का बिल

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता ई. मनीष कुमार संधू ने कहा कि उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि वे जनवरी माह के बिजली के बिलों का भुगतान बिलों पर दर्शाई गई तिथि या इससे पहले कर दें। दर्शाई गई तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे। इस बारे में अलग से नोटिस भी नहीं दिया जाएगा।

# धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी कैंपस का जल्द शुरू होगा काम : सुधीर शर्मा

## विधायक को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने दिया आश्वासन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला में प्रस्तावित सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कैंपस में हो रही देरी को लेकर धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा ने अब दिल्ली का रुख किया है। विधायक सुधीर शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से शिष्टाचार भेंट की और केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला कैंपस के निर्माण में हो रही देरी का विषय उनके समक्ष रखा। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार नार्थ कैंपस के निर्माण के लिए जल्द उचित कदम उठाएगी। प्रेस बयान में सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला के जदरांगल में प्रस्तावित कैंपस के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, अब सिर्फ हिमाचल सरकार की ओर से 30 करोड़ रुपए जमा करवाने की देर है, लेकिन सीएम सुक्खू जानबूझ कर इसे लटका रहे हैं, जिसके चलते धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कैंपस का काम शुरू नहीं हो पा रहा है।



उन्होंने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, इसके लिए कांग्रेस को राजनीतिक द्वेष को छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए क्योंकि बेहतर शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है इसलिए शिक्षण संस्थानों को जल्द से जल्द पूरा करवाया जाना चाहिए, लेकिन प्रदेश सरकार धर्मशाला में प्रस्तावित सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कैंपस के काम को लटकाने का प्रयास कर रही है।

**धर्मशाला को हाशिए पर धकेलने में जुटी प्रदेश सरकार**

**सुधीर** शर्मा ने कहा धर्मशाला को हाशिए पर धकेलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि धर्मशाला में प्रस्तावित यूनिटी मॉल के लिए 66 करोड़ की किस्त आ चुकी है। औपचारिकताएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रदेश सरकार यहां प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए अभी तक अप्रूवल नहीं दे पाई है, जिससे 132 करोड़ का यह प्रोजेक्ट अभी भी अधर में है, जबकि जोरावर स्टेडियम में बनने वाला कन्वेंशन सेंटर भी सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद निर्माण की राह ताक रहा है।

# संजय को खुंडियां, सरोज को ज्वालामुखी भाजपा की कमान



**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

चंगर क्षेत्र के युवा नेता संजय राणा को भाजपा मंडल खुंडियां और ज्वालामुखी भाजपा मंडल की कमान सरोज कुमारी को सौंपी गई है। खुंडियां चुनाव प्रभारी राजकुमार धनोटिया ने संजय राणा की घोषणा की, वहीं ज्वालामुखी भाजपा मंडल अध्यक्ष सरोज कुमारी की घोषणा अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा द्वारा की गई है। ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा मंडल का नेतृत्व इतिहास में पहली बार मातृ शक्ति को सौंपा गया है। ज्वालामुखी के भाजपा प्रत्यासी एवं पूर्व मंत्री रविंद्र रवि व ज्वालामुखी भाजपा मंडल ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को शुभकामनाएं दी हैं। रविंद्र रवि ने बताया कि भाजपा हाईकमान की नई रणनीति के अनुसार ज्वालामुखी के दो मंडल, खुंडियां व ज्वालामुखी का गठन किया गया है। खुंडियां के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय राणा व सरोज कुमारी ने इस नियुक्ति के लिए भाजपा हाईकमान, रविंद्र रवि व मंडल कार्यकताओं का धन्यवाद किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष संजय राणा व सरोज कुमारी ने संयुक्त बयान में कहा कि ज्वालामुखी व खुंडियां मंडल की कार्यकारिणी का जल्द ही गठन किया जाएगा।

### कृषि विवि में तैनात युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कृषि विवि पालमपुर में आउटसोर्स पर तैनात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक रात की ड्यूटी पर था। हालांकि, पुलिस मौके पर गई थी, लेकिन मृतक युवक के पिता ने कोई भी पुलिस कार्रवाई करने से मना कर दिया है। इससे पुलिस में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार कृषि विवि पालमपुर में एक युवक आउटसोर्स पर कार्यरत था। वह रात को अपनी ड्यूटी पर था, लेकिन सुबह वह मृत मिला। इसकी सूचना पुलिस को भी मिली लेकिन मृतक युवक के पिता ने कोई भी पुलिस कार्रवाई करने से मना कर दिया। बताया गया कि उसके स्वास्थ्य कारणों को देख परिजनों ने पुलिस कार्रवाई करने से मना कर दिया। थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि पुलिस मौके पर गई थी लेकिन परिजनों ने कार्रवाई करने से मना कर दिया है।

# डॉ. संदीप ने नवाजे मटौर स्कूल के मेधावी

## स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से लूटी वाहवाही

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मटौर में वार्षिक उत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में एसएमआईआई हॉस्पिटल घुरकड़ी के निदेशक डॉक्टर संदीप महाजन पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉक्टर मनीला महाजन भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मटौर के प्रधान निर्मल सिंह, मटौर कालेज के प्रधानाचार्य विनोद शर्मा, एसएमसी प्रेसिडेंट राजेश आदि मौजू रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने हिमाचली गानों के साथ साथ हरियाणवी, राजस्थानी पंजाबी भांगड़ा व अन्य गानों पर नाटक, गिद्दा, देशभक्ति गीत व चुटकुले आदि से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



वहीं, मुख्यातिथि डॉ. संदीप महाजन ने बच्चों को शिक्षा के महतव के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बच्चों को ज्यादा मोबाइल फोन का उपयोग न करने की अपील की उन्होंने कहा कि आज इसी के उपयोग से बच्चों में ज्यादा बीमारियां देखने को सामने आ रही हैं। उन्होंने बच्चों को संदेश दिया कि वे पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में बढ़ चढ़कर भाग लें। उन्होंने इस स्कूल को अपनी ओर से 21 हजार रुपए भी दिए।

स्कूल के प्रिंसिपल संदीप शर्मा ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। अनं में मुख्यातिथि द्वारा बोर्ड परीक्षा व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

### धर्मशाला में आज बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल-1, रमन भरमौरिया ने बताया कि विद्युत लाइनों की आवश्यक मरम्मत के कारण सिविल लाइन, कॉलेज रोड, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, लोअर डिपो बाजार, चीलगाड़ी, कचहरी अड्डा तथा साथ लगते क्षेत्रों में 5 जनवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अथवा कार्य की समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

### शाहपुर में कुछ दिन लगेंगे शॉर्ट पावर कट

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन निर्माण कार्य के चलते शाहपुर व आसपास क्षेत्र में लगभग एक सप्ताह तक विद्युत आपूर्ति में कुछ-कुछ समय के लिए रुकावट रहेगी। जानकारी देते हुए विद्युत उपमंडल शाहपुर के सहायक अभियंता ई. विक्रम शर्मा ने बताया कि शाहपुर में फोरलेन निर्माण कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति की वायर खंभे, ट्रांसफार्मर आदि दूसरे स्थान पर शिफ्ट किए जाएंगे, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति में में बाधा उत्पन्न होती रहेगी।

### गलत साइन बोर्ड से भ्रमित हो रहे वाहन चालक

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा कछियारी बायपास पर राष्ट्रीय राजमार्ग मुख्य चौक पर चल रहे कार्य से कछियारी से लेकर मटौर चौक तक रोजाना लंबा जाम लगना शुरू हो गया है। इसी चौक पर कार्य के चलते विभाग द्वारा वहां पर जो साइन बोर्ड लगाया गया है, वह बिलकुल गलत दिशाएं दिखा रहा है। जिन लोगों को कांगड़ा, शिमला व पठानकोट जाना है, उन्हें पठानकोट-मटौर की दिशा दिखाई जा रही है। वहीं, जिन्हें मटौर-पठानकोट जाना है, उन्हें पालमपुर-मंडी दर्शाया गया है, जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। इस बाबत जब राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारी संजीव सुरजेवाला से बात की तो उन्होंने कहा कि उनके ध्यान में ऐसी कोई बात नहीं है।




### मारपीट के वक्त इस्तेमाल कार पुलिस के कब्जे में

**अनंत ज्ञान, देहरा।** पुलिस थाना देहरा के तहत वीरवार को ढलियारा में हुई मारपीट के समय इस्तेमाल की गई एक आरोपी की कार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। साथ ही पुलिस ने मारपीट में घायल दोनों व्यक्तियों को मेडिकल जांच के लिए टांडा भी भेज दिया है।

### कलाकारों ने बताई सरकार की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, गरली।** प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सूचना एवं जनसंपर्क के पंजीकृत ग्रुप ओम संस्कृति कलामंच द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर व हार मिंटा में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कलाकीरों ने ग्रामीणों को गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अनुसूचित जाति की लाभकारी योजनाओ के बारे विस्तार से जागरूक किया। कलामंच के चेयरमैन ओम प्रकाश ने बताया कि सरकार द्वारा शिविरों कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। येकार्यक्रम पूरे हिमाचल प्रदेश में चलाए जा रहे हैं।

# वन भूमि पर सड़क बनाने और पेड़ काटने पर ठोंका डेढ़ लाख जुर्माना

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

वन विभाग ने वन परिक्षेत्र बैजनाथ के तहत भट्टू के जंगलों में अवैध तौर पर वन विभाग की भूमि पर जेसीबी चलाने, सड़क बनाने और 20 पेड़ काटने पर गांव के ही एक व्यक्ति पर करीब डेढ़ लाख का जुर्माना लगाया है। वन परिक्षेत्र अधिकारी आदित्य सिंह ने कहा कि उक्त व्यक्ति द्वारा वन विभाग की भूमि को पिछले काफी लंबे समय से नुकसान पहुंचाया जा रहा था, जिसकी सूचना विभाग को मिलने पर विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई अमल में लाई गई है। उक्त व्यक्ति कई दिनों तक वन कर्मियों पर बनाई गई सड़क को मलकियत भूमि में होने का झांसा देता रहा, लेकिन वन विभाग के अधिकारियों ने जब राजस्व विभाग के माध्यम से पैमाइश करवाई तो भूमि वन विभाग की निकली, जिस पर वन विभाग ने उपरोक्त कार्रवाई की है। (अनंत ज्ञान)



# अवैध खनन करने पर 6 टिप्पर और 2 जेसीबी के साथ 4 आरोपी काबू

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पठानकोट के थाना नरोट जैमल सिंह की पुलिस ने अवैध माइनिंग पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 4 लोगों को पकड़ने में सफलता पाई है, जबकि 5 लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने 6 टिप्पर और 2 जेसीबी मशीनें भी जब्त की हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान दलबीर सिंह, हरदीप सिंह, गुलशन कुमार और हरजीत सिंह निवासी सभी नरोट जैमल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस और माइनिंग विभाग की संयुक्त कार्रवाई में कुल 9 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। एसएसपी पठानकोट दलजिंदर सिंह ढिल्लों ने भी इस अवैध माइनिंग पर कार्रवाई संबंधी जानकारी दी है। उनका कहना है कि भग गए आरोपियों को जल्द काबू कर लिया जाएगा और क्षेत्र में अवैध माइनिंग किसी भी तरह से बर्दाशत नहीं की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



# टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत होंगी विभिन्न गतिविधियां : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक शनिवार को धर्मशाला अस्पताल के सभागार में डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला कांगड़ा में चलाए जा रहे सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान आयोजित की जा रही गतिविधियों के बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए जन-जन की भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने सभी विभागों को बेहतर आपसी समन्वय के साथ टीबी उन्मूलन के लिए काम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने इस दौरान सभी को टीबी मुक्त भारत में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। उपायुक्त ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के दौरान जनभागीदारी के अंतर्गत सभी विभागों द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधि, युवा, स्वयं सहायता समूह, आंगनवाड़ी, एनसीसी, एनएसएस, रेड रिबन क्लब और टीबी विजेताओं की ओर से जागरूकता, शपथ, रैली, खुली चर्चा आदि गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने पर मंथन

## नूरपुर के बचत भवन में शांतनु चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

ब्लॉक कांग्रेस नूरपुर की बैठक बचत भवन में संपन्न हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी की सभी इकाइयां उपस्थित रहीं। कांगड़ा-चंबा के जिला प्रभारी शांतनु चौहान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पूर्व विधायक अजय महाजन, पूर्व जिला अध्यक्ष कर्ण पठानिया मालटू, योगेश सुंदरी, विक्रम पठानिया, रोजी जमवाल सुदर्शन शर्मा, बलदेव पप्पी संदेश ड़ड़वाल, सतवीर सिंह शिदु सहित गणमान्य लोग विशेष रूप से मौजूद रहे। शांतनु चैहान ने बताया कि इस तरह की बैठकें सभी विधानसभाओं में हो रही है और उन बैठकों का औचित्य यही है कि संगठन को किस तरह मजबूती दी जाए। उन्होंने बताया कि पार्टी का उद्देश्य नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना है, वहीं पुराने कार्यकर्ता जो कई सालों से पार्टी के साथ जुड़े है उनसे फीडबैक लेना है, जिससे संगठन में आई कमियों को दूर करने का प्रयास रहेगा।



उन्होंने बताया कि जब संगठन मजबूत होगा तभी पार्टी मजबूत होगी। पूर्व विधायक अजय महाजन ने आए हुए अतिथि व कांग्रेस कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और आभार प्रकट किया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### कार से 895.54 ग्राम चूरा-पोस्त बरामद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** थाना बरमाणा पुलिस ने गश्त के दौरान अलसू के पास एक कार से 895.54 ग्राम चूरा-पोस्त बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना बरमाणा पुलिस ने गत शाम को सहायक उपनिरीक्षक संतोष कुमार की अगुवाई में क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। जब पुलिस गश्त करती हुई अलसू पुल के पास पहुंची तो वहां पर नाका लगाकर वाहनों का निरीक्षण शुरू किया। इस दौरान एक कार नंबर एचपी 31सी-4954 आई। पुलिस ने संबंधित कार चालक को रोका। पुलिस को सामने देखक कार चालक घबरा गया। जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ। जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार के डेशबोर्ड से यह चूरा-पोस्त बरामद किया। इलेक्ट्रॉनिक तराजू पर वजन करने पर 895.54 ग्राम निकली। आरोपी की पहचान 50 वर्षीय रमेश कुमार निवासी सलापड़ डाकघर सुधाहण तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना बरमाणा में मामला दर्ज कर लिया है तथा मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना बरमाणा पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### समिति के मुकेश प्रधान और कश्मीर बने उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक।** दी दखयुत सहकारी सभा समिति के चुनाव 17 दिसंबर को चुनाव संपन्न हुई थे, जिनसे 4 जनवरी को प्रधान उपप्रधान के पद के लिए सर्वसम्मति न होने बाद पर्चीया डाली गई, जिनमें मुकेश सोनी व कश्मीर सिंह ने उम्मीदवारी जिताई गई। पर्ची के बाद मुकेश सोनी प्रधान पद के लिए जीत गए ओर कश्मीर सिंह उपप्रधान बनाए गए। दी दखयुत सहकारी सभी समिति समित की नई कमेटी मे अब प्रधान मुकेश सोनी उपप्रधान कश्मीर सिंह मेम्बर अभिषेक गौतम, संतोष कुमार, जैसी राम, रत्न लाल, ज्ञानचंद शामिल हुई है। सचिव अनिल गौतम है। जो दी दखयुत सहकारी सभा समित समिति का कार्यकाल संभालेंगे।

### औहर में 10 को लगेगा विशाल रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मेधावी स्किल यूनिवर्सिटी द्वारा 10 जनवरी को औहर बिलासपुर में एक विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में एफएमसीजी, फार्मा, निर्माण, सुरक्षा सेवाएं, लॉजिस्टिक्स, आईटीईएस, और स्टाफिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों से 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। यह रोजगार मेला औहर टूरिज्म कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में 1000 से अधिक रिक्त पदों पर भर्तियां की जाएंगी। 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर शैक्षिक योग्यता रखने वाले सभी युवा आवेदन के पात्र हैं। रोजगार मेले में कौशल आधारित चयन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी इस मेले में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वे चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। मंत्री धर्माणी ने कहा कि यह रोजगार मेला प्रदेश के युवाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को उनके कौशल के अनुसार रोजगार देकर उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। रोजगार मेला औहर टूरिज्म कॉम्प्लेक्स में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। मंत्री धर्माणी ने प्रदेश के युवाओं से इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उम्मीदवारों को अपने बायोडाटा, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, फोटो और पहचान पत्र के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है। यह मेला युवाओं को उनके कौशल के आधार पर रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। मंत्री राजेश धर्माणी की उपस्थिति और उनके द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण समारोह इस आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे।

### फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 को

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी, 2025 की तारीख के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 46-झंडूता (अ.जा.), 47-घुमारवीं, 48-बिलासपुर तथा 49-श्री नयना देवी जी की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अन्तिम रूप में प्रकाशित की जा रही जिला बिलासपुर की फोटोयुक्त मतदाता सूचियों में कुल 334835 मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें 168259-पुरूष मतदाता, 166570-महिला मतदाता और 06-तृतीय लिंग मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के दौरान कुल 3092 मतदाताओं (2948-नए मतदाता व 144-अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों से स्थानांतरित होकर आने के कारण) के नाम दर्ज किए गए जिनमें 1228-पुरूष मतदाता, 1864-महिला मतदाता शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 1623 अपात्र मतदाताओं (पुरूष मतदाता-649 व महिला मतदाता-974) के नाम फोटोयुक्त मतदाता सूचियों से हटाए गए। उक्त पुनरीक्षण के दौरान जिला के 18-19 आयु वर्ग के 1713 युवाओं को मतदाता सूची में शामिल किया गया । उन्होंने बताया कि अंतिम रूप में प्रकाशित की जाने वाली मतदाता सूची में अपने नामों के दर्ज होने की पुष्टि अवश्य कर लें। उक्त फोटोयुक्त मतदाता सूचियां जिला बिलासपुर के चारो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में स्थापित प्रत्येक मतदान केंद्र पर तथा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एसडीएम) / सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (तहसीलदार / नायब-तहसीलदार) के कार्यालयों में जन साधारण के लिए निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपने नाम दर्ज होने की पुष्टि करें और इसे अद्यतन और त्रुटि रहित बनाने में सहयोग करें।

### लघु नाटिका से दी सावित्री बाई फुले को श्रद्धांजलि



**बिलासपुर।** बैहना जट्टां पंचायत के डोल गांव में देश की प्रथम महिला शिक्षिका और महिलाओं के उत्थान की अग्रणी सावित्री बाई फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कविताओं और लघु नाटिका के माध्यम से सावित्री बाई फुले को श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम में महिला मंडल धड़वाली, बैहना जट्टां, कोठी, दुर्गा सेवा समिति डोल, अनुसूचित जाति युवा विंग, रविदास महासभा बैहना जट्टां, संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सदस्य और पदाधिकारी शामिल हुए। महिला मंडल बैहना जट्टां की प्रधान मीरा देवी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र में हुआ था। क्रांतिकारी पति ज्योतिबा फुले का भी योगदान रहा।

# पुलिस ने दो मामलों में 124 पेटी अवैध शराब की बरामद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

जिला में पुलिस ने अवैध रूप से मंडी जिला को दो जीपों में जा रही शराब की एक बहुत बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब की एक बहुत बड़ी खेप जा रही है। पहले मामले में थाना बरमाणा पुलिस ने गत शाम को चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर सलापड़ पुल के पास उप निरीक्षक रमन चौहान की अगुवाई में नाका लगाया था तथा वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था।

इस दौरान एक जीप नंबर एचपी 24एफ-8011आई। पुलिस ने संबंधित जीप को निरीक्षण के लिए रोका तथा जीप की तलाशी के दौरान जीप से 19 पेटी अंग्रेजी शराब की बरामद की। पुलिस ने जब जीप चालक से इसका परमिट मांगा तो वह कोई कागज नहीं दिखा पाया। जिस पर पुलिस ने जीप चालक 22 वर्षीय देवराज निवासी सीहड़ा डाकघर बिनौला तहसील जिला बिलासपुर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया तथा जीप को कब्जे में ले लिया गया।

वहीं, दूसरे मामले में थाना बरमाणा पुलिस द्वारा उप निरीक्षक दलीप चंद की अगुवाई में चिट्टी गट्टी-बरमाणा के पास नाका लगाया गया था। इस दौरान एक जीप नंबर एचपी 30-9861 को निरीक्षण के लिए रोका। तलाशी के दौरान जीप से 105 पेटी शराब की बरामद की, जिसमें 100 पेटी देसी शराब, दो पेटी अंग्रेजी शराब और 3 पेटी बीयर की शामिल हैं।

पुलिस ने जब जीप चालक से इसका परमिट मांगा तो वह कोई कागज पेश नहीं कर पाया। जिस पर पुलिस ने जीप चालक 26 सुरेश कुमार निवासी कांडी डाकघर चौकी तहसील नीरी जिला मंडी के विरुद्ध मामला दर्ज कर जीप को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि यह शराब मंडी जिला को जा रही थी।



**मंडी जा रही थी अवैध शराब की बड़ी खेप**

पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि थाना बरमाणा पुलिस ने 2 जीपों से 124 पेटी शराब की बरामद की हैं। थाना बरमाणा पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### 10 लीटर कच्ची शराब बरामद

**बिलासपुर।** थाना कोट कहलूर पुलिस ने गश्त के दौरान एक राहगीर से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार थाना कोट कहलूर पुलिस गत दिवस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जब पुलिस मजारी पुल के पास पहुंची तो एक अधेड़ दिखाई दिया। जोकि पुलिस को सामने देखकर घबरा गया। जिससे पुलिस को उस पर शक हुआ। जब पुलिस ने उसके द्वारा उठाई गई प्लास्टिक की कैनी का निरीक्षण किया तो यह कच्ची शराब निकली। आरोपी की पहचान 54 वर्षीय त्रिलोचन सिंह निवासी मजारी तहसील श्री नयना देवी जी जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना कोट कहलूर द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## मलोखर के पास पुलिस को मिली एक नवजात बच्ची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



जिला बिलासपुर में एक बार फिर ममता शर्मसार हुई है। थाना बरमाणा के तहत आने वाले मलोखर के पास पुलिस को एक नवजात बच्ची मिली है। यह बच्ची शिमला-मंडी वाया मलोखर सड़क पर चढ़ाऊ के पास एक कपड़े में लिपटी मिली है। किसी ने इस बच्ची को सड़क की पगडंडी पर रख दिया था। सूचना के बाद खारसी पुलिस मौके पर पहुंची तथा नवजात को अपने कब्जे में लिया तथा लोगों के ब्यान कलमबद्ध किए और बच्ची को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पहुंचाया। जहां पर बच्ची सुरक्षित बताई जा रही है।

डॉक्टरों ने नवजात को 48 घंटे अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में रखा है। बताया जा रहा है कि इस बच्ची को शनिवार सुबह 4 बजे के बाद ही किसी ने इसे वहां रखा होगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मलोखर चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है। वहीं आशा वर्कर और आंगनबाड़ी वर्करों से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं की डिटेल मांगी गई है ।

### बरमाणा में मिले नवजात का नहीं लग पाया पता

**बरमाणा** थाना के तहत गुग्गा-भटेड़ के पास गत 30 सितंबर को एक नवजात घर की सीढ़ियों पर मिला था। इस बच्चे को भी चिकित्सकों की निगरानी में रखने के बाद पुलिस ने महिला एवं बाल कल्याण विभाग के माध्यम से शिशु निकेतन शिमला भेजा था। इस मामले में पुलिस के हाथ खाली हैं।

> चढ़ाऊ में एक नवजात बच्ची मिली है। इसको क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है। पुलिस द्वारा मलोखर में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जल्द ही बच्ची की माता का पता लगा लिया जाएगा। इस संबंध में महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग को सूचना दे दी गई है।
> -मदन धीमान, पुलिस प्रवक्ता एवं डीएसपी बिलासपुर।

## घुमारवीं अस्पताल में जल्द मिलेगी लिफ्ट की सुविधा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश सरकार के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बताया कि घुमारवीं सिविल अस्पताल में जल्द ही लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए सरकार द्वारा 29 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

धर्माणी ने कहा कि घुमारवीं सिविल अस्पताल में इस सुविधा के आने से मरीजों, विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों गर्भवती महिलाओं और दिव्यांगजनों को राहत मिलेगी। लिफ्ट की स्थापना से अस्पताल में आने वाले लोगों की सुविधा में सुधार होगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाना और भी सुगम हो जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। राजेश ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। घुमारवीं सिविल अस्पताल को नई सुविधाओं से लैस करना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## प्रदेश में शास्त्रियों की शीघ्र भर्ती करे सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

संस्कृत एवं संस्कृति संरक्षण संघ हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष आचार्य मदन शांडिल्य ने बताया कि शास्त्री भर्ती कई महीनों से कोर्ट में लटकी पड़ी थी, जिसका फैसला न्यायालय ने शास्त्री हक में सुनाया, जिससे संपूर्ण शास्त्री वर्ग ही नहीं बल्कि संस्कृत महाविद्यालय और संस्कृत प्रेमियों और जो सनातनी है उन सबका भी सम्मान रह गया। जो न्याय संगत नियम नहीं थे और तर्क हीन थे उनसे शास्त्री कर चुके विद्यार्थियों के साथ ही नहीं बल्कि जो महाविद्यालय में संस्कृत की पढ़ाई सुचारू रूप से कर रहे हैं। उन पर भी और महाविद्यालय पर भी इसका असर पढ़ना था, परंतु न्यायालय के द्वारा जो सरकार के द्वारा आनन फानन में शास्त्री वर्ग पर नियम थोपे गए थे। उसको निरस्त कर दिया। उसके लिए न्यायालय ने शास्त्री हित में फैसला सुनाया, कि जो पुराने नियमों से भर्ती हो रही थी, जिसमें शास्त्री उपाधि के लिए शास्त्री पास होना 50 प्रतिशत अंक के साथ और टेट पास होना अनिवार्य था।



न्यायालय ने स्थिति का पूर्ण जायजा लेते हुए शास्त्री हित में फैसला लिया जिससे जो सामान्य शास्त्री हैं। वह भी और जो बीएड धारक शास्त्री हैं। उनको भी इससे फायदा पहुंचेगा। इसलिए हम न्यायालय का तथा संपूर्ण शास्त्री वर्ग के सहयोग का धन्यवाद करते हैं और सरकार से यह गुजारिश करते हैं कि जल्द न्यायालय के फैसले को मध्य नजर रखते हुए और शास्त्री हित में सोचते हुए शास्त्री भर्ती को सुचारु किया जाए , ताकि जिन लोगों की आयु सीमा भी काफी हो चुकी है। वह अपनी सेवाएं दे सके। इससे संपूर्ण शास्त्री वर्ग ही नहीं परंतु जितने भी सनातनी हैं ओर जितने संस्कृत महाविद्यालय हिमाचल प्रदेश में चल रहे हैं, सभी को फायदा होगा और उनकी यह जीत है।

इस निर्णय से जितने भी संस्कृत विद्यालय हिमाचल में चल रहे हैं वह सुचारू रहेंगे और हिमाचल को देवभूमि का दर्जा देने में जो संस्कृत और सनातनियों का मुख्य योगदान है वह भी बरकरार रहेगा।

## एक कार चालक ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर धौलरा के पास एक कार चालक ने एक स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी सवार एक युवक को चोट लगी। थाना सदर पुलिस ने 24 वर्षीय अंकुश हांडा निवासी मकान नंबर- 8बी रौडा सेक्टर बिलासपुर की शिकायत के आधार पर आरोपी कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि वह होटल से खाने की डिलीवरी करने का काम करता है। गत शाम को वह अपने एक दोस्त के साथ एक आर्डर लेने के लिए जा रहा था।



आरोप लगाया कि जब वह धौलरा के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह और उसका दोस्त स्कूटी सहित गिर गए। इससे उसे दाहिनी टांग में चोटें लगी जबकि उसके दोस्त को कोई चोट नहीं लगी। इस टक्कर से स्कूटी को काफी नुकसान पहुंचा। शिकायत में कहा है कि उसे उसकी पहचान के लोग कार में डालकर उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ले गए। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि थाना सदर पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

## कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हर काम को लगा ग्रहण : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर आर्थिकी स्थिति को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। गर्ग छत व संडयार पंचायत में लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित हुए गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बार-बार प्रदेश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बताने के बयान देते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिलकुल विपरीत है।

गर्ग ने सवाल किया कि यदि प्रदेश की आर्थिकी स्थिति इतनी ठीक है, तो ट्रेजरी बंद करने की नौबत क्यों आई। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों को वेतन और पेंशनभोगियों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश की आर्थिकी स्थिति के क्या हालात हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेजरी से केवल 10,000 रुपए की निकासी की अनुमति देना कर्मचारियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ट्रेजरी बंद होने से ठेकेदारों की पेमेंट बंद हो गई है। इससे ठेकेदारों को आर्थिकी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ठेकेदारों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया। इनको पैसे फंसने से मजदूरों की दिहाड़ियों का भुगतान करना मुश्किल हो गया, इससे ठेकेदार ही नहीं, बल्कि इनके साथ जुड़े मजदूरों के परिवार भी प्रभावित हो रहे हैं।



**कांग्रेस सरकार पर आर्थिक स्थिति को लेकर लगाए गंभीर आरोप**

गर्ग ने कहा की कांग्रेस पार्टी हिमाचल प्रदेश में छल कपट की राजनीति कर रही है और अगर सही मायने में बात करें तो यह कांग्रेस की सरकार झूठ की सरकार है, कांग्रेस सरकार झूठ बोलकर सत्ता में आई और अब जनता को पता चल गया है कि किस प्रकार से यह झूठ की सरकार जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है और यह एक अदला-बदली वाली सरकार बनकर रह गई है। गर्ग ने कांग्रेस सरकार पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में प्रशासनिक स्थिति चरमराई हुई है और आम जनता को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हर काम को ग्रहण लग गया है, सड़कों के काम ठप पड़े हैं, बिजली की समस्या से लोग परेशान हैं। इस मौके पर मंडल महामंत्री सरवन सिंह जम्वाल, छत पंचायत प्रधान परमजीत जम्वाल, उपाध्यक्ष नीलम पठानिया, बूथ अध्यक्ष रेनू जम्वाल, बूथ अध्यक्ष मस्त राम आदि मौजूद थे।

## स्टाफ नर्सों की भर्ती से पूर्व रोजगार कार्यालय में नाम करवाएं दर्ज

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** प्रदेश में बैच वाइज 28 स्टाफ नर्सों की भर्ती होनी है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों के लिए पात्रता श्रेणी और बैच के अनुसार निर्धारित की गई है। सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी दिसंबर 2010 तक, सामान्य वर्ग आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) दिसंबर 2012 तक, अनुसूचित जाति जून 2011 तक, अनुसूचित जाति बीपीएल दिसंबर 2016 तक, अनुसूचित जाति वार्ड ऑफ फ्रीडम फाइटर दिसंबर 2017 तक, अन्य पिछड़ा वर्ग दिसंबर 2012 तक, अन्य पिछड़ा वर्ग बीपीएल दिसंबर 2014, अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी दिसंबर 2015 तक पात्र माने जाएंगे।

जिला बिलासपुर से संबंधित जीएनएम और बीएससी नर्सिंग पास अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे भर्ती प्रक्रिया से पूर्व अपना नाम संबंधित जिला रोजगार कार्यालय में अनिवार्य रूप से दर्ज करवाएं।

## क्षय रोग का इलाज संभव घबराने की नहीं जरूरत : अजय

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

स्वास्थ्य विभाग खंड घुमारवीं की ओर से टीबी उन्मूलन अभियान की शुरूआत की गई है, जिसमे प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र डंगार में भी इस अभियान को शुरू किया गया जो 100 दिन चलेगा। 17 मार्च 2024 को यह अभियान समाप्त होगा। इसमें अभियान के तहत क्षय रोग से पीड़ित की स्क्रीनिंग कर उनको उपचार उपलब्ध करवाया जाएगा।




आयुष महिला एवं बाल विकास विभाग पंचायत, सरकारी व गैर सरकारी प्रतिनिधियों की मदद से क्षय रोगियों की पहचान भी की जाएगी। डंगार में इस अभियान की शुरुआत अजय कुमार व रीना कुमारी ने की। उन्होंने इस अभियान के तहत डंगार में शिविर का आयोजन कर बताया की इस अभियान के दौरान जो लोग क्षय रोग से ग्रसित हैं उन मरीजों का समय पर उपचार किया जाएगा। इस

**प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र डंगार में टीवी उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन**

अभियान के तहत स्वास्थ्य कर्मचारी घर-घर जाकर ऐसे लोगों की पहचान करेंगे जिन में क्षय रोग के लक्षण होंगे। ऐसे रोगियों की पहचान करने के बाद उनकी स्क्रीनिंग की जाएगी। उनका बलगम टेस्ट तथा एक्स-रे करवाया जाएगा। अगर रिपोर्ट पॉजीटिव आती है तो फिर उनका पूरी तरह से इलाज करवाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि क्षय रोग का इलाज पूरी तरह से संभव है। किसी को भी इससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों को बिना डरे समय रहते अपनी जांच करवानी चाहिए। उन्होंने सभी लोगों से क्षय रोग उन्मूलन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील भी की ताकि जिला को साल 2025 तक टीबी मुक्त किया जा सके।

**खुलासा** दुर्घटनाग्रस्त जेसीबी का इंश्योरेंस क्लेम न मिलने पर युवक परेशान

# बैंक शाखा पर क्लेम न देने का लगाया आरोप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

एक स्थानीय युवक द्वारा एसबीआई बैंक की घुमारवीं शाखा पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है । युवक ने बैंक शाखा पर उसकी दुर्घटनाग्रस्त जेसीबी मशीन का इंश्योरेंस क्लेम न देने का आरोप लगाते हुए कहा की बैंक द्वारा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है जिसके चलते वह आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर हो जाएगा। उप मंडल में घुमारवीं के गांव तडोंन के धर्मेंद्र कुमार ने शुक्रवार को एसबीआई बैंक की घुमारवीं शाखा के बाहर खड़े होकर पत्रकारों को संबोधित करते हुए बैंक पर कई आरोप लगाए हैं।

युवक का कहना है कि उसने तीन साल पहले एसबीआई घुमारवीं की शाखा से लोन लेकर जेसीबी खरीदी थी। जिसका पहली बार इंश्योरेंस कंपनी द्वारा किया गया था। उसके बाद जब वह लगातार



जानकारी देता हुआ पीड़ित व अन्य।

अपनी किस्त चुकाने बैंक जाता था, तभी दूसरे साल स्थानीय बैंक मैनेजर द्वारा उसे जेसीबी का इंश्योरेंस एसबीआई से करवाने की सलाह दी। जिसके बाद उन्होंने बाकायदा एक एजेंट को बुलाकर उसकी बात करवाई। एसबीआई एजेंट द्वारा उसे बैंक बुलाकर फार्म भरवा कर 30 हजार रुपए इंश्योरेंस का प्रीमियम भी लिया गया। जिसे वह लगातार 3 साल से भर रहा है, लेकिन पिछले महीने 16 दिसंबर को भगेड़ के पास काम करते हुए उसकी जेसीबी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसका करीब 8 लाख रुपए का नुकसान हुआ । धर्मेंद्र ने बताया कि जेसीबी के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसने एसबीआई बैंक की शाखा घुमारवीं से एजेंट को बुलाया। एजेंट ने दुर्घटनाग्रस्त मशीन का निरीक्षण किया और उसके बाद क्लेम फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाए और आश्वासन दिया और दुर्घटनाग्रस्त जेसीबी को मंडी एजेंसी में ले जाकर काम करवाने को कहा तथा बताया कि उसे पूरा क्लेम दिया दिया जाएगा। धर्मेंद्र ने आरोप लगाया कि अब एसबीआई द्वारा इंश्योरेंस क्लेम देने से इनकार किया जा रहा है, लेकिन उधर पिछले 20 दिनों से उसकी जेसीबी मशीन मंडी स्थित एजेंसी में खड़ी है तथा एजेंसी द्वारा उससे 3 हजार रुपए प्रतिदिन का किराया मांगा जा रहा है, लेकिन इधर बैंक इंश्योरेंस क्लेम देने से इनकार कर रहा है। धर्मेंद्र ने कहा कि जब बैंक द्वारा उसकी नहीं सुनी गई तो उसके बाद वह स्थानीय पुलिस स्टेशन में बैंक के खिलाफ शिकायत देने पहुंचा तो पुलिस थाना घुमारवीं के अधिकारियों द्वारा उसे रोजनामचा लिखकर कोर्ट जाने की सलाह दे डाली तथा कोई भी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

वहीं एसबीआई बैंक घुमारवीं शाखा के ब्रांच मैनेजर से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने बात करने से साफ इनकार कर दिया। उनका कहना था कि वह कोई भी स्टेटमेंट देने के लिए अधिकृत नहीं है। उन्होंने अपने किसी भी सीनियर का नंबर तक देने से भी इंकार कर दिया।

## बरठीं स्कूल पहुंचे टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ

**बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरठीं में टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के सीईओ और एमडी डा. रणधीर ठाकुर अपने पूरे परिवार के साथ स्कूल पहुंचे। उनके साथ अनके दो बेटे उनकी पत्नी और एक लड़की थी। रणधीर अपने बच्चों और पत्नी को इस स्कूल को दिखाने के लिए आए थे। रणधीर ठाकुर ने कहा कि बरठीं स्कूल से मैंने हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी की थी और उस समय मैं बरठीं का टॉपर स्टूडेंट था और मेरे पिता खूब सिंह ठाकुर ने यहां पर प्रधानाचार्य के पद पर सेवाएं दी थीं। आपको बता दें कि रणधीर ठाकुर हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सरकाघाट उपमंडल के सधोट निवासी हैं जो इलेक्ट्रॉनिक्स आईफोन निर्माण एवं घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी के सीईओ हैं।

उन्होंने कनाडा के सस्केचेवान विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री और ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी की है।

## बेसहारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाने के लिए विधायक त्रिलोक जम्वाल आए आगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलापसुर**

बिलासपुर शहर समेत सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण इलाकों में लोगों को बेसहारा मवेशियों की समस्या से निजात दिलाने के लिए विधायक त्रिलोक जम्वाल आगे आए हैं। किसानों की फसलें उजाड़ने के साथ ही लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रहे ऐसे मवेशियों को गौसदनों अथवा अन्य सुरक्षित स्थानों पर भेजने के लिए उन्होंने विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना से डेढ़ लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने उपायुक्त से यह राशि पशु पालन विभाग के उप निदेशक बिलासपुर कार्यालय को जारी करने का आग्रह किया है। अपने इस कदम से विधायक ने परोक्ष रूप से प्रदेश सरकार को इस मामले में उसकी नाकामी का अहसास करवाया है।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि प्रदेश के अन्य जिलों के साथ ही बिलासपुर शहर समेत पूरे सदर विधानसभा क्षेत्र में बेसहारा मवेशियों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। पेट भरने के लिए बेसहारा मवेशी किसानों की फसलें उजाड़कर उनकी मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। इसकी वजह से बड़ी संख्या में किसानों को खेतीबाड़ी छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है, कुछ मवेशी हिंसक भी हो गए हैं। ऐसे मवेशियों के हमले में कई लोग घायल हो चुके हैं। कुछ को जान भी गंवानी पड़ चुकी है। इसके अलावा सड़कों पर घूमते बेसहारा मवेशी हादसों का कारण भी बन रहे हैं। लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। कई बेजुबान मवेशी भी वाहनों की चपेट में आकर दम तोड़ देते हैं ।

**समस्या से निजात दिलाने के लिए डेढ़ लाख रुपए किए हैं मंजूर**

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि बेसहारा मवेशियों के लिए विभिन्न स्थानों पर गौसदन बनाए गए हैं। उन्हें चलाने के लिए सरकार द्वारा कई माध्यमों से पैसा एकत्रित किया जाता है। सरकार के स्तर पर कई अन्य कदम उठाने के दावे भी किए जाते हैं। इसके बावजूद शहर समेत ग्रामीण इलाकों में बेजुबान बेसहारा मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

**मवेशियों की वजह से हो रही समस्या से किसानों को मिलेगी राहत**

किसानों व अन्य लोगों को इन मवेशियों की वजह से हो रही समस्या से निजात दिलाने के लिए उन्होंने अपनी निधि (विधायक क्षेत्रीय विकास निधि योजना) से डेढ़ लाख रुपए मंजूर किए हैं। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया है कि उक्त राशि उप निदेशक पशु पालन विभाग बिलासपुर कार्यालय को जारी की जाए, ताकि बेसहारा मवेशियों की वजह से हो रही समस्या से किसानों व अन्य लोगों को राहत मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### बाथरी में 56 यूनिट रक्त किया एकत्रित




**मुकेश कुमार, डलहौजी।** प्रेरणा द इंस्पिरेशन संस्था चंबा द्वारा शनिवार को सीएचसी बाथरी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस आयोजन में स्थानीय लोगों तथा बाहर से आए हुए दानवीरों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इस आयोजन की शुरुआत सुबह करीब 9 बजे की गई तभी से दानी सज्जनों का तांता लगनाा शुरू हो गया। दोपहर करीब 3 बजे तक 56 यूनिट्स इकट्ठा की गईं। इस आयोजन में सीएमओ चंबा विपिन ठाकुर ने विशेष रूप से शिरकत की तथा इस कार्य का समापन किया। उन्होंने इस आयोजन को लेकर प्रेरणादा इंस्पिरेशन संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया को शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन करवाने हेतु उन्हें प्रेरित किया। आप बता दें कि गणतंत्र के दिवस के उपलक्ष पर प्रेरणा इंस्पिरेशन संस्था जिला मुख्यालय के आसपास के क्षेत्र में एक और रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा। इस संस्था के अध्यक्ष दीपक भाटिया ने समस्त जिलावासियों से अपील की है कि वे ऐसे रक्तदान शिवरों में अपनी हिस्सेदारी जरूर दर्ज करवाएं, क्योंकि ऐसे आयोजन, कहीं न कहीं जरूरतमंद लोगों की जान बचाने में मील का पत्थर साबित होते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 8 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में बैंक से संबंधित, श्रम विवाद, बिजली तथा पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, चैक बाउंस, पूर्व मुकदमेबाजी, लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति मुकदमे से पहले संबंधित व्यक्ति या विभाग से समझौता करने का इच्छुक है, वह संबंधित कोर्ट में आवेदन कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए कोई भी व्यक्ति विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दूरभाष नंबर 01892-222370, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति धर्मशाला दूरभाष नंबर 01892-222018, उपमंडलीय सेवा समिति कांगड़ा दूरभाष नंबर 01892264808, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति देहरा दूरभाष नंबर 01970-233599, उपमंडलीय सेवा समिति पालमपुर 01894-231614, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति नुरपुर दूरभाष नंबर 0193-220770, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति बैजनाथ दूरभाष नंबर 01894-262477, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति ज्वाली दूरभाष नंबर 01893-264307, उपमंडलीय विधिक सेवा समिति इंदौरा दूरभाष नंबर 01893-241210 पर संपर्क कर सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति अपनी समस्याओं को ऑन लाइन भेजना चाहता है तो वह राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण न्यू दिल्ली की वेबसाइट पर आवेदन कर सकता है या हेल्पलाइन के नंबर 15100 पर कॉल कर सकता है।

### धरेडं और जंडपुर में जागरूक किए लोग

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** सूचना एव लोक संपर्क विभाग (भागसु कला मंच) धर्मशाला के कलाकारों ने शनिवार को पंचायत धरेडं और जंडपुर में जागरूकता कार्यक्रम किए। इन कार्यक्रमों में कलाकारों द्वारा लोगों को वर्तमान सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और एससी के लिए चलाई गई सभी योजनाओं के बारे अवगत करवाया गया। कलाकारों ने गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।



# चुवाड़ी में जल्द बनेगा खेल स्टेडियम : पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष ने हिमालयन स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**






विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शनिवार को हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि भाग लिया। उन्होंने शिक्षा एवं विभिन्न बहुआयामी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। पठानिया ने अपने संबोधन में कहा कि चुवाड़ी इलाके में निजी क्षेत्र के इस संस्थान ने शिक्षा के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विद्यालय की अर्जित उपलब्धियां पर हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न बहु आयामी गतिविधियों में भी हिस्सा लेने के लिए बच्चों को प्रेरित करने के सकारात्मक परिणाम निकले हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में प्रतिस्पर्धा के महत्व को भी रेखांकित किया। सिमारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा।

पठानिया ने बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र को विशेष अधिमान दिया गया है। सरकारी विद्यालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा सुनिश्चित बनाई जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल के सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 31000 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में जारी विकास कार्यों का अपने संबोधन में जिक्र करते हुए कहा कि चुवाड़ी में मिनी खेल स्टेडियम के निर्माण को लेकर विभागीय प्रक्रियाओं को पूरा कर अगले दो माह के भीतर निर्माण कार्य को शुरू किया जाएगा, ताकि युवाओं को विभिन्न खेलों की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा सरकारी भूमि को स्कूल के खेल मैदान के लिए लीज पर लेने के आग्रह को विभागीय प्रक्रियाओं का पूरा होने के पश्चात आवश्यक कदम उठाने का भी आश्वासन दिया। पठानिया ने विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर अपनी प्राथमिकताओं को दोहराते हुए चुवाड़ी-चंबा टनल निर्माण का भी जिक्र किया। (अनंत ज्ञान)

## जमीन के नक्शों के लिए नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** चंबा में अब लोगों को अपनी जमीन के नक्शों के लिए राजस्व विभाग के कार्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। प्रदेश सरकार की ओर से भूमि नक्शों तक आम जनता की पहुंच प्रदान करने के लिए प्रथम नियमित भू-व्यवस्था के दौरान तैयार मुसाबियों को डिजिटलाइज्ड करवाया है। जिला राजस्व अधिकारी चंबा जगदीश चंद ने बताया कि इसके तहत वर्ष 2010 से लेकर अब तक जिला चंबा की समस्त भूमि मानचित्रों (मुसाबियों) को डिजिटलाइज्ड करवाया जा चुका है। पहले की व्यवस्था में लोगों को भूमि मानचित्र प्राप्त करने के लिए राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यालयों में संपर्क करना पड़ता था। इसके बाद निश्चित समयावधि उपरांत वांछित मानचित्र उपलब्ध करवाए जा सकते थे। वर्तमान में सरकार द्वारा आम लोगों की सुविधा हेतु भू-नक्शा पोर्टल तैयार किया है, जोकि सरकार का आधिकारिक पोर्टल है। भू-नक्शा पोर्टल के माध्यम से भू-स्वामी अपनी भूमि के मानचित्र डाउनलोड और प्रिंट करने में भी सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि उक्त नवीनतम संस्करण पर कार्य करने के लिए पटवारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा करना अनिवार्य है। निदेशालय भू-अभिलेख हिमाचल प्रदेश के निर्देशानुसार भू-नक्शा संस्करण-5 बारे जिला चंबा की समस्त तहसील/ उपतहसीलों से दो-दो पटवारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर निकाली झांकी, किया शबद-कीर्तन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**





चंबा के ऐतिहासिक गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा से गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव पर एक झांकी निकाली गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में सिख धर्म से जुड़े लोगों के साथ अन्य धर्म के लोगों ने इस अपनी हाजिरी दर्ज करवाई।

आपको बता दें कि गुरु अर्जुन देव गुरुद्वारा और गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा से रोजाना दर्जनों लोग ब्रह्म मूहर्त सुबह चार बजे पिछले एक महीने से प्रभात फेरी लगाते थे। चंबा के मुख्य बाजार में शनिवार सायं गुरु गोबिंद सिंह की झांकी निकाली गई, जिसमें गुरु के अनुयायियों ने शबद-कीर्तन करते हुए गुरु की पालकी की प्रक्रिमा पूरे चंबा शहर में की। बैंड बाजों के साथ निकली गई इस शोभा यात्रा में गुरु की बाणी लोगों के बीच मुख्य आकर्षण का केंद्र बनी रही, जिसमें हर कोई गुरु गोबिंद को नमन करते हुए प्रसाद भी ग्रहण कर रहा था। इस मौके पर गुरु गोबिंद सिंह जी के अनुयायियों ने गुरुजी के पवित्र प्रकाशोत्सव पर कहा कि आज अपने देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव की धूम है। इन लोगों ने गुरु के साहिबजादों के बलिदान पर भी प्रकाश डाला।

# चंबा बाजार में कब्जाधारियों पर कार्रवाई

## जिला प्रशासन और चंबा नगरपालिका ने जब्त किया सामान, चालान भी काटे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



चंबा के मुख्य बाजार में अवैध कब्जाधारी जिला प्रशासन और नगरपालिका को ठेंगा दिखाते हुए बीच सड़क पर अपना व्यापार चला रहे हैं। सड़कों पर अवैध तौर से अपना वर्चस्व फैलाए ये लोग सड़क में तो क्या अग्निशमन विभाग की गाड़ियों के आगे पीछे भी अपनी दुकानदारी धड़ल्ले से करते हुए देखे जा सकते हैं। इसको देखते हुए शनिवार को जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती और नगरपालिका के सचिव अपने काफिले के साथ चंबा के यहां पहुंचे। उन्होंने अवैध कब्जा करने वालों का सामान ही जब्त नहीं किया, बल्कि कई दुकानदारों के चालान भी काटे।

बता दें कि चंबा के मुख्य चौक से लेकर पोस्ट ऑफिस, दिल्ली गेट, फायर ब्रिगेड के कार्यालय से लेकर बस अड्डे तक जहां पर भी नजर दौड़ाई जाए, हर जगह अवैध कब्जाधारियों का ही बोलबाला है। इन लोगों ने सड़क पर ही अपनी दुकानदारी को ऐसे सजाकर रखा हुआ है कि आम चलने वाले राहगीरों तक को पैदल चलने में भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। आज जिला प्रशासन और नगरपालिका की संयुक्त रेड ने अवैध कब्जाधारियों पर ऐसी नकेल कसी, जिसके चलते यह सभी लोग इन लोगों को देखते ही भागने लगे।

इस मौके पर जिला प्रशासन की ओर से पहुंचे एसडीएम चंबा ने पत्रकारों को बताया कि चंबा शहर की मार्केट के अंदर दुकानदारों ने काफी इंक्रोचमेंट कर रखा था और आज यह एक तरह की वार्निंग थी। हालांकि हम लोगों ने कुछ दुकानदारों के चालान भी किए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। एसडीएम ने जिला व्यापार मंडल व अन्य लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे भी प्रशासन का सहयोग करें, ताकि अवैध कब्जा करने वालों पर नकेल कसी जा सके।

पत्रकारों द्वारा सवाल पूछने पर उन्होंने कहा कि हमने उन व्यापारी लोगों को भी ठीक से चेता दिया है कि आगे से अगर उनकी दुकानों के आगे अवैध तौर से रखा हुआ सामान मिलता है तो उसको लेकर दुकानदारों पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीमद् भागवत कथा में भक्तों को किया भाव-विभोर

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



कथावाचक डॉ. अमन शर्मा व मौजूद श्रद्धालु।

श्रीमद्भागवत पुराण कथा के तीसरे दिन स्थानीय क्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करसोग से आए प्रसिद्ध कथावाचक डॉ. अमन शर्मा के सानिध्य में भव्य रूप से चल रहा है। कथा का आयोजन स्वर्गीय हरि सिंह ठाकुर की स्मृति में किया गया, जिसमें उनकी धर्मपत्नी रेशमा देवी और उनके परिवारजनों ने संयोजन की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कथा के तीसरे दिन डॉ. अमन शर्मा ने भागवत महापुराण के दशम स्कंध में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे श्रीकृष्ण ने अपने बाल सखा और गोकुल वासियों के साथ अद्भुत लीलाएं कीं। पूतना वध, शकटासुर मोक्ष, और वृंदावन में गोपियों के साथ रासलीला के प्रसंग ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। डॉ. अमन शर्मा ने बताया कि श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं हैं, बल्कि वे जीवन में धर्म, सच्चाई और प्रेम के महत्व को सिखाने वाली शिक्षाएं हैं।

कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पंडाल में भक्ति का वातावरण बना रहा। आयोजन समिति में रेशमा देवी, उनके तीन पुत्र राजकुमार, भूपेंद्र, और सुभाष तथा दो पुत्रियां रजनी और मीना ने श्रद्धालुओं का सत्कार किया। कथा में जोगिंद्रनगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। कथा के समापन पर हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संयोजकों ने सभी भक्तजनों से कथा में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# कांग्रेस को मजबूत करने के लिए ली कार्यकर्ताओं की राय

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक सेंटर आफ एक्सीलेंस सिद्धपुर में आज संपन्न हुई, जिसमें जिला मंडी के पर्यवेक्षक मुजफ्फर गुर्जर विशेष रूप से उपस्थित हुए।

काबिलेजिक्र है कि गत दिनों कांग्रेस पार्टी हाईकमान ने हिमाचल प्रदेश की कार्यकारिणी को भंग किया गया था। इसके बारे में हिमाचल में हर जगह संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं की राय ली जा रही है। धर्मपुर कांग्रेस की बैठक भी हुई, जिसमें पूर्व अध्यक्ष प्रकाश चंद बबी, गंगाराम, दूनी चंद, राजमल नेगी, राकेश कुमार, संजय कुमार, दिनेश कुमार इत्यादि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव सामने रखें और पंचायत स्तर से लेकर ब्लॉक अध्यक्ष तक के पदों पर जूझारू कार्यकर्ताओं को आगे लाने का आह्वान किया।



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता।

# युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए रोटरी क्लब तत्पर

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



बैठक में चर्चा करते हुए पदाधिकारी।

युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए रोटरी क्लब अब एक नई दिशा में कदम बढ़ा रहा है। बीते दस वर्षों से जोगिंद्रनगर में सक्रिय रोटरी क्लब ने अब अपने ई-लर्निंग प्रोजेक्ट के तहत कैरियर काउंसलिंग को शामिल करने का निर्णय लिया है। क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल और सचिव अमर सिंह पठानिया ने शनिवार को आयोजित बैठक में इस योजना की जानकारी दी। क्लब ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रदेश और देश के शिक्षाविदों और प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया है। यह विशेषज्ञ छात्रों को उनकी क्षमता के अनुसार करियर के सही विकल्प चुनने और उनके कौशल को निखारने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। जोगिंद्रनगर उपमंडल के गुम्मा, घटासनी, चौंतड़ा, लडभड़ोल और जोगिंद्रनगर के मुख्य सरकारी स्कूलों में यह कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे।

रोटरी क्लब ने ई-लर्निंग स्मार्ट प्रोजेक्ट के तहत सरकारी स्कूलों में अत्याधुनिक सुविधाएं स्थापित की हैं। यह प्रोजेक्ट शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। बैठक में मार्च माह में अमृतसर में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय बैठक की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान 2025-26 सत्र के नवनियुक्त अध्यक्ष और सचिव के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में रोटेरियन अजय ठाकुर, मेजर ज्ञान चंद बरवाल, रणजीत चौहान, पीसी महंत और विनोद राठौर ने क्लब के पुराने प्रोजेक्टों की जानकारी दी और नए प्रोजेक्टों को धरातल पर उतारने का भरोसा जताया।

### सूडोकु 0037 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0036 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

5 जनवरी, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :** 1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** षष्ठी (8:17): **नक्षत्र** पुर्वाभाद्रपद (08:18), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** व्यतीपात (07:31) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:05-12:47), **राहुकाल** (04:20 -05:38)।

### विशेष दिन

- 05 जनवरी 2025 : अनुरूपा षष्ठी आज।
- 05 जनवरी 2025 : स्कन्द षष्ठी आज।

**मेष:** आमदनी बढने के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में लाभ होगा। पत्नी का सहयोग मिलेगा। किसी से तभी दोस्ती करें जब पूरी जानकारी कर लें ।

**वृषभ:** किसी की गोपनीय बातें जान गए हो तो वे बातें किसी को भी न बताएं। आज भौतिक सुखों का विस्तार होगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन:** आज बुरी आदतें छोड़ने के लिए भी बढ़िया समय है। भागीदारी से लाभ होगा। माता को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी रहेगा।

**कर्क:** आज जीवनसाथी के बीच वाद-विवाद हो सकता है। सड़क पर बेकाबू गाड़ी न चलाएँ। अध्ययन में रुचि रहेगी। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**सिंह:** आज का दिन आप के लिए पूर्ण रूप से शुभ फलदायी होगा। व्यवसाय करनेवालों के लिए दिन अनुकूल रहेगा। नई योजनाएँ आकर्षक होंगी।

**कन्या :** परिजनों के साथ समय आनंदपूर्वक बिताएंगे। चौकसी के गुण किसी भी कार्य को बेहतर रूप से संपन्न करवाने में सहायक होंगे।

**तुला:** करियर पर विशेष ध्यान दें। आज आपको जीवनसाथी के प्यार का तोहफा नसीब होगा। आलस्य की अधिकता रहेगी। भवन सुख में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** आपकी जिंदगी में काफी खुशियां लेकर आएगा। आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**धनु :** आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। तरोताजा होने के लिए अच्छी तरह से आराम करें। आत्मसंयम रहें। पिता से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**मकर :** धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। विदेश गमन के लिए परिस्थिति अनुकूल होगी। अपने परिवार की भावनाओं को समझकर अपने गुस्से पर काबू रखें।

**कुंभ :** परिश्रम की अधिकता रहेगी। कुछ पुराने मित्रों से संपर्क बन सकते हैं। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे।

**मीन :** आज आपके तेवर कुछ ज्यादा ही सख्त हो सकते हैं। मानसिक शांति रहेगी। शारीरिक व मानसिक रूप से स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहने की संभावना है।

# प्रकाश उत्सव पर शहर में निकाला नगर कीर्तन

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**




श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 358वें प्रकाश उत्सव पर शहर में सिख समुदाय द्वारा भव्य नगर कीर्तन के रूप में शोभायात्रा निकाली गई।

यह नगर कीर्तन पड्डल स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु गोबिंद सिंह से प्रारंभ होकर पुराने सुकेती पुल से होते हुए मंगवाईं पहुंचा। वहां से सुकोढी पुल पर जाकर, गांधी चौक होते हुए विक्टोरिया ब्रिज, पुरानी मंडी व भ्यूली से होते हुए ऐतिहासिक गुरुद्वारा में संपन्न हुआ। यह आयोजन सोमवार तक चलेंगे। उधर गुरुद्वारा में प्रात: काल से ही श्री अखंड पाठ साहिब चल रहा है। रविवार को अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप और ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन सारा दिन चलेगा। साथ ही संगतों को कीर्तन द्वारा रागी जत्था भाई करम सिंह (किट्टू) नौशहरा साहब निहाल करेंगे। इसके साथ ही गुरु का लंगर अटूट भी जारी रहेगा।

# पानी के टैंक में मिला लड़की का शव

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

ध्वाल पंचायत के सेऊं गांव निवासी एक 14 वर्षीय लड़की का रहस्यमयी परिस्थितियों में घर के निकट सिंचाई के लिए बनाए टैंक में शव बरामद हुआ है। वह शुक्रवार रात से घर से लापता थी, जिसके परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता न चल पाया था।

शनिवार दोपहर सिंचाई टैंक के पास जब उसकी चप्पल देखी गई, तो जांच करने पर शव पानी में पाया गया। ग्रामीणों से जानकारी मिलने के बाद सलापड़ पुलिस चौकी का दल मौका पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर उसका नागरिक अस्पताल सुंदरनगर के शवगृह में पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार शैलजा (14) पुत्री फिंदर राम निवासी गांव सेऊं जो दसवीं कक्षा में पढ़ती थी, शुक्रवार शाम तक घर पर देखी गई।

इसके बाद खाना खाने के समय उसे बुलाने गए, तो वह घर पर कही नहीं मिली। शैलजा की रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई मौत से गांव में भी शोक की लहर है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया पुलिस थाना सुंदरनगर इस मामले में जांच कर रहा है।(अनंत ज्ञान)

# नाबालिग के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

बीएसएल थाना क्षेत्र में तहत स्कूल से लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ दो युवकों द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करने और उसका रास्ता रोक कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना से घबराई नाबालिक स्कूल जाने से भी मना कर रही है।

बीएसएल थाना में पुलिस ने पीड़ित की मां की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बीएसएल थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में नाबालिग पीड़िता की मां ने कहा है कि वीरवार 2 जनवरी को जब उसकी बेटी स्कूल से लौट रही थी तो सुनील कुमार नामक युवक ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर उसे गंदे गंदे कमेंट किए। जब बेटी ने घर के लिए बस ली तो सुनील कुमार ने अपने दोस्त के साथ मिलकर बाइक पर उसका पीछा किया और बस से उतरते ही रास्ता रोक जान से मारने की धमकी दी। मां का कहना है कि आरोपी इससे पहले भी बेटी को फोन पर मैसेज करता रहता था, जिसकी शिकायत उसने 18 जून 2023 को थाना में कराई थी। युवक द्वारा उसे बार-बार परेशान करने से वह घबरा गई है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता व पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

# जवाहर पार्क में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



एसडीएम आफिस में बैठक करते हुए अधिकारी व कर्मचारी।

सुंदरनगर के जवाहर पार्क में 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ उपमंडल स्तरीय 76वां गणतंत्र दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी 26 जनवरी प्रात: 11 बजे जवाहर पार्क सुंदरनगर में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सुंदरनगर ने उपमंडल के सभी विभागाध्यक्षों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारियां सौंपी तथा तैयारियों को समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गणतंत्र के इस उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान एसडीएम सुंदरनगर पुलिस, पूर्व सैनिक, एनसीसी, एनएसएस इत्यादि दलों के आकर्षक मार्च पास्ट की सलामी लेने के बाद सुंदरनगर वासियों को अपना संदेश देंगे। समारोह में विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों तथा विशेष व्यक्तियों, जिन्होंने उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर देश का नाम रोशन किया है, को भी सम्मानित किया जाएगा।

### होगी पेंटिग प्रतियोगिता

**एसडीएम** ने कहा कि इस वर्ष 26 जनवरी के उपलक्ष्य पर 15 वर्ष व इससे अधिक आयु के प्रतिभागियों की पेंटिंग प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। यह प्रतियोगिता 15 वर्ष व इससे अधिक आयु के दो वर्गों में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी अपने संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य या उपमंडलाधिकारी सुंदरनगर कार्यालय में सूचित कर सकते हैं।

**प्रेम** और करुणा से भरा हृदय आंतरिक शक्ति, खुशी, मानसिक शांति और इच्छाशक्ति का मुख्य स्रोत है। -दलाई लामा

## संपादकीय

# हिमाचल में चिट्टे का चलन

हिमाचल में चिट्टे का चलन गंभीर समस्या बन गई है। चिट्टा राज्य की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है। हैरत इस बात की है कि अब कानून के रक्षक भी चिट्टे के धंधे में पड़ गए हैं, ऐसे में इस ज्वलंत मसले का समाधान करने में काफी वक्त लग सकता है। जब कानून के रखवाले ही अपनी वर्दी को दागदार करने लग जाएं तो जाहिर है कि चिट्टा माफिया और ज्यादा मजबूत होगा। चिट्टा माफिया पैसे के दम पर कानून को अपनी जेब में रखेगा और इस लोगों की जिंदगी बर्बाद करने से कोई नहीं रोक पाएगा। पिछले दो सालों में जारी चिट्टे का प्रचलन अब आम हो गया है और यह प्रदेश के हर गांव में कोने-कोने तक पहुंच गया है।

चिट्टा माफिया ने अपना नेटवर्क इस कदर सुदृढ़ कर लिया है कि उसे सप्लाई करने में कोई दिक्कत पेश नहीं होती। चिट्टे की सप्लाई पुलिस के संरक्षण में निर्बाध रूप से हो रही है। बिलासपुर जिले में एक पुलिस जवान से 6.64 ग्राम चिट्टा मिलना कई सवालों को जन्म दे गया है। जन-जन में यह चर्चा अब आम हो गई है कि पुलिस वाले भी चिट्टे के धंधे में शामिल हैं। हालांकि, ऐसा कुछ नहीं है लेकिन लोगों के मुंह बोलने से थोड़े पकड़े जा सकते हैं। चंद बेईमान पुलिस कर्मियों की वजह से पूरा पुलिस विभाग बदनाम हो रहा है, जबकि अगर पुलिस का खौफ चिट्टा माफिया में न हो तो वह तो आज तक सरेआम चिट्टे की दुकानें खोलकर बैठ जाता। दरअसल, यह हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की साजिश है। यह नशा वहीं से चलकर पंजाब से होता हुआ हिमाचल तक पहुंच रहा है। चिट्टे ने पहले पंजाब को डसा, फिर हरियाणा को और अब हिमाचल की बारी है। हिमाचल में यह नशा इस कदर घुस गया है कि अब इससे यहां से निकालना असंभव सा प्रतीत हो रहा है। हिमाचल में चिट्टे का चलन कई कारणों से हुआ है। यहां नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता सबसे बड़ा कारण है।

हिमाचल प्रदेश में प्रतिबंधित नशीली दवाओं का सेवन करने वालों की वजह से लोग अब चिट्टे का सेवन करने के लिए प्रेरित होते हैं। नशीली दवाओं को अलग-अलग लोग के नशे करना पसंद रहता है, इसलिए वह प्रतिबंधित दवाइयों को छोड़कर अब चिट्टे की ओर मुड़ गए हैं। दूसरा, प्रदेश में आर्थिक समस्याएं एक अन्य कारण है, जिससे लोग चिट्टे का सेवन करने के लिए प्रेरित होते हैं। यह तो सबको मालूम है कि चिट्टे का नशा सोने से भी महंगा है, इसलिए इस नशे को करने वाले ज्यादातर लोग धनाढ्य घरों से हैं। उनके पास पैसा बहुत है और वह आराम से इसके खर्चे को वहन कर रहे हैं, लेकिन अफसोस इस बात है कि अमीर घरों के बच्चे संगत पाने के लिए गरीब घरों के युवाओं को भी इस धंधे में धकेल रहे हैं। पहले तो वह बिना किसी बखेड़ा मुफ्त में नशा करवा देते होंगे, लेकिन यह ऐसा नशा है कि जब एक बार किसी को इसकी लत लग जाती है तो छोड़े से भी नहीं छोड़ी जाती और यही सबसे बड़ी दुविधा है कि गरीब बच्चे भी चिट्टे के नशे में पड़ रहे हैं। जब उन्हें चिट्टे की उपलब्धता नहीं होती है तो वे गलत तरीकों से इस नशे को पाना चाहते हैं तथा चोरियों को अंजाम देने लग जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में सामाजिक दबाव एक प्रमुख कारण है, जिससे लोग चिट्टे का सेवन करने के लिए प्रेरित होते हैं।

प्रदेश में चिट्टे के चलन के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, इनमें से प्रमुख है स्वास्थ्य। चिट्टे का सेवन करने से श्वसन, हृदय और मानसिक स्वास्थ्य जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। अगर एक बार कोई व्यक्ति इन बीमारियों की चपेट में आ जाता है तो उसका उपचार करना कठिन हो जाता है, क्योंकि डॉक्टर उपचार के लिए सबसे पहले चिट्टे का सेवन न करने की सलाह देते हैं और आदी लोग चिट्टे को छोड़ नहीं पाते हैं। इस वजह से उनका उपचार भी महज एक औपचारिकता ही बन जाता है, ऐसी परिस्थितियों में कई बार चिट्टे के आदी लोगों की मृत्यु भी हो जाती है। चिट्टा का सेवन करने से पारिवारिक, आर्थिक और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं भी उत्पन्न हो जाती हैं। चिट्टे का सेवन करने वाला व्यक्ति खुद ही समाज से एक तरह से कटा कटा सा रहता है। हिमाचल प्रदेश में चिट्टे के चलन को रोकने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं, जिनमें से प्रमुख हैं प्रतिबंधित दवाओं की रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाना। प्रदेश में चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए भी सरकार कदम उठा रही है। चिकित्सा केंद्रों की स्थापना की जा रही है तथा सेवाओं को मजबूत बनाया जा रहा है। सामाजिक जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया का उपयोग करना श्रेयस्कर रहेगा। आओ, हम सब मिलकर चिट्टे के खिलाफ अलख जगाएं। ■

# विश्व की आधी आबादी कब तक अपमानित होती रहेगी

आधी आबादी कब तक उपेक्षित और अपमानित होती रहेगी, यह सवाल विश्व के हर देश में उठता है। बहस होती है, कानून बनता है परंतु अमल नहीं होता है। विश्व का सबसे पुराना लोकतंत्र अमेरिका को कहते हैं परंतु दो सौ साल के उसके लोकतंत्र में आज भी कोई महिला राष्ट्रपति का चुनाव नहीं जीत पा रही है, तो कैसे कहा जा सकता है कि विकसित देश की मानसिकता विकासशील देशों से अलग है, सोच अलग-अलग हैं। उनके यहां महिलाओं को बहुत आजादी है। यह तो अमेरिकी समाज में देखने को नहीं मिला। इस बार के चुनाव में वहां भी पैसे से चुनाव प्रभावित होता है, यह साबित हो गया।

आधी आबादी विश्व में आज भी बहुत अच्छे स्तर पर नहीं है। आधी आबादी के साथ बढ़ते बलात्कार, तलाक पर पूरा विश्व मौन रहता है। कानून अंधा बनकर फैसला पुरुष के हक में देता है। महिलाओं को आज भी अपनी अस्मिता बचाने के लिए पुरुष वर्ग पर ही निर्भर रहना पड़ता है। विज्ञान के इस युग में भी आज महिलाओं को अपने साथ हो रहे बलात्कार-छेड़छाड़ के लिए सबूत देना होता है। अपने ऊपर हो रहे अत्याचार के विरोध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने लिए दर-दर भटकना होता है। यह पुरुषवादी वाली मानसिकता ही है, जो महिलाओं के हक की कुछ बात नहीं करता है । बस कागज में ही महिलाएं सशक्त हैं। सबसे ज्यादा आज महिलाओं के विरुद्ध अपराध कार्यस्थल पर हो रहा है। वह निजीकरण का क्षेत्र हो या फिर सरकारी, शोषण मानसिक और शारीरिक रूप से हो रहा है। कुछ महिलाएं इस शोषण के विरोध में मुखर होती हैं तो समाज ही महिला को दोषी मानने लगता है। कुछ चुप रहकर हर तरह के शोषण को बर्दाश्त करती हैं, उसके पीछे कारण कई होते हैं। वह परिवार को चलाने की मजबूरी में चुप रहती है तो कुछ बदनामी के कारण।


लेखक : डॉ. अशोक चौबे
स्वतंत्र लेखक

विश्व में बड़े पैमाने पर महिलाएं कार्य कर रही हैं परंतु लैगिंग भेदभाव का शिकार होती हैं। निजी क्षेत्रों में महिलाएं शीर्ष स्तर पर नहीं हैं, आज भी तकनीकी राजनिति शिक्षण के क्षेत्रों में कार्य तो करती है परंतु लैगिंग भेदभाव को सहन कर रही हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आज भी पुरुषों से नौकरी मे पीछे हैं। हालांकि पिछले वर्षों में उनकी हिस्सेदारी दोगुनी हुई है। शहरी कामकाजी महिलाओं में से 52.1 प्रतिशत नौकरी पेशा हैं, 34.7 प्रतिशत स्वरोजगार तथा 13.1 प्रतिशत



अस्थाई श्रमिक हैं। नीजि क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए कई तरह से पहल की जा रही है, लेकिन महिलाओं की भागीदारी अभी भी कम है। राजनिति में वरिष्ठ नेताओं में पांच में से एक महिला है और यूरोप में पच्चीस श्वेत में एक अश्वेत हैं। यहां भी आधी आबादी को सही रूप से राजनीति में भागीदारी नहीं मिल रही है।

भारत में 2005 से 2022 तक कार्यस्थल में महिलाओं की भागीदारी 43 प्रतिशत से घट कर 34 प्रतिशत हो गई है। महिलाओं को आज भी अंशकालिक कार्य मिलता है। यदि विश्व को वास्तव में समृद्ध सशक्त बनाना है तो महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाने की जरूरत है। वह क्षेत्र श्रम का, शिक्षा, व्यापार, न्याय राजनीति या उद्योग का हो। आज भी आधी आबादी उच्च शिक्षा में पीछे है, वैसे महिलाएं अब उच्च शिक्षा में पुरुष वर्ग के लिए चुनौती बन रही हैं।

भले ही श्रम बाजार में महिलाएं भाग ले रही हैं परंतु नीजि और परिवार की देखभाल की जिम्मेदारी का बोझ आज भी आधी आबादी पर ही है। अवैतनिक कार्य जैसे बच्चों की बूढ़े परिवारिक सदस्यों की देखभाल का कार्य अभी भी उनकी पीठ पर है। महिलाओं के काम के घंटों में वृद्धि में देखा जाता है कि महिलाओं और पुरुषों के बीच घरेलूऔर देख भाल के कामकाज का सही और संतुलित बंटवारा नहीं होता है।

विश्व व भारत में महिलाएं आज अच्छी तरह से योग्य बन रही हैं। यूरोप ही नहीं भारत के विश्वविद्यालयों में भी पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं ज्यादा स्नातक बन रही हैं। हालांकि घरेलू जिम्मेदारियों के कारण कई महिलाएं अपनी नौकरी चुनने में ज्यादा स्वतंत्रता महसूस नहीं करती हैं, उन्हें आज के इस वैज्ञानिक युग में पुरुषों की अपेक्षा नौकरी के समान अवसर नहीं मिलते हैं। इसी कारण से महिलाएं अंशकालिक नौकरियों में अधिक संभावना तलाशती हैं। आधी आबादी को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए काम सबसे अच्छा तरीका है। आज जरूरत है कि श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। लैगिंग रोजगर मे अंतर के कारण आर्थिक नुक्सान प्रतिवर्ष 370 विलियन डालर का हो रहा है। यदि विश्व में लैंगिक समानता में सुधार हो जाए तो 2030 तक सकल घरेलू उत्पाद में 3.15 ट्रिलियन डालर की वृद्धि हो सकती है। यदि वास्तव में आधी आबादी को विकास में साझीदार बनना है तो सबसे पहले श्रम बाजार में पुरुषों और महिलाओं दोनों को समान रूप से शामिल होने के लिए देखभाल की जिम्मेदारी को समान रूप से साझा किया जाना चाहिए।

भारत में जब चुनाव आता है तो आधी आबादी की बात करते हैं परंतु वास्तव में कोई राजनीतिक दल आज तक संसद का टिकट आधी आबादी को उनकी संख्या के आधार पर नहीं देता है। वर्तमान लोकसभा में 542 संसदों में मात्र 74 महिलाएं ही सांसद चुनकर आई हैं। यह भी कितनी विडंबना है किबात करेंगे आधी आबादी की, पर सहभागिता नहीं होगी। विधायकों की बात की जाए तो भारत में कुल 4033 विधायक हैं राज्यों के, विधानसभा में महिला विधायकों में सबसे कम एक प्रतिशत हिमाचल में हैं तो सबसे अधिक 18 प्रतिशत छत्तीसगढ़ में हैं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि आज भी भारत में आधी आबादी को बराबरी का हक किसी जगह नहीं मिल रहा है, पर भाषणों सेमिनारों में बात महिलाओं की होती है, फिर वहीं पर बात समाप्त हो जाती है। पुरुष मानसिकता आज भी आधी आबादी को सही हिस्सेदारी नहीं दे रहा है। पंचायत चुनाव में जीत कर आती हैं, पर पर्दे के पीछे पुरुष ही पंचायत का काम करता है और चलन यह नया बना कि गाड़ी पर नेम प्लेट पत्नी प्रधान की जगह प्रधान पति ही लिखा रहता है। यदि महिलाओं को बराबरी का हक नहीं है तो फिर क्यों आधी आबादी का राग अलापते हैं, क्यों महिलाओं से धोखा हो रहा है। आधी आबादी अभी भी कम शिक्षित है और शिक्षित होने के बाद भी दहेज, बलात्कार और कार्य स्थल पर यौन उत्पीड़न का शिकार हो रही है।

बलात्कारी को दस साल तक सजा नहीं होती है, जमानत पर छूट जाता है, फिर और उत्पीड़न करता है। जनसंख्या के अनुसार भारत में लगभग सत्तर करोड़ महिलाओं की आबादी है परंतु नौकरी में मात्र सैत्तीस प्रतिशत ही हैं, ऐसे में कह सकते हैं कि आधी आबादी को रोजगार में पूर्ण रूप से हिस्सेदारी नहीं है। कमोवेश यही हाल न्यायालयों में जज का भी है। बहुत कम महिलाएं जज हैं जबकि होना यह चाहिए बलात्कार का हर मुकदमा केवल महिला जज के पास हो और एक माह में फैसला हो परंतु भारत में यह कभी सम्भव नहीं होता दिखता है कि आधी आबादी को सही में न्याय हर तरह से मिलेगा और विकास में बराबर का हकदार होगी।यदि वास्तव में विश्व का हर देश विकास चाहता है तो हर क्षेत्र में आधी आबादी को आधा हिस्सा जरूर दे नही तो विकास में हमेशा पीछे ही रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# डिजिटल अरेस्ट : साइबर क्राइम का एक नया रूप

21 वीं सदी के भारत में डिजिटल विकास काफी तेजी के साथ हो रहा है। इसको लेकर राजीव गांधी से लेकर मोदी सरकार तक अपनी पीठ थपथपाती रहती है। समय के साथ डिजिटल भारत की तस्वीर भी बदल रही है। लोगों की सोच और लाइफ स्टाइल दोनों चेंज हो गए हैं। आज के युग में मोबाइल या लैपटॉप पर मात्र अंगुलियों को घुमाकर सब कुछ हासिल किया जा सकता है। तमाम तरह की सुविधाएं जुटाई जा सकती हैं।


लेखक : अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

सबसे खास बात यह है कि डिजिटल दुनिया का फायदा समाज के पढ़े-लिखे तबके के साथ-साथ कम पढ़े लिखे और यहां तक की अशिक्षित लोग भी बखूबी उठा रहे हैं, लेकिन डिजिटल विकास अपने साथ तमाम खूबियां लेकर आया है तो कुछ खामियां भी इसके साथ आ गई हैं। डिजिटल विकास की वजह से सोशल मीडिया प्लेटफार्म भी मजबूत हुआ है, जो पूरी तरह से स्वतंत्र है, बिना किसी प्रतिबंध के चलता है।

इससे भी खास यह है कि इसकी कोई सीमा नहीं है। सात समुंदर पार बैठा शख्स भी चाहे-अनचाहे किसी से नजदीकियां बढ़ा सकता है, लेकिन इस शख्स की सोच के बारे में कोई डिवाइस नहीं बता सकती है कि वह किस श्रेणी का इंसान है। यहीं से साइबर क्राइम की शुरुआत होती है, जिसको कई श्रेणी में बांटा जा सकता है। साइबर अपराध या साइबर सुरक्षा खतरा काफी दुर्भावनापूर्ण है, जो डेटा को नुकसान पहुंचाने, डेटा चुराने या



सामान्य रूप से डिजिटल जीवन को बाधित करने का प्रयास करता है। साइबर खतरों में कंप्यूटर वायरस, डेटा उल्लंघन, सेवा से इनकार और अन्य हमले के तरीके शामिल हैं।

साइबर के इसी खतरे का सबसे नया प्रारूप है कथित तौर किसी को डिजिटल अरेस्ट करके उससे ठगी करना। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में तो पिछले तीन दिनों में ही साइबर अपराधियों ने डिजिटल अरेस्ट की दो बड़ी वारदातें कर डालीं। सबसे खास बात इन मामलों में साइबर अपराधियों ने अपने डिजिटल अरेस्ट के शिकार होने वालों को हफ्ते भर तक अरेस्ट रखा और किसी को पता नहीं चला। इससे पहले की घटनाओं पर नजर डाली जाए तो साइबर अपराधियों ने पीजीआई के पुराना कैंपस में रहने वाले डॉक्टर की बुजुर्ग मां को डिजिटल अरेस्ट कर मुंबई क्राइम ब्रांच व सीबीआई अधिकारी बन 18 लाख रुपए ठग लिए।

एक अन्य घटना में एसजीपीआई की डॉ. रूचिका टंडन को डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजों ने वसूले थे 2.81करोड़ तो हजरतगंज के अशोक मार्ग पर रहने वाले डॉक्टर पंकज रस्तोगी की पत्नी दीपा से 2.71 करोड़ रुपए वसूल लिए। साइबर अपराधी किसी को डिजिटल अरेस्ट के झांसे में लेते हैं तो अपने को असली दिखाने के लिए लिए पुलिस थानों और सरकारी कार्यालयों जैसे स्टूडियो का इस्तेमाल करते हैं और असली दिखने के लिए वर्दी पहनते हैं। ऐसे अपराधियों के हाथों देशभर में कई पीड़ितों ने बड़ी रकम गंवाई है।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र जो साइबर अपराध से संबंधित मुद्दों से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है, ने यह भी एक एडवाइजरी जारी की है जिसमें कहा गया है कि सीबीआई पुलिस या ईडी किसी को भी वीडियो कॉल पर गिरफ्तार नहीं करते हैं। साइबर सुरक्षा एक्पर्ट जतिन जैन जैन ने बताया कि ये अपराधी अब इंसानी मन का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। पहले, उनका तरीका पीड़ितों को यह बताना होता था कि उनके पार्सल में ड्रग्स मिले हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा और कानूनी परिणामों के डर से पीड़ित पैसे दे देते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**आने** वाले नए साल के लिए लक्ष्य निर्धारित किए जाने चाहिए। यदि जिंदगी में कोई लक्ष्य न हो तो आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। इस साल हमें अपने संकल्पों से अपने जीवन को और बेहतर बनाना है। नववर्ष में सबसे पहले स्वास्थ्य और फिटनेस के लिए संकल्प लिया जाना चाहिए जैसे कि नियमित व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन खाना और पर्याप्त नींद लेना। यदि व्यक्ति इस तरह की रूटीन रखता है तो निश्चित रूप से वह बहुत कम बीमार पड़ेगा और कभी थकेगा नहीं।

वह हमेशा ऊर्जावान बना रहेगा। यदि शरीर ठीक रहेगा तो उसकी सोचने समझने की क्षमता भी अच्छी रहेगी और वह अपने लक्ष्यों की पूर्ति में अपना सौ प्रतिशत दे सकता है। नववर्ष में सामाजिक जिम्मेदारी के लिए संकल्प भी हमारा कर्तव्य होना चाहिए। **-सचिन, कांगड़ा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# पद्म विभूषण से सम्मानित भारतीय राजनीतिज्ञ

मुरली मनोहर जोशी भारतीय राजनीतिज्ञ हैं, जो भारतीय जनता पार्टी के एक वरिष्ठ नेता हैं। वह 1991 से 1993 तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं। वह राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन सरकार में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री भी नियुक्त किए गए थे। मुरली मनोहर जोशी को 2017 में 'पद्म विभूषण' और दूसरा सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भी मिल चुका है। इन्हें ज्यादातर लोग इनकी हिंदू सामाजिक राजनीति और अभिन्न मानवता की नीतियों और सोच के लिए जानते हैं। मुरली मनोहर जोशी छठी, ग्यारहवीं, बारहवीं, तेरहवीं, पंद्रहवीं और सोलहवीं लोकसभा के सदस्य रह चुके हैं। मुरली मनोहर जोशी का जन्म दिल्ली में हुआ था। उनका पैतृक गांव उत्तराखंड के कुमायूं क्षेत्र में है। 1957 में मुरली मनोहर जोशी ने भारतीय जनसंघ की सदस्यता ग्रहण की। आरएसएस से प्रतिबंध हटाने के लिए सत्याग्रह करने पर 1948 में बंदी बनाए गए। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में आपातकाल में 26 जून, 1975 से 1977 तक 'मीसा' के अंतर्गत बंदी रहे। 1977 में जनसंघ का जनता पार्टी में विलय से पहले प्रदेश सचिव और उपाध्यक्ष रहे। युवा अवस्था से ही मुरली मनोहर जोशी का राजनीति की तरफ झुकाव रहा। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में ही अपने प्राध्यापक प्रो. राजेंद्र सिंह उर्फ रज्जू भैया के मार्गदर्शन में आने के कारण कुछ समय में ही वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए और गोरक्षा सम्बन्धी आंदोलनों में भागेदारी की। ■


मुरली मनोहर जोशी
जन्म : 5 जनवरी, 1934

## कविता

# लख-लख बधाई


राकेश डोगरा

*ले गया वर्ष पुराना संग अपने रुसवाई,*
*नववर्ष पर सबको अपनी लख-लख बधाई।*
*आज से हम सब नई उमंगें दिन में भर लाएं,*
*सदा रहे पाबंद वक्त के ऐसे नियम बनाएं।*
*वक्त से खेलें, वक्त से सोएं, वक्त से करें पढ़ाई,*
*नववर्ष पर सबको अपनी लख-लख बधाई।*
*आदर्श जीवन की सारे मिलकर करें शुरुआत,*
*कटुता से करें किनारा बोलें सबसे मीठी बात।*
*इंसानियत हो नाता सबमें करें न कभी बुराई,*
*नववर्ष पर सबको अपनी लख-लख बधाई।*
*सारे जग को अपना समझें न हो कोई गैर,*
*दीन-दुखी को गले लगाएं मांगें सबकी खैर।*
*सत्य और अहिंसा के लिए लड़ते रहें लड़ाई,*
*नववर्ष पर सबको अपनी लख-लख बधाई।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# वोकेशनल कोर्स प्राप्त विद्यार्थी कभी भी भूखा नहीं मर सकता

अशिक्षित कामगरों के साथ-साथ शिक्षित बेरोजगारों से हमारा भारत देश गंभीर समस्या से जूझ रहा है । दरअसल, शिक्षा का असली उद्देश्य कहीं खो गया लगता है। शिक्षा को रोजगारपरकता होना चाहिए था, इसमें कोई दो राय नहीं कि सभी सरकारें अब शिक्षा को रोजगारन्मुखी बनाने पर पूरा बल लगा रही हैं। आज से कुछेक वर्ष पूर्व नौवीं कक्षा से वोकेशनल कोर्सों की शुरुआत हो चुकी है।

यह बेहद महत्वपूर्ण व सराहनीय कदम विद्यार्थियों के लिए बेहद कारगर सिद्ध हो रहा है। सरकारी नौकरी के पीछे भागने की अपेक्षाकृत प्राइवेट जॉब प्राप्त करने का प्रयास भी बेहतर है। वोकेशनल कोर्स प्राप्त विद्यार्थी कभी भी भूखा नहीं मर सकता। अपनी मातृ भाषा के साथ-साथ अंग्रेजी भाषा का ज्ञाता भी अपना अच्छा गुजारा कर सकता है। कंप्यूटर एक्सपर्ट कहीं भी किसी भी कार्यालय में अपना अच्छा काम करके अच्छा वेतन प्राप्त कर सकता है, पर इन सभी कामों में पूर्ण विश्वास के साथ सिद्धहस्त होना अत्यावश्यक है। थ्योरी के साथ-साथ स्कूलों में वोकेशनल ट्रेनिंग से प्रयोगात्मक प्रयास बेहद कारगर साबित होगा।


लेखक : वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन
ऊना (हिमाचल प्रदेश)

स्कूलों में वोकेशनल ट्रेनिंग लेने वाले अनेक विद्यार्थियों को कंपनियों के माध्यम से जॉब दी जा रही है, फिर भी अधिकांश शिक्षित विद्यार्थी अभी बेरोजगार हैं। मन बहुत दुखी होता है। खैर, विद्यालय स्तर से ही किसी न किसी वोकेशनल कोर्स में शिक्षित होना बच्चों के भविष्य के लिए उपयोगी साबित हो सकता है। अत: इस क्षेत्र से जुड़ जाना श्रेयस्कर ही है। इस पर फीस भी कोई नहीं। हां, कुकरमतों की तरह उग रहे गांव-गांव, नगर-नगर व गलियों में विभिन्न कोर्स करवा रहे तथा कथित शिक्षा संस्थान तो धन बटोरने का केवल मात्र माध्यम ही हैं। इससे तो घर बैठकर सिर्फ




परीक्षा में बैठना एक रस्म मात्र तो ही है। दरअसल, शिक्षा व्यवस्था ही त्रुटिपूर्ण है और नौकरियों में राजसत्ता का हस्तक्षेप भी युवाओं के उज्जवल भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा रहा है।

पुरानी पोस्टें खत्म होने पर लगभग सभी आदारों में नए पदों का सृजन नहीं हो रहा, विशेषत: ऐडड स्कूल जो 95 प्रतिशत सरकारी अनुदान पर चलते हैं, वहां कम वेतन पर अध्यापक काम कर रहे हैं। युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने प्रत्येक राज्य का नैतिक व परम कर्तव्य है। सरकारें खजानों का खाली होने का रोने-धोने की बात कह कर अपना पीछा बेरोजगारों से छुड़वाने की बात करती रहती है। हमारे देश की भयावह तस्वीर देखिए शिक्षित वर्ग भी चपरासियों के पद पर आवेदन कर रहे हैं। यह अत्यन्त संवेदनशील मामला है। इस पर राजनीति करना देश के लिए हितकारी नहीं।

युवाओं को निराशाजनक परिस्थितियों में न घिरने दो। उनको कुंठाग्रस्त न होने दो। उनका तनाव, हताशा व अप्रसन्नता समाप्त न की गई तो देश में अराजकता फैल जाएगी। फिर क्रांति का भी डर है। युवाओं का भविष्य उज्जवल करने के लिए सकारात्मक सोच रख सरकार उचित कदम उठाए। यह बात तो सुनिश्चित है कि समस्त बेरोजगार शिक्षित वर्ग को सरकार एक साथ नौकरी प्रदान नहीं कर सकती, पर और भी तो अनेक उपाए ढूंढें जा सकते हैं। बेरोजगारी संकटकालीन परिस्थितिजन्य हालतों से बाहर निकलने के लिए भरसक प्रयास अत्यावश्यक है। युवाओं को रोजगार चलाने के लिए ऋण कम से कम ब्याज पर अत्यधिक अवधि के लिए दिया जाए। कर्जा राहत भी बहुत जरूरी है। इसमें देरी सभी के लिए घातक है। सरकार नई-नई योजनाबद्ध उपायों को अपनाए।

दरअसल, ऋण की अपेक्षाकृत सरकार स्वयंमेव सर्वप्रथम स्वयंरोजगार मुखी कार्य-धंधे शुरू करवाने हेतु युवाओं को ब्याज मुक्त कर्जा दे ताकि वे कोई काम-धंधा चला सकें और कुंठा से बच सकें। एक बात तो वर्णनीय है कि बेरोजगारी से किसी न किसी दिन यहां अराजकता व्याप्त अवश्य होगी। क्रांति से भी इनकार नहीं किया जा सकता। फिलहाल तो चारों ओर चोर-बाजारी, लूट-खसूट, कत्लोगारत, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति का बोलबाला है। अत: अभी भी इस गंभीर संवेदनशील विषय को संभाल लिया जाए, जिससे सभी का भला हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# घरेलू अग्निकांड आपदा के प्रति रखनी होगी संवेदनशीलता और जागरूकता

जैसा कि हिमाचल प्रदेश राज्य विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र है, जहां लगभग हर वर्ष प्रत्येक ऋतु में अलग-अलग तरह की आपदाओं से जानमाल का नुकसान रिकॉर्ड होता आया है। हिमाचल प्रदेश का लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र बर्फबारी व पर्वतीय होने के कारण यहां पर घरों की बनावट व सामग्री में भी अंतर आता है, जिसमें कि अधिक पर्वतीय क्षेत्रों में काठ कुंनी शैली, पेगोड़ा शैली, स्लेट, टिन शेड आदि में घरों का निर्माण किया जाता है।


लेखक : राजन कुमार शर्मा
गांव डुगली, हमीरपुर

इस शैली में बनाए गए अधिकतर घर अच्छी किस्म के पेड़ों की लकड़ी से तैयार किए जाते हैं, जो कि ज्वलनशील स्वभाव व आग के प्रति भी अति संवेदनशील होते हैं। इसके अतिरिक्त लंबी सर्दियों व बर्फबारी के मौसम में इन क्षेत्रों में अग्निकांड की घटनाएं होने की संभावनाएं अन्य ऋतुओं के मुकाबले अत्यधिक बढ़ जाती हैं। यदि हम पिछले चार-पांच वर्षों की बात करें तो उनके आंकड़ों से पता चलता है कि इस तरह की आपदाएं व घटनाएं दिन-प्रतिदिन व प्रतिवर्ष बढ़ती ही जा रही हैं।

हाल ही में यदि हम नववर्ष की बात करें तो 2 जनवरी, 2025 को कुल्लू जिले के बंजार उपमंडल के अंतर्गत टांडी गांव में लगी भीषण घरेलू आग से लगभग 17 घर व 6 गोशालाएं जलकर पूरी तरह से राख हो गईं। यह भयानक आग लगभग 20 घंटे तक सुलगती रही व इससे लगभग 136 लोग बेघर हुए तथा 10 करोड़ के नुकसान का आकलन किया गया है। वहीं, दूसरी और यदि हम 2 फरवरी, 2024 की घटना को याद करें जिसमें कि सोलन जिले के नालागढ़ स्थित एक परफ्यूम फैक्टरी में भयानक आग लग जाने से 1



व्यक्ति की मृत्यु व 30 लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे। वहीं, दूसरी और 24 नवंबर 2024 को कुल्लू जिले के तियुन गांव में भयानक आग लग जाने से कई घरों को आग ने अपने आगोश में ले लिया, फलस्वरूप जिससे लगभग 80 लाख के नुकसान का आकलन हुआ था। एक और घटना की यदि हम चर्चा करें तो 3 सितंबर, 2023 को शिमला जिले के रोहड़ू उपमंडल के गांव दरोटी में लगी भीषण आग से 9 घर बुरी तरह से जल गए जिसमें कि 21 परिवारों के लगभग 74 लोग बेघर व प्रभावित हुए थे। इसके अतिरिक्त एक और घटना 28 अक्तूबर 2021 को कुल्लू जिले के मलाणा गांव में घटित हुई, जिसमें कि गांव के लगभग 16 घर पूरी तरह से जल गए, जिसमें की 150 लोग बेघर हो गए थे। इतना ही नहीं, इसके अतिरिक्त यह कहना उचित होगा कि इस प्रकार की घरेलू अग्निकांड की घटनाओं में न केवल मनुष्य बल्कि पशुधन भी बुरी तरह से प्रभावित होता है व इसके साथ ही पर्यावरण प्रदूषण में भी वृद्धि दर्ज की जाती है। इन भयंकर कंपकंपाती सर्दियों में पहाड़ी क्षेत्रों को बर्फ व घने कोहरे व शीतलहर वाले मैदानी क्षेत्रों में भी दम घुटने जैसी घटनाओं में वृद्धि होती है।

इसका मुख्य कारण अंगीठी व हीटरों का सोते समय पूरी रात प्रयोग करना पाया गया है जिससे की बंद कमरे में ऑक्सीजन की मात्रा कम होने पर इनके द्वारा उत्सर्जित कार्बन- मोनोऑक्साइड गैस की अत्यधिक वृद्धि होने से मृत्यु व अन्य तरह की बीमारियां लग जाने का खतरा भी शामिल है।

अत: संबंधित विभागों द्वारा इस संबंध में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम व चेतावनी संदेश आमजन के हितों के लिए जारी किए जाते हैं। इसकी रोकथाम के लिए केवल जागरूकता एवं समय-समय पर सरकार द्वारा जारी निर्देशों का पालन करके ही हम भविष्य में हिमाचल प्रदेश में होने वाली इस तरह की घरेलू आगजनी इत्यादि घटनाओं पर नियंत्रण पाने में सक्षम व सफल हो पाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### सिविल अस्पताल में कई घंटे तक मरीजों को करना पड़ रहा अपनी बारी का इंतजार

# सरकाघाट में डॉक्टरों के कई पद खाली

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



मंडी जिला के सरकाघाट उपमंडल मुख्यालय में स्थित सिविल अस्पताल में डॉक्टर के आधा दर्जन पद खाली होने की वजह से मरीजों व उनके सहायकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस अस्पताल में डॉक्टरों की कमी के चलते दूर दराज के क्षेत्र से आए हुए लोगों को अपनी बारी आने का घंटों तक इंतजार करना पड़ता है या फिर दूसरे शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, इस कारण उनका समय व पैसा दोनों बर्बाद होता है।

गौरतलब है कि सरकाघाट सिविल अस्पताल में डॉक्टरों के 17 पद स्वीकृत हैं, इसमें 15 एमबीबीएस व दो दंत चिकित्सकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान समय में 9 एमबीबीएस व दो दंत चिकित्सकों के पद भरे हुए हैं और छह चिकित्सकों के पद खाली चले हुए हैं, जिस कारण लोगों में सरकार व विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। लोग खाली चले पदों को भरने के लिए सरकार और विभाग से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उनकी इस मांग पर अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। सरकाघाट सिविल हॉस्पिटल चार विधानसभा क्षेत्रों जोगिंद्रनगर, धर्मपुर, सरकाघाट व भोरंज के हजारों लोगों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाता है, लोगों में ओम प्रकाश सुनील कुमार, रोशन लाल, संजय कुमार, नत्थू राम, रामनाथ ठाकुर, प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, नरेश कुमार, नरेंद्र कुमार, हरि सिंह, भागवत सिंह, भीम सिंह, विपिन कुमार, रामशरण, दुनीचंद, कपिल देव, राम सिंह, प्रभ दयाल, रामचरण, अशोक कुमार, अनिल कुमार, ओमप्रकाश, अंकित डोगरा, कपूर सिंह, टेक चंद, शमशेर सिंह, रमेश चंद्र, प्रजापत, प्रताप सिंह, रवि कुमार, लकी, भागीरथ, शेर सिंह, कृष्ण चंद, सरला देवी, शांता देवी, सपना देवी, सोमा देवी, शशि वाला, सुमन देवी, मीरा देवी, मीना देवी, शकुंतला कुमारी आदि ने प्रदेश सरकार व विभाग से लंबे समय से चले हुए रिक्त पदों को भरने व यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति करने की गुहार लगाई है।

ऐसा होने से लोगों को दूसरे बड़े शहरों की ओर रुक नहीं करना पड़ेगा और उनका पैसा व समय दोनों बचेगा। लोगों का कहना है कि यहां पर विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान स्पैशल

#### मेडिसिन, हड्डी रोग बच्चों व सर्जन विशेषज्ञ की हो नियुक्ति

**वर्तमान** समय में यहां पर रेडियोलॉजिस्ट, गाइनेकोलॉजिस्ट, नाक, कान, गला व एनेस्थीसिया के विशेषज्ञ तैनात है। लोगों की मांग है कि यहां पर मेडिसिन, हड्डी रोग, बच्चों व सर्जन विशेषज्ञ की नियुक्ति की गुहार लगाई है।

> अस्पताल में रिक्त चले हुए पदों को भरने के लिए सरकार व विभाग को जानकारी दे दी गई है।
> -डॉ. देश राज शर्मा, प्रभारी सिविल अस्पताल सरकाघाट।

> विभाग व सरकार के ध्यान में सरकाघाट अस्पताल में खाली पदों का मामला है, जब भी नए डॉक्टरों की नियुक्ति होगी तो सरकाघाट हॉस्पिटल में रिक्त पदों के साथ-साथ विशेषज्ञ डॉक्टरों की भी नियुक्ति की जाएगी।
> -डॉ. नरेंद्र भारद्वाज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी।

## बीते वर्ष अवैध शराब और खनन पर 149 चालान और वसूला लाखों जुर्माना




**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** पिछले साल धर्मपुर मंडी में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने नशीले पदार्थों की तस्करी, आबकारी उल्लंघन और अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई की। एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 1.008 किलो भांग, 642 ग्राम अफीम और 20.91 ग्राम हेरोइन जब्त की गई।

आबकारी अधिनियम के तहत 37 मामले सामने आए, जिनमें 9,375 लीटर अवैध शराब, 1407.1 लीटर देसी शराब, 89.625 लीटर अंग्रेजी शराब और 7.8 लीटर बीयर बरामद हुई इसके अलावा अवैध खनन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 149 चलन जारी किए गए और 5,34100 का कंपाउंडिंग शुल्क वसूला गया। यह कार्रवाई क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह जानकारी तिलक राज थाना प्रभारी धर्मपुर ने दी।

# संजय भारद्वाज बने न्यायिक मानवाधिकार परिषद हिमाचल प्रदेश के संगठन महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

संजय भारद्वाज को हिमाचल प्रदेश न्यायिक मानवाधिकार परिषद का संगठन महामंत्री नियुक्त किया गया है। यह घोषणा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष तारा चंद राणा ने की। संजय भारद्वाज की इस नियुक्ति को लेकर परिषद के सदस्यों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।



संजय भारद्वाज ने इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिहारी लाल जसावत, प्रदेश महासचिव, और कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। संगठन के उद्देश्यों और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करूंगा।( अनंत ज्ञान)

### न्यायिक मानवाधिकारों की रक्षा को लेकर जताई प्रतिबद्धता

**संजय** भारद्वाज ने कहा कि आज के समय में मानवाधिकारों की सुरक्षा और न्यायिक अधिकारों की रक्षा के लिए हर स्तर पर सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन के माध्यम से प्रदेश के हर नागरिक तक न्याय और अधिकारों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह वादा किया कि परिषद के सिद्धांतों को मजबूती से लागू करने और समाज के कमजोर तबके के अधिकारों की रक्षा के लिए वह दिन-रात मेहनत करेंगे।

### संगठन की मजबूती पर जोर

**संजय** ने बताया कि संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश के हर जिले और तहसील स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा। न्यायिक मानवाधिकार परिषद के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान, कार्यशालाएं और बैठकें आयोजित की जाएंगी। मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित मामलों को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा।

### परिषद ने दी शुभकामनाएं

**परिषद** के प्रदेश अध्यक्ष तारा चंद राणा ने संजय भारद्वाज के अनुभव और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की और उम्मीद जताई कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी कुशलता के साथ निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि संजय भारद्वाज का अनुभव संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा और प्रदेश में न्यायिक और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाएगा।

### संजय की नियुक्ति से नई ऊर्जा की उम्मीद

**संजय** भारद्वाज ने यह भी बताया कि उनकी प्राथमिकता संगठन के विस्तार के साथ-साथ कमजोर वर्गों, महिलाओं, और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर क्षेत्र में संगठन के प्रभाव को बढ़ाने के लिए वह ठोस कदम उठाएंगे। संजय भारद्वाज की इस नियुक्ति को लेकर न केवल संगठन के सदस्यों में, बल्कि सामाजिक कार्यकर्ताओं और आम जनता में भी उत्साह का माहौल है। उनकी नियुक्ति से न्यायिक मानवाधिकार परिषद को एक नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।

## न्यूज ब्रीफ

### महादेव में मेधावी विद्यार्थी किए पुरस्कृत



**भीम बसेड़, महादेव।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय महादेव में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कैप्टन सैनि गंगाराम विशिष्ट सेना मेडल प्राप्त मुख्य अतिथि के रूप में सहभागी रहे। विद्यालय के अरुण कक्षा से लेकर दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने तरह-तरह के भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके लगभग 500 दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अध्यापिका सरला शर्मा ने सविस्तार वार्षिक रिपोर्ट और विद्यालय की उपलब्धियों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि के माध्यम से मेधावी छात्र छात्राओं और पंचायतों के लेखक, समाजसेवी, पंचायत पदाधिकारी भी पुरस्कृत किए। सम्मानितों में कृष्ण महादेविया भी थे। (अनंत ज्ञान)

### सरकारी योजनाओं का करें व्यापक प्रचार-प्रसार : मनीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने कहा कि योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार से न केवल जानकारी आम एवं ग्रामीण लोगों तक पहुंचेगी बल्कि अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभान्वित करने में भी मदद मिलेगी। एसडीएम शनिवार को विभिन्न विभागों के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनीश ने विभागीय अधिकारियों को सूचना एवं जन संपर्क विभाग के माध्यम से सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वितों की सफलता की कहानियां एवं विकासात्मक जानकारी को भी प्रसारित करने के निर्देश दिए। इससे न केवल समाज के दूसरे पात्र लोग सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने को प्रेरित होंगे, बल्कि सरकार की उपलब्धियों को लोगों तक पहुंचाया जा सकेगा।

### समारोह में पूर्व छात्रों को किया सम्मानित



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भगेहड़ लंगेसर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर स्थानीय प्रधानाचार्य सुनील दत्त शर्मा ने शिरकत की। समारोह में पाठशाला के 'अखंड शिक्षा ज्योति, मेरी पाठशाला से निकले मोती' योजना के तहत पूर्व छात्रों को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुनील दत्त शर्मा ने बच्चों, अभिभावकों और स्कूल स्टाफ के लिए विशेष रूप से धाम का आयोजन कर सभी को धन्यवाद दिया।

### जोगिंद्रनगर से चार प्रधानाचार्य डिप्टी डायरेक्टर पदोन्नत



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के चार प्रधानाचार्य को पदोन्नति का तोहफा नए साल में मिला है, जिसमें सुनील ठाकुर जो वरिष्ठ माध्यमिक कन्या विद्यालय जोगिंद्रनगर में अपनी सेवाएं दे रहे थे, देशराज डोगरा जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पंजालग में तैनात थे, कमलेश ठाकुर जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टिकरू तथा मीना कुमारी जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एहजू में कार्यरत थी को डिप्टी डायरेक्टर की पदोन्नति के आदेश जारी हुए हैं इन पदोन्नत अध्यापकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दि हैं।

### साहित्यिक कार्यक्रम में बच्चों ने सुनाई रचनाएं

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्यांजी में शनिवार को दीवार पत्रिका 'किसलय' के अंक का विमोचन प्रधानाचार्य अक्षय कुमार तथा स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पितांबर लाल के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस बार की दीवार पत्रिका कविता, कहानी, यात्रा संस्मरण, लघुकथा, बाल कहानी, अपनी बात आदि बेहतरीन रचनाओं से सजी है। प्रवक्ता हिंदी, पवन कुमार के मार्गदर्शन में इस बार के विद्यार्थी संपादक मंडल में विद्यार्थी मुख्य संपादक कंचन व रिया, संपादक महक, सानिया व अनुराग, सह संपादक निशांत व राहुल, सलाहकार संपादक पीयूष व करण तथा कार्टूनिस्ट अंकिता व पूनम रहे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों संग स्कूल प्रबंधन कार्यकारिणी, अभिभावक तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।



### सरस्वती विद्या मंदिर नलसर के होनहार नवाजे



**आदर्श, नेरचौक।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय नलसर में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक आरती की अध्यक्षता में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपप्रधान नलसर पंचायत विनोद ठाकुर ने शिरकत की। मुख्य अध्यापक काकू राम भारद्वाज ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर सभी को अवगत करवाया स्कूली बच्चों द्वारा बेहतर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कर सभी का मनमोह लिया। मुख्यातिथि बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने बच्चों द्वारा पेश सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं प्रेरणादायक नाट्य रूपांतरण के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। स्कूल निर्माण के अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की तथा अपनी ऐच्छिक निधि से 21 हजार रुपए की राशि बच्चों को भेंट की।

## चरस रखने के मामले में 11 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



माननीय विशेष न्यायाधीश मंडी की अदालत ने एक अहम मामले में आरोपी अंचल कुमार निवासी सारनू डाकघर व तहसील शाहपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश को 1.989 किलोग्राम चरस रखने का अपराध सिद्ध होने पर 11 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 1,10,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

जुर्माना अदा नहीं करने की सूरत में अदालत ने दोषी को एक वर्ष एक महीने के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। उप जिला न्यायवादी मंडी नितिन शर्मा ने बताया कि इस मामले में 3 अगस्त 2023 को अंचल कुमार के खिलाफ पुलिस थाना जोगिंद्रनगर में मामला दर्ज हुआ था। मामले की छानबीन पूरी होने पर मामले का चालान थाना अधिकारी द्वारा अदालत में दायर किया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने अदालत में 22 गवाहों के ब्यान कलमबद्ध करवाए थे। मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से मामले की पैरवी विनोद भारद्वाज जिला न्यायवादी मंडी और नितिन शर्मा उप जिला न्यायवादी मंडी द्वारा की गई। अभियोजन एवं बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत द्वारा आरोपी अंचल कुमार का अपराध सिद्ध पाया गया और दोषी को सजा सुनाई गई।

## शिविर में आंखों के 740 रोगियों ने करवाई जांच

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**


मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक।

हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा दिल्ली द्वारा आयोजित 47वां नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, चोलंगढ़, तहसील संधोल, जिला मंडी, हिप्र में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस शिविर में आंखों के 740 रोगी जांच के लिए पंजीकृत हुए, जिनकी पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन, मारंडा के अनुभवी डॉक्टरों एवं पैरा-मेडिकल टीम द्वारा गहन जांच की गई। जांच के पश्चात डॉक्टर द्वारा निर्धारित सभी दवाईयां रोगियों को नि:शुल्क दी गई। डॉक्टर द्वारा जिन गंभीर नेत्र रोग व मोतियाबिंद से प्रभावित 55 रोगियों को ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई, उनके ऑप्रेशन रविवार को मेला मल सूद रोटरी आई अस्पताल, मारंडा, जिला कांगड़ा में किए जाएंगे। सभी रोगियों को सभा के स्वयंसेवकों द्वारा नि:शुल्क वाहन द्वारा मारंडा ले जाया गया।

ऑप्रेशन के पश्चात सोमवार को सभी रोगियों की गहन जांच किए जाने के बाद छुट्टी होने पर इन रोगियों को वापस चोलंगढ़ छोड़ा जाएगा। इन रोगियों को 15 दिन के बाद दोबारा शिविर स्थल, चोलंगढ़ बुलाया जाएगा, जहां पर डॉक्टर रोगियों की पुन: जांच करेंगे।

शिविर के सफल आयोजन के लिए दिल्ली से सभा के 25 कार्यकर्ता चोलंगढ़ आए थे, जिन्होंने मरीजों की जांच व उपचार आदि में मेडिकल टीम की सहायता की।

पति की अकस्मात मौत के पूरे डेढ़ महीने बाद महिला नेत्री वंदना गुलेरिया सार्वजनिक कार्यक्रम में हुई। उन्होंने कैंप के दौरान 55 नेत्र रोगियों को पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन मारंडा में जाने वाली बसों का खर्चा अपनी और से देने की घोषणा की।

## बच्चों को आत्मरक्षा की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सामाजिक न्याय व अधिकारी का विभाग के सौजन्य से नव जागृत पब्लिक स्कूल लाग वीर तुंगल में किशोरी मेले का आयोजन प्रिंसिपल सुरेंद्र कुमार राणा की अध्यक्षता में किया गया।

आयुर्वैदिक डॉक्टर कीर्ति गुप्ता, राजकुमार परमार, आईसीडीएस सुपरवाइजर उर्मिला देवी की उपस्थिति में स्कूलों के अध्यापकों तथा किशोरियों ने भाग लिया। आयुर्वैदिक डॉक्टर कीर्ति गुप्ता ने किशोरियों को आने वाली समस्याओं के बारे में समझाया। उन्होंने मासिक धर्म, खान-पान बारे हर प्रकार की जानकारी दी। राजकुमार परमार ने बच्चों को आत्मरक्षा के बारे में जानकारी देकर अभ्यास भी करवाया।

## प्रदेश की दुर्दशा देख जनता जयराम कार्यकाल को कर रही याद : चंदन

**अनंत ज्ञान, पधर**



हिमाचल प्रदेश की वर्तमान दुर्दशा और सुक्खू सरकार की नाकामियों को देखकर प्रदेश की जनता पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल को याद कर रही है, जिसमें सरकार का प्रत्येक कदम जनहित और हर वर्ग के कल्याण के लिए उठाया जाता था।

यह बात भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता चंदन पंडित ने कही। वर्तमान सरकार को अब तक के इतिहास की सबसे दोगली व झूठी सरकार करार देते हुए चंदन पंडित ने कहा कि जब चुनावों के समय कांग्रेस सत्ता में आने के लिए छटपटा रही थी, तब उन्होंने प्रदेश के युवाओं को गारंटी दी रही, जब उनकी सरकार बनेगी तो वह पांच लाख युवाओं को सरकारी क्षेत्र में नौकरियां प्रदान करेंगे, परंतु आज जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्तासीन है तो वह आईजीएमसी शिमला में आउटसोर्स पर कार्यरत 132 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल रहे हैं, जोकि उन समस्त कर्मचारियों और उन पर आश्रित परिवारों के साथ अन्याय है।

भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि आज प्रदेश में पानी के टैंकरों के नाम पर सप्लाई की आड़ में करोड़ों रुपए का घोटाला प्रदेश में सामने आ रहा है जिसमें कि बाइक और कारों के नंबरों पर ही पानी के टैंकरों के बिल बनाए जा रहे हैं। यह सब हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार के संरक्षण में हो रहा है। जब जयराम जब प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो उन्होंने बिना किसी चुनावी वादे के प्रदेश की जनता को 125 यूनिट मुफ्त बिजली का तोहफा दिया था, जिससे प्रदेश का प्रत्येक वर्ग लाभान्वित हुआ था, परंतु आज प्रदेश में पूरी तरह अव्यवस्था का वातावरण बना हुआ है और ऐसे समय में प्रदेश की जनता जयराम ठाकुर के कार्यकाल को याद कर रही है।

## 6 को बीर फीडर में बिजली रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, मंडी।** बीर फीडर में 6 जनवरी को पुरानी बिजली की तारों को बदलने तथा नए बिजली पोल लगाने का कार्य किया जाएगा।

कार्य के दृष्टिगत विद्युत अनुभाग बीर के गांव बीर, लाग, कथवारी, बरयारा, धार, कठयाना, सदोह, नलहोग, डोलरा बल्ह, जमाणा, कलोथर, खपरेहड़ा, भलेड़, घेरू, हिउन, नेरन, थाम्बा, रोपड़ी तथा साथ लगते गांव में 6 जनवरी को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने दी।

## स्कूलों को बंद करने के निर्णय से खफा अभिभावकों ने किया विरोध

**आदर्श, नेरचौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुम्मी में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक अध्यक्ष गोपी चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने सरकार द्वारा 25 बच्चों से कम संख्या वाले वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को बंद करने का विरोध किया और कहा कि यदि सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे, तो इस गांव के सभी गरीब परिवार है वे निजी स्कूल की फीस अदा करने में असमर्थ है, जिस कारण गांव के बच्चे अनपढ़ता की ओर अग्रसर हो जाएंगे, इसलिए प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि सरकारी स्कूलों को बंद करने से पहले निजी स्कूलों के नियम सरकारी स्कूलों की तरह सख्त किए जाए। इसके साथ यह भी निर्णय लिया है कि सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाया जाना भी अनिवार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री तथा शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश से गुहार लगाई है कि सरकारी स्कूलों में गरीब परिवारों के बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए बंद न किए जाए।( अनंत ज्ञान)

## टीबी मुक्त लक्ष्य प्राप्ति को विभाग आपसी समन्वय से करें कार्य : मनीश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने कहा कि क्षयरोग (टीबी) उन्मूलन के लक्ष्य प्राप्ति के लिए लडभड़ोल स्वास्थ्य खंड में सभी विभाग आपसी समन्वय एवं जन भागीदारी के साथ कार्य करना सुनिश्चित बनाएं। एसडीएम स्वास्थ्य खंड लडभड़ोल की खंड स्तरीय क्षयरोग उन्मूलन समिति बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

बैठक का संचालन खंड चिकित्साधिकारी लडभड़ोल डॉ. लाल सिंह ने किया। इस दौरान एसडीएम ने टीबी मुक्त भारत के लिए उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ भी दिलाई। मनीश चौधरी ने कहा कि क्षेत्र से क्षय रोग के संपूर्ण उन्मूलन के लिए लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता व गंभीरता होना बेहद आवश्यक है। बैठक में टीबी चैंपियन पधर उपमंडल की प्रवीणा ने क्षय रोग बीमारी से पीड़ित होने से लेकर ठीक होने तक के सफर को साझा किया। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है बल्कि सही समय पर सही उपचार लेने पर व्यक्ति पूर्ण तौर पर स्वस्थ हो सकता है।

## उपरोजगार कार्यालय पधर में साक्षात्कार 8 को

**अनंत ज्ञान, पधर।** एसआईएस सिक्योरिटी जिला बिलासपुर हिप्र द्वारा सिक्योरिटी गार्ड व सुपरवाइजर के 100 पद अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 8 जनवरी को उप रोजगार कार्यालय पधर में प्रात: 10:30 बजे से लिया जाएगा।

प्रभारी उपरोजगार कार्यालय पधर नीरज शर्मा ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के इन पदों के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के इन पदों को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं रखी गई है।

## सिरडा स्पोर्ट्स हॉस्टल ने जाल्पा अकादमी को हराया

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि व साथ हैं अन्य।

महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर के मैदान में शनिवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई सुंदरनगर इकाई ने एनएसयूआई के प्रदेश स्तरीय अभियान संकल्प के अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता शुरू करवाई जिसमें पूर्व विधायक सोहन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर आयोजकों व मुख्यातिथि स्व. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की तस्वीर पर पुष्पअर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उसके पश्चात आयोजक अध्यक्ष अनित जस्वाल ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के शुभारंभ पर पहला मैच सिरडा स्पोर्ट्स हॉस्टल व जालपा अकादमी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें सिरडा स्पोर्ट्स हॉस्टल की टीम ने 35-21 के अंतर से जालपा अकादमी को हराकर जीत दर्ज की। मुख्यातिथि सोहन लाल ठाकुर ने विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित किया।

उन्होंने इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए एनएसयूआई को बधाई दी तथा प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग के लिए 11000 रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत शर्मा, पार्षद विनोद सोनी, सोम कुमार, गोपाल कपूर, राम सिंह, रवि शंकर, राजेश शर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

**खतरा** — पर्यटक की गाड़ी गड्ढे के कारण सड़क से हुई बाहर, स्थानीय लोगों ने किया बचाव

## हादसों को न्योता दे रही निर्माणाधीन वोचिंग-रुलिंग सड़क

**अनंत ज्ञान, सुखबाग**

लोक निर्माण विभाग के झटींगरी उपमंडल के अंतर्गत आने वाले निर्माणाधीन वोचिंग-रुलिंग सड़क मार्ग की हालत बहुत ही खस्ता हो गई है। गौरतलब है कि रियून नामक स्थान पर सड़क मार्ग के एक तरफ गहरा गड्ढा हो जाने से वाहन चालकों को वाहन चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है।

इस सड़क मार्ग के बीच लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जा रहे पुल के एक ओर की भरपाई न करने के चलते रियून नामक स्थान पर गहरा गड्ढा पड़ जाने से यहां दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्राम पंचायत लपास के उपप्रधान देशराज ने यह बताया कि लोक निर्माण विभाग बोचिंग-रुलिंग सड़क मार्ग के बीच रियून नामक स्थान में पड़े गहरे गड्ढे को भरना ही भूल चुका है।

देशराज ने बताया कि यह मुख्य सड़क मार्ग होने के चलते सभी लोग इस सड़क मार्ग से ही आवाजाही करते हैं। लपास गांव के पास वाले नाले में बने बाटर फॉल का अवलोकन करने के लिए देश व विदेश से हर रोज दर्जनों पर्यटक इस सड़क मार्ग से यहां पहुंचते हैं मगर रियुन नामक जगह पर गत कई दिनों से गहरा बड़ा गड्ढा पड़ जाने से यहां पर्यटकों की आवाजाही बंद हो गई है।

स्थानीय पंचायत के उपप्रधान देश राज, हरी सिंह, लाल सिंह, रक्षी राम, जयलाल, महेंद्र सिंह, ब्रह्मा नंद आदि ने लोकनिर्माण विभाग से मांग करते हुए कहा कि विभाग वोचिंग-रुलिंग सड़क मार्ग के रियून नामक जगह पर पड़े गहरे गड्ढे को जल्दी भरे, ताकि यहां से वाहनों की आवाजाही करते समय स्थानीय व बाहरी वाहन चालकों को कोई दिक्कत न आए।



### जल्द गड्ढे को भर दिया जाएगा

**लोक** निर्माण विभाग के उपमंडल झटिंगरी के कनिष्ठ अभियंता देशराज का कहना है कि इस सड़क मार्ग में वोचिंग से रूलिंग तक कई गड्ढे पड़े हुए जिन्हें भरने के लिए वोचिंग से शुरू कर दिया गया गया है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही इस गहरे गड्ढे को भी भर दिया जाएगा।

## विभागों की वेबसाइट से सरदार पटेल विश्वविद्यालय का नाम गायब : विशाल

**अनंत ज्ञान, मंडी**



हाल ही में एनटीए द्वारा सीयूईटी पीजी 2025 प्रवेश परीक्षा के आवेदन पत्र जारी किया गए। बता दें कि छात्रों के बीच परीक्षा भरने को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा है, परंतु सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के छात्रों के साथ ऐसा नहीं है।

विशाल ठाकुर प्रदेश स्कूली छात्र कार्य संयोजक ने बताया कि फॉर्म में से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी का नाम गायब है। फॉर्म भरते समय जब छात्र अपनी शैक्षणिक योग्यता भर रहें हैं तो फॉर्म में से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी का नाम ही गायब है। यह मामला केवल सीयूईटी का ही नहीं बल्कि रोजगार कार्यालय से लेकर अधिकतम राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाले विभागों की वेबसाइट्स से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी अपरिचित ही है।

विशाल ने बताया कि अन्य विषयों पर विश्वविद्यालय प्रशासन सरकार से पर्यास सहयोग न मिलने का बहाना बना देता है, परंतु इस विषय में पूरी तरह से विश्वविद्यालय प्रशासन का ही दोष है और विश्वविद्यालय प्रशासन को जल्द से जल्द इस विषय पर विचार करना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा पहाड़िया टियाला नायली में हवन यज्ञ संपन्न

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत बाबा पहाड़िया मंदिर और नेता जी सुभाष चंद्र बॉस स्मारक गांव नायली ग्राम पंचायत मुच्छाली में वार्षिक हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया । यह आयोजन विजय शर्मा जोकि कनाडा में रहते हैं, उनके द्वारा किया गया। मंदिर में विधिवत हवन यज्ञ किया गया। इसके उपरांत भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके विजय कुमार का कहना है कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। हमें अपनी संस्कृति न भूलकर धर्म कर्म के कार्य में आगे रहना चाहिए। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर सेवा की।

### छात्रों का परीक्षा के माध्यम से जाना ज्ञान

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर में एचसीएल टेक कंपनी द्वारा एक परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें बाहरवीं कक्षा के लगभग 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने बताया कि यह परीक्षा कंपनी द्वारा बाहरवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ही है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में जो विद्यार्थी उत्तीर्ण हो जाता है तो चयनित विद्यार्थियों को कंपनी निशुल्क एक वर्ष का प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें नौकरी भी प्रदान करती है।

### बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लि. में भरे जाएंगे पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज बजाज कैपिटल इंश्योरेंस ब्रोकिंग लिमिटेड ऊना द्वारा 15 पद सेल्स और फील्ड मार्केटिंग में नियमित आधार पर भरे जाएंगे। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 8 जनवरी को प्रातः 10 बजे उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में लिया जाएगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं और किसी भी स्ट्रीम में स्नातक होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 18 से 25 वर्ष और वेतन 12 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। अक्षय शर्मा ने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9736912969 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सीएमओ ने निक्षय वाहनों को किया रवाना



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला अस्पताल ऊना परिसर से 100 दिवसीय क्षय रोग मुक्त अभियान के अंतर्गत निक्षय वाहन व दोपहिया वाहनों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीव वर्मा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए यह अभियान शुरू किया है।

### डीसीएस में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**अनंत ज्ञान, अंब।** दिल्ली कॉन्वेंट स्कूल अंब में शानदार खेल दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी खेलकूद प्रतिभाओं का अद्वितीय प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में कुठेड़ा खेरला प्रधान शालिनी गोस्वामी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शालिनी गोस्वामी ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया। एएसआई सुनील ठाकुर ने कहा खेल दिवस के इस सफल आयोजन ने यह साबित कर दिया कि शिक्षा का सही उद्देश्य केवल किताबों तक सीमित नहीं होता, बल्कि विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस मौके पर डीसीएस स्कूल की मुख्याध्यापिका गुंजन परमार, डीसीएस अंब की मुख्याध्यापिका रश्मि राजपूत, मुख्यप्रबंधक डॉ. परवीन राजपूत, एएसआई सुनील ठाकुर ने सभी अध्यापकों ज्योति धीमान, रेनू बाला, पूनम, सानिया, संगीता, ज्योति शर्मा आदि को खेल दिवस के सफल आयोजन की बधाई दी।

# उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लाभार्थी को सौंपी ई-टैक्सी की चाबी

## बोले-राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के लाभ से आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहे युवा

**राजेश शर्मा, ऊना**



लाभार्थी को ई-टैक्सी की चाबी सौंपते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली विस क्षेत्र के राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के एक लाभार्थी अशोक कुमार को ई-टैक्सी की चाबी सौंपी। अशोक कुमार ने इस योजना के तहत सरकारी सब्सिडी पर ई-टैक्सी ली है, जिसे ऊना जिले में जलशक्ति विभाग में लगाया गया है और उनके लिए महीने के 50 हजार रुपए की सैलरी फिक्स हुई है। उपमुख्यमंत्री ने गोंदपुर जयचंद में ई-टैक्सी की चाबी सौंपते हुए अशोक को अपनी शुभकामनाएं दीं।

अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर देने के लिए लगातार काम कर ही है। इसके लिए 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना चलाई गई है। योजना के लाभ से अनेक युवा आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। यह योजना युवाओं को स्वरोजगार का संबल देने के साथ ही, प्रदेश में समग्र और हरित विकास तथा पर्यावरण प्रदूषण मुक्त राज्य बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल सरकार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना के तहत युवाओं के लिए ई-टैक्सी खरीदने पर सब्सिडी का प्रावधान किया है। लाभार्थियों को 50 प्रतिशत सब्सिडी और 40 प्रतिशत पर 7.9 प्रतिशत ब्याज के हिसाब से बैंक लोन उपलब्ध करवाया जा रहा है। केवल शेष 10 प्रतिशत धन लाभार्थी देता है। सरकार ने इन टैक्सियों को सरकारी विभागों के साथ अटैच करके लाभार्थियों को प्रतिमाह 50 हजार रुपए प्रदान करने का प्रावधान किया है।

वहीं, दुलैहड़ के 44 वर्षीय अशोक कुमार ने युवा हितैषी योजना के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का तहेदिल से आभार जताया। उन्होंने बताया कि वह पहले निजी टैक्सी चलाते थे, लेकिन तेल की मंहगाई और कठिन प्रतिस्पर्धा उन पर भारी पड़ रही थी, ऐसे में उन्हें हिमाचल सरकार की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना की जानकारी मिली। उन्होंने इसमें ई-टैक्सी के लिए श्रम एवं रोजगार विभाग के पोर्टल पर आवेदन किया। तमाम प्रक्रिया तथा स्वीकृति के उपरांत उन्होंने ई-टैक्सी खरीदी है, जिसे जलशक्ति विभाग के साथ जोड़ा गया है, इससे उनके सुखमय जीवन का अधार बना है। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल ने तमिलनाडु को हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश



तमिलनाडु को आठ रन से हराने वाली हिमाचल की टीम।

**संजीव पुरी, ऊना**

अंडर-22 एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत हिमाचल का क्वार्टर फाइनल मुकाबला तमिलनाडु के साथ कोलकाता में खेला गया, जिसमें हिमाचल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49 ओवर में 257 रन बनाए। इनेश महाजन ने शतक बनाया और टीम के लिए 107 रन बनाए। अमनप्रीत सिंह ने 69 रन, अभिषेक ठाकुर ने 25 रन बनाए। लक्ष्य जैन ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, पी विग्नेश और मानव ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि सनी ने एक खिलाड़ी को आउट किया।

अजितेश ने 54 रन बनाए, मानव ने 27 रन, एस रितिक ने 55 रन बनाए, लक्ष्य जैन ने 50, वीएस मनकदन ने 34 रन बनाए। अनिकेत ने 4, साहिल ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि मोहम्मद सोहराब ने एक खिलाड़ी को आउट किया। रितिक और मृदुल ने एक खिलाड़ी को आउट किया। तमिलनाडु की टीम ने 10 विकेट पर 249 रन बनाए। इस प्रकार हिमाचल प्रदेश ने तमिलनाडु को 8 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। खेल प्रेमी और रमन सैनी, अनुराग दयाल, पंकज, संदीप बेदी, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, विनय कुमार, मंदली ने खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए और सेमी फाइनल में प्रवेश के लिए बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

## बिजली बोर्ड के उपभोक्ता करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** बिजली बोर्ड की ओर से उपभोक्ता के आधार कार्ड को विद्युत मीटर संख्या से जोड़ने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

विधुत उपमंडल दौलतपुर चौक के सहायक अधिशाषी अभियंता ई. मंगलराम चौधरी ने कहा कि जिन उपभोक्ता ने आधार कार्ड से जोड़ने (ई-केवाईसी) की प्रक्रिया को अभी तक नहीं करवाया है तो उन उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वह जनवरी महीने तक विद्युत उपमंडल दौलतपुर चौक में सुबह दस से सायं पांच बजे तक कभी भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं, अगर कोई इसमेंसहयोग नहीं करता है तो भविष्य में सभी सुविधाओं से वंचित रह सकता है, जिसके लिए उपभोक्ता खुद जिम्मेदार होगा।

## कुटलैहड़ के दोनों विधायक विकास करवाने में नाकाम : वीरेंद्र कंवर



पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर बंगाणा में प्रेस वार्ता के दौरान, साथ हैं अन्य।

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

प्रदेश की सुक्खू सरकार के दो वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में विकास की गति पूरी तरह से ठप हो गई है। कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विकास कार्य अधूरे पड़े हैं और स्थानीय जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है।

पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने बंगाणा में प्रेस वार्ता के दौरान सुक्खू सरकार पर हमलावार होते हुए कहा कि राज्य की सुक्खू सरकार के दो वर्षों में कुटलैहड़ की जनता ने दो दो बार कांग्रेस को जिताकर विधानसभा भेजा है, लेकिन दोनों विधायक कुटलैहड़ के विकास करवाने में असमर्थ रहे हैं।

कंवर ने कहा कि भाजपा कुटलैहड़ क्षेत्र में विकास कार्यों की अनदेखी को लेकर चुप नहीं बैठेगी। पार्टी जल्द ही एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगी। इस आंदोलन के तहत जनसभाएं, प्रदर्शन और रैलियां आयोजित की जाएंगी, ताकि सरकार को क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया जा सके। उन्होंने कहा अगर सरकार ने जल्द ही कुटलैहड़ के विकास कार्यों को बहाल नहीं किया तो भाजपा प्रदेशव्यापी आंदोलन तक करेगी। (अनंत ज्ञान)

## उपमंडल बंगाणा रामगढ़ धार को 12 और बंगाणा फॉरेस्ट रेंज को मिले 9 नए फॉरेस्ट वन मित्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की प्रसिद्ध रामगढ़ धार और बंगाणा रेंज के वन क्षेत्र में फॉरेस्ट विभाग ने पर्यावरण संरक्षण और वनीकरण के उद्देश्य से बंगाणा रेंज को 9 और रामगढ़ धार को 12 नए फॉरेस्ट वन मित्र नियुक्त किए हैं। ये नियुक्तियां स्थानीय पर्यावरण को सुरक्षित रखने, वन्यजीव संरक्षण, और जलवायु संतुलन बनाए रखने के प्रयासों का हिस्सा हैं।

**बंगाणा फॉरेस्ट रेंज में 9 फॉरेस्ट वन मित्रों की सूची :** वंशिका पाठनीया, प्रियंका पुत्री पवन गांव सोहारी, अमनदीप पुत्र जगदेव सिंह गांव डीअर, किरण पुत्री खेम सिंह डोलू, बंशिका पुत्री ओमदत्त गांव तर्कवाल, रोहित शर्मा पुत्र जोगेंद्र पाल गांव नरुह, अंशिता संदल पुत्री राजकुमार गांव धनेत, पायल पुत्री कमलदेव गांव ठठ्ठू, राजनीवाला पुत्री जगदेव चंद गांव दमोहड अरलू बीट में कागजाती जांच के लिए रुकी हुई है।

### विधायक विवेक शर्मा ने दी बधाई

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने उपमंडल बंगाणा में रखे 21 फॉरेस्ट वन मित्रों को बधाई देते हुए कहा कि वन संरक्षण के लिए रामगढ़ धार और सोलहसिंगी धार में उठाया गया यह कदम पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था। इन नए फॉरेस्ट बन मित्रों की नियुक्ति न केवल वनों की रक्षा करेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को भी वनों की महत्ता समझाने में मदद करेगी।

**बंगाणा उपमंडल की रामगढ़धार में 12 फॉरेस्ट वन मित्रों की सूची :** पूजा देवी पुत्री कुलबीर सिंह गांव लिदकोट, तरसेम पुत्र कृष्ण चंद गांव परोईयां, साहिल बंगा पुत्र राजेंद्र सिंह गांव अप्पर रायपुर, भोला बीबी पुत्री जलामदीन गांव चुरड़ी, मोनिका पुत्री किशोरी लाल गांव गहरा कोठी, शिवान पठनिया पुत्र महमूद खान गांव चौकी मनियार, सुजल मोदगिल पुत्री राजकुमार गांव तलमेहड़ा, जसप्रीत पुत्र ज्ञान चंद गांव बुहाना, अमन शर्मा पुत्र राम रत्न गांव खुरवाई, सानिया मेहता पुत्री जीवन कुमार गांव थानाकला, अभिषेक राणा मिलाप सिंह गांव मंदली, बेबी कुमार पुत्री राज कुमार गांव टांडा झिकला (बल्ह) आदि फॉरेस्ट वन मित्र बने हैं।

**अवैध कटान और अग्निकांड की घटनाओं पर लगेगा अंकुश :** जिला ऊना फॉरेस्ट अधिकारी डीएफओ सुशील राणा ने कहा कि फॉरेस्ट बन मित्रों की नियुक्ति से वनों की सुरक्षा में मदद मिलेगी। यह कदम जंगलों की हरियाली को बनाए रखने और पर्यावरण संतुलन को संरक्षित करने में मदद करेगा। इन वन मित्रों को आधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस किया जाएगा।

अनंत Classifieds
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 98168-75517

क्या आप कार या घर बेचना अथवा खरीदना चाहते हैं? जमीन/प्लॉट/प्रॉपर्टी बेचना चाहते हैं या व्यवसाय, व्यापार या कारोबार के लिए स्टाफ की जरूरत है ? अनंत ज्ञान अपने पाठकों/ विज्ञापनदाताओं के लिए कम दर पर क्लासीफाइड छपवाने की सुविधा प्रदान कर रहा है। कृपया श्रेणीवार अपने क्लासीफाइड हमें भेजें।

JEE/NEET/NDA HIM ACADEMY HAMIRPUR (H.P.) Ph.: 01972-222648, 9816021400

BHARDWAJ MULTISPECIALITY HOSPITAL A Diabetes Gastro Centre 98055-73338,94184-73338

Yogita AGRO SERVICE CHAMBA Mob. 7986969842, 9015936779

रतन ज्वेलर्स के मालिक राजू गढ़ वाले
सुनार राजू गढ़ वाले रतन ज्वेलर्स लोअर बाजार भवारना
हमारे यहां गोल्ड ज्वेलरी (HUID) हॉलमार्क 22 कैरेट में तैयार की जाती है।
RATTAN JEWELLERS Lower Bazar Bhawarna 9882749027 9418787712

DDM SAI COLLEGE Affiliated to HPU Shimla & Approved by BCI, NCTE B.A.LL.B., LL.B. B.Ed., D.El.Ed. Kalar (Nadaun) P.O. Jalari, Distt. Hamirpur (H.P.) Tel. 01972-233720, Mob. 9418042219 Email : contactddmsai@gmail.com

NEUGAL PUBLIC SEN SEC SCHOOL BINDRABAN PALAMPUR CBSE AFFILIATED NEW DELHI AFFILIATION NO. 630128 NUR to 10+2 (All Streams) Ph. 01894 232508 8988171485 , 9501587622 E mail : principal_npss@rediffmail.com

ज्योत्सना आई.टी.आई लोहारीं हमीरपुर (हि.प्र.) 177020
1. मकैनिक मोटर व्हीकल 2. इलैक्ट्रीशियन 3. फिटर, 4. बैल्डर 5. पलम्बर
मो. 9418083232, 9418583232 9418683232 Email: jyotsnaiti@ymail.com Website: www.jyotsnaitihamirpur.com

NEERAJ AGENCIES PRIVATE LIMITED Near Old Bus Stand, Nagrota Bagwan 176047 Distt. Kangra Ph. 01892-252088 Mob. 98160-72088

GAYAN JYOTI PUBLIC HIGH SCHOOL PATHIAR (Affiliated to H.P.B.O.S.E. Dharamshala) ADMISSION OPEN Pre-Nursery to 10th Mob. 86288-03434, 94188-34317

Mill Approved Retail Counter of Mayur Mob. 98164-43466 (Abhinav) Mob. 97366-62924 (Raju Dhawan) Prop. Girish Kumar Parminder Kumar J.R.D. Jagat Ram Dhawan Suiting Shirting & Dress Material Main Bazar, Nagrota Bagwan Distt. Kangra (H.P.)

D.D.U. B.E.d. COLLEGE
अध्यक्ष दीनदयाल उपाध्याक्ष स्मारक समिति एवं दीन दयाल उपाध्यक्ष बी.एड. कॉलेज मैहरे (बड़सर) जिला हमीरपुर (हि.प्र.) 174305
फोनः- 01972-288072, 288010, मो. 09816688072 मो. 8261954956, 8894915086, 9805047309

KWALITY HARDWARES AUTH:- ACC Cement, Nerolac Paints, Finolex Pipes, Vectus water Tank, Cera Sanitary were, Hindware Bath Fillings, Splist in P.O.P. Material Deal in all Type of Hardware & Building Material Near Gurdwara, Tharu, Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) Mob. 98053-72522, 94180-86522

NEW BRIGHT SUN SEN. SEC. SCHOOL ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26 +1/+2, Medical & Non-Medical NEAR PETROL PUMP MEHRE BARSAR CONTACT :- 82194-42097

JAIN TRADERS UNA Authorized Distributors For: Himachal Pradesh Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd. Mob.: 9805002437

Biggest International Education Fair Study Visa | Skilled Visa | Visitor Visa | Spouse Visa | Dependent visa BN OVERSEASS SINCE 1996 Sat Sahib Centre, Opposite Gate No.-2 Narinder Cinema Jalandhar 98788-75997, 98550-75992 9216-340-340

KAMDHENU STEEL KAMDHENU Nxt ASHISH SONI Mob. 9816005281 ATUL SONI Mob. 9816006281 Auth. Dealer ASHISH TRADERS Near New Bus Stand Nagrota Bagwan Kangra-176047 (H. P.) Email: ashish78trader@gmail.com0

अजय हेल्थकेयर दवाईयां लाइफ सेविंग दवाईयां मधुमेह/कैंसर की दवाईयां शल्य चिकित्सा उपकरण सभी तरह के चिकित्सा उपकरण यहाँ PGI, IGMC, TANDA हॉस्पिटल की दवाईयाँ मिलती हैं Lower Ground Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road Una (H.P.) 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com 7087432364, 8699005364

Nanda Institute of Nursing and Nanda Multi specialty Hospital Hamirpur Road Una HP

## न्यूज ब्रीफ

### ऑनलाइन विभिन्न टास्क के बारे में दी जानकारी

**कुल्लू।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के स्टडी सेंटर-1148, राजकीय महाविद्यालय बंजार में जुलाई-2024 बैच के छात्रों के लिए इंडक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता समन्वयक डॉ. रेणुका थपलीयाल ने की। इग्नू सेंटर-1148, राजकीय महाविद्यालय बंजार की समन्वयक डॉक्टर रेणुका थपलीयाल ने बताया कि जुलाई-2024 बैच के छात्रों के लिए हुई इंडक्शन मीटिंग में ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न टास्क के बारे जानकारी प्रदान दी गई। उन्होंने बताया कि विभिन्न पोर्टल जैसे; ऑनलाइन लर्निंग, रजिस्ट्रेशन, असाइनमेंट्स व परीक्षा संबंधी विभिन्न पहलुओं को लेकर छात्रों को जानकारी दी गई। डॉ. रेणुका ने बताया कि आए दिन छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए उनका मार्गदर्शन आवश्यक हो जाता है। छात्रों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर स्टडी सेंटर-1148 हमेशा कृतसंकल्प रहेगा।

### कुल्लू के चारों विस क्षेत्रों में 336629 मतदाता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमानुसार 1 जनवरी को अर्हक तिथि मनाते हुए इस जिले की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 22-मनाली, 23-कुल्लू, 24-बंजार व 25-आनी की फोटो मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी हैं। आगामी एक सप्ताह तक फोटोयुक्त मतदाता सूचियां जिले के समस्त संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एसडीएम) /सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (तहसीलदार/ नायब तहसीलदार) के कार्यालयों व प्रत्येक मतदान केंद्र पर निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान सभी मतदाता अपने नामों की मतदाता सूचियों में पुष्टि कर सकते हैं। मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान ऐसे नागरिक जो 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके थे तथा उस क्षेत्र के साधारण निवासी हैं, उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज किए गए हैं। अशुद्ध नामों को शुद्ध किया गया तथा विवाह/मृत्यु व स्थान त्याग के कारण अपात्र मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से काटा गया। 29 अक्तूबर, 2024 से 28 नवंबर तक दावे और आक्षेप प्राप्त किए गए, जिनका निपटारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (उमअ(ना) द्वारा किया गया। इस जिले के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 334485 मतदाता पंजीकृत थे। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि के दौरान कुल 5034 नए मतदाता पंजीकृत किए गए और 2890 विवाह/मृत्यु व स्थान त्याग के कारण अपात्र मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से काटा गया। वर्तमान में अब 336629 मतदाता हो गए हैं, जो आगामी निर्वाचनों में अपने मत का प्रयोग कर सकेंगे।

### विंटर कार्निवाल: कल से महिला मंडलों का पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राष्ट्रीय स्तरीय शरदोत्सव मनाली-2025 का आयोजन जनवरी 20 से 24 तक होने जा रहा है, जिसमें कई तरह की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कलाकारों द्वारा दी जाती हैं, वहीं महिला मंडलों की नाटी प्रतियोगिता भी आकर्षण का केंद्र होती है, जिसके लिए महिला मंडलों के लिए राष्ट्रीय स्तरीय शरदोत्सव मनाली 2025 में पंजीकरण की प्रक्रिया 6 जनवरी से शुरू हो रही है। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि महिला मंडल 6 जनवरी से 10 तक विकास खंड नगर के कार्यालय पतलीकूहल में सुबह 10:30 से शाम 4 बजे तक अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। यह पंजीकरण राष्ट्रीय स्तरीय शरदोत्सव मनाली-2025 में भाग लेने के लिए आवश्यक है।

### राष्ट्रीय चित्रकला शिविर मनाली में 10 से

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में 10 से 12 जनवरी तक राष्ट्र स्तरीय चित्रकला शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में देश भर से लगभग 100 चित्रकार भाग ले रहे हैं। मोटिवेशन संस्था के प्रबंधक विवेक शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय शिविर में देश भर से करीब 100 जाने माने चित्रकार भाग ले रहे हैं। यह शिविर कला भाषा एवं संस्कृति के सहयोग से आयोजित हो रहा है। चित्रकार मनाली के नैसर्गिक सौंदर्य को चित्र पटल पर उकेरेंगे। वरिष्ठ चित्रकार उभरते हुए चित्रकारों को चित्रकला के हर पहलू से अवगत करवाएंगे। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य कला के साथ संस्कृति का आदान-प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, दिल्ली, झारखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश से कलाकर इस शिविर में भागा ले रहे हैं। इस शिविर में वरिष्ठ कलाकार कोशिक पाल, के भास्करन, डॉक्टर श्रीपति, दीपांकर, करमाकर, सत्यनारायण, अमित, कला, सुशील पाटिल, राधे श्याम, मधु करवा, काबेरी, सिद्ध डाबर, विलासन, दिनेश कुमार, महेंद्र प्रताप सिंह, गौतम शाह, मनोहर पाल, बलवीर शर्मा, डॉ. अंकिता जैन सहित लगभग सौ कलाकार इसमें भाग ले रहे हैं।

### 64 टीमें क्रिकेट प्रतियोगिता में ले रहीं भाग

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी निरमंड द्वारा शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष पर खेलेगा युवा तो बढ़ेगा युवा थीम के तहत क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। निरमंड के खेल स्टेडियम में शुरू हुई इस क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर पंचायत नोर के प्रधान काहन चंद जोशी, पंचायत खरगा के प्रधान नेसू राम विमल और पंचायत रहानु के प्रधान तेजस्वी कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। सोसायटी के सचिव जोगेंद्र ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर, युवाओं का शारीरिक और बौद्धिक विकास करना है। इसका थीम 'खेलेगा युवा तो बढ़ेगा युवा', उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण और वार्ड स्तरीय है और इसमें 64 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 61 हजार और दूसरा पुरस्कार 30 हजार है। उन्होंने बताया कि शुभारंभ अवसर पर सोसायटी के उपाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, ताराचंद गोस्वामी, प्रीतम ठाकुर, दिनेश ठाकुर, सह सचिव दीपक, जयकरण, सलाहकार देवेंदर, सदस्य सचिन, युवराज, आशु, सुशांत, राहुल, चंद्रेश, आजू उपस्थित रहे।

### पुराने सभी पार्षदों को किया जाएगा सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** कुल्लू कार्निवाल में पहली बार पूर्व में रहे सभी पार्षदों को सम्मानित करने का निर्णय वर्तमान की नगर परिषद ने लिया है। ढालपुर के मालरोड में चल रहे कुल्लू कार्निवाल में सभी पूर्व पार्षदों को बाकायदा निमंत्रण दिया गया है और सभी को रविवार को कार्निवाल में नगर परिषद की ओर से सम्मानित किया जाएगा। नगर परिषद के अध्य गोपाल कृष्ण मंहत ने कहा कि कुल्लू कार्निवाल के आयोजन को लेकर जब बैठक की गई, तो उस दौरान सभी पार्षदों ने सहमति जताई कि पुराने सभी पार्षदों को बुलाकर सम्मान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी पार्षदों का अपने-अपने वार्ड के लिए योगदान रहा है। कई पार्षदों ने तो बहुत अच्छे कार्य अपने वार्ड में किए हैं। ऐसे में सभी पार्षदों को एक मंच पर बुलाकर सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष ने नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी का भी आभार जताया कि उनका भी काफी सहयोग अपनी पूरी टीम को चलाने में रहता है और वह सभी का काफी सहयोग भी करते हैं। पूर्व में रहे पार्षदों को इस तरह से आयोजन में बुलाने के निमंत्रण के बाद वह सभी काफी खुश हैं कि तरह से पहली बार सम्मान से उन्हें किसी आयोजन में बुलाया गया है।

### शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए 100 घोंसले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीएसपीसीबी) शाखा कुल्लू ने राष्ट्रीय पक्षी दिवस मनाया। बोर्ड के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पक्षियों के प्रति अपना दायित्व निभाते हुए कुल्लू व भुंतर शहर के बीच विभिन्न स्थानों पर 100 से अधिक घोंसले पक्षियों के लिए स्थापित किए। यह कार्यक्रम डीएस ड्रिंक्स बेवरेजेज के सहयोग से किया गया।

### सैंज-शैंशर सड़क का सही तरीके से हो विस्तार

**अनंत ज्ञान, सैंज।** लोक निर्माण विभाग सैंज-न्यूली-शैंशर सड़क का विस्तारीकरण कर रहा है। वहीं, विगत बंजार दौरे पर आए लोक निर्माण मंत्री को ग्रामीणों ने एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें ग्रामीणों ने सड़क का सही तरीके से विस्तारीकरण करवाने की मांग मंत्री से की है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग सड़क का विस्तारकर रहा है, लेकिन जिन जगहों पर सड़क पर ब्लैक स्पॉट और तंग जगह है। उन स्थानों पर सड़क का विस्तार नहीं हो रहा है। इस कारण हादसों का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण चेतराम, मोहित, निरत राम, निमत राम, आदि ने कहा कि सड़क पर करटाह नामक स्थान पर दो बड़े पत्थर हैं, जिन्हें हटाना अनिवार्य है। यहां कई सड़क हादसे इन पत्थरों की वजह हो चुके हैं। इसके अलावा नूनू-बहली नामक स्थान पर भी सड़क तंग है, जिसके कारण दो वाहनों को पास करवाना मुश्किल है। पास देने के लिए चढ़ाई पर वापस वाहन ले जाना पड़ता है।

### मुख्याध्यापकों को प्रधानाचार्य पद पर करें पदोन्नत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** प्रदेश सरकार और शिक्षा निदेशालय मुख्याध्यापकों को बिना विलंभ प्रधानाचार्य पद पर पदोननत करें। यह बात मुख्याध्यापक संवर्ग अधिकारी संघ के उपाध्यक्ष शेर सिंह ठाकुर ने कही। संघ की जिला स्तरीय बैठक शहीद बाल कृष्ण राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुल्लू में हुई। इस बैठक में संघ के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने मुद्दों पर चर्चा की और विभिन्न प्रस्ताव भी पारित किए। उपाध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से प्रस्ताव के माध्यम से अपील की गई है कि मुख्याध्यापक से प्रधानाचार्य पदोन्नति सूची जल्द जारी की जाए।

# सोलंगनाला से सिस्सू तक शीतकालीन खेलों की धूम

## स्कीइंग व पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक खेलों का आनंद ले रहे पर्यटक





**कमलेश वर्मा, कुल्लू/मनाली**

कुल्लू जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोलंगनाला से लेकर लाहौल का सिस्सू पर्यटकों से गुलजार हो गया है। शनिवार को बड़ी संख्या में पर्यटकों ने सोलंगनाला, अटल टनल व सिस्सू में शीतकालीन खेलों का जमकर लुत्फ लिया।

स्कीइंग के लिए मशहूर पर्यटन स्थल सोलंगनाला में सैलानी साहसिक गतिविधियों का आनंद ले रहे हैं। ताजा बर्फबारी के बाद स्की ढलान भी बर्फ से पूरी तरह से ढक गई है। शनिवार को मौसम साफ होते ही बर्फ से लदी वादियों में सैलानियों ने पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग, स्नो स्लेज, स्नो ट्यूब और माउंटेन बाइक का मजा लिया।

इसके अलावा दिन के समय घुड़सवारी कर सैलानी बर्फ से लदे धार्मिक स्थल अंजनी महादेव पहुंचे। पर्यटन कारोबारी पूर्ण ठाकुर, वेद राम, जगदीश व सुरेंद्र ने बताया कि सोलंग नाला की स्की ढलाने बर्फ से ढकी हुई हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार को सोलंग नाला में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी। दूसरी ओर अटल टनल व सिस्सू फोर बाई फोर वाहनों के लिए ही बहाल है। शनिवार को चार सौ से अधिक फोर बाई फोर वाहन सिस्सू पहुंचे। पर्यटन कारोबारी टशी व सुनील ने बताया कि शनिवार को पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ी। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि शनिवार को अटल टनल पर्यटकों के लिए बहाल रही। उन्होंने बताया कि सोलंग नाला में पर्यटक वाहनों की आमद बढ़ने से कुछ देर के लिए ट्रैफिक जाम भी लग रहा है लेकिन पुलिस जवान ट्रैफिक सुचारु रखने के हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात को हिमपात होता है, तो रविवार सुबह वाहनों को नेहरूकुंड से आगे नहीं भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## छह जनवरी से सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-13 : दिनेश





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-13 की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कुल्लू के ढालपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि इस बार भी सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-13 का आयोजन 6 जनवरी से सूत्रधार भवन के सभागार में किया जाएगा।

सूत्रधार कला संगम कुल्लू 48 वर्षों से कला, संस्कृति तथा समाज सेवा के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर अपना योगदान देता आ रही है। आजकल की युवा पीढ़ी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद, कला संस्कृति आदि विविध क्षेत्रों में नए आयामों को स्थापित कर रही है। वहीं, दूसरी ओर आजकल की युवा पीढ़ी कई तरह के नशे तथा मोबाइल के दुष्प्रभावों में पड़ रही है। दिनेश सेन ने बताया कि इसी के मद्देनजर सूत्रधार कला संगम कुल्लू द्वारा बाल प्रतिभाओं के शारीरिक व मानसिक विकास तथा नशे के दुष्प्रभाव को समाप्त करने के लिए संगीत व नृत्य की अकादमी स्थापित की गई है, जिसके अंतर्गत संस्था द्वारा पिछले 13 वर्षों से सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स नृत्य कार्यशाला का आयोजन किया जाता आ रहा है। इसी कड़ी में इस बार भी सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-13 की कार्यशाला का आयोजन 6 जनवरी से 9 फरवरी तक सूत्रधार भवन के सभागार में किया जाएगा। इस कार्यशाला में 4 से 16 वर्ष तक के सभी बच्चे भाग ले सकेंगे। कार्यशाला का समय सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। कार्यशाला में आधुनिक नृत्य के अंतर्गत आने वाली विभिन्न नृत्य शैलियां, बॉलीवुड, सेमी क्लासिकल, हिप-हॉप, सालसा तथा फ्री स्टाइल आदि बच्चों को सिखाई जाएंगी। इस डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-13 कार्यशाला में भाग लेने के लिए इन दिनों सूत्रधार भवन के कार्यालय में प्रवेश जारी है।

## लाहौल को किन्नौर और उत्तराखंड नहीं बनने दिया जाएगा : बीएस राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

सेब लाहौल-स्पीति सोसायटी द्वारा चिनाब बेसिन के लाहौल-स्पीति जिले के अधिकार क्षेत्र में आने वाली समस्त मेगा हाइडल परियोजनाओं को चालू करने की योजना का विरोध किया। सेब लाहौल-स्पीति सोसायटी के अध्यक्ष बीएस राणा ने कहा कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में भौगोलिक परिस्थिति के मद्देनजर मेगा बिजली परियोजनाओं को निरस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि यदि यहां पर बड़े प्रोजेक्ट बनते हैं, तो उनसे सबसे अधिक असर यहां के पर्यावरण पर पड़ेगा।



उत्तराखंड और किन्नौर में मेगा हाइड्रो प्रोजेक्टों ने यहां के पर्यावरण को बिगाड़ कर रख दिया है और साथ ही विकास के नाम पर भी उतराखंड और किन्नौर विनाश का दंश झेल रहे हैं। अब लाहौल की जनता को भी मेगा हाइड्रो प्रोजेक्ट बनने से क्षेत्र में तबाही मचने का भय सताने लगा है। लाहौल-स्पीति में वर्षों पुराने ग्लेशियर हैं, ऊंचे पहाड़ और यदि यहां पर बड़े प्रोजेक्ट लगते हैं, तो उसकी मशीनरी से ग्लेशियरों को खतरा पैदा हो सकता है साथ ही पर्यावरण पर भी इसका काफी असर पड़ेगा। किसी भी सूरत में लाहौल को किन्नौर और उतराखंड नहीं बनने दिया जाएगा। लाहौल-स्पीति में जहां ये परियोजनाएं प्रस्तावित हैं, वहां का पूरा क्षेत्र भूकंपीय रूप से बहुत ही संवेदनशील और कमजोर है, जो भूकंपीय जोन-4 और 5 में आता है। उत्तराखंड तथा किन्नौर की सर्वविदित तबाही और विगत वर्षों में पूरे हिमाचल में बाढ़ और भूस्खलन की विभीषिका के दृष्टिगत जन साधारण इन बड़ी हाइड्रो परियोजनाओं के प्रस्ताव के विरोध में हैं।

## पूर्व सीएम ने गांव में बांटा प्रभावित परिवारों का दर्द

### तांदी अग्निकांड प्रभावितों के घर बनाने को एनएचपीसी से दिलाएंगे टीन की 50-50 चादरें

**अनंत ज्ञान, बंजार**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने बंजार के तांदी गांव पहुंचकर अग्निकांड प्रभावितों से मिलकर उनका दर्द समझा और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। लोगों से मिलकर वह भावुक हो गए, उन्होंने कहा कि इस गांव की एक अलग पहचान थी, पर्यटक देखने आते थे, लेकिन अब कुछ नहीं बचा। उन्होंने कहा कि मेरी केंद्रीय शहरी विकास एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी बात हुई है, जिन्होंने तत्काल प्रदेश में सेवारत उपक्रमों को पीड़ित परिवारों की मदद के लिए निर्देश दिए हैं।

एनएचपीसी से अधिकारी यहां पहुंचे और जल्द प्रभावित परिवारों को मकान बनाने के लिए टीन के चादर छत डालने को दिए जाएंगे। उन्होंने प्रभावित परिवारों को इस संकट की घड़ी में हौसला बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि आप सबने बड़ी हिम्मत के साथ सामान बचाने का प्रयास किया, लेकिन घर बचाना मुश्किल हो गया था। घर दोबारा भी बन जाएंगे, आप हौसला बनाए रखें। मदद का कोई न कोई रास्ता निकल आएगा। यहां सड़क सुविधा बेहतर बनाने के लिए जल्द केंद्रीय मंत्री से बात करूंगा और इस संपर्क सड़क के लिए स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी और सांसद कंगना रनौत दोनों मिलकर 10 लाख की राशि जारी कर देंगे, ताकि लोगों को सामान पहुंचाने में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि मेरी मुख्यमंत्री से भी इस हादसे बारे बात हुई है और मैंने आग्रह किया है कि 2023 की प्राकृतिक आपदा की तरह इन परिवारों को भी राहत राशि बढ़ाकर दी जाए, जिससे आपदा का यह दर्द कम हो सके।

जयराम ने कहा कि यहां कभी भी बर्फबारी शुरू हो जाएगी, तो लोगों को खुले में बहुत परेशानी होगी। ऐसे में सरकार को तत्काल राहत एवं पुनर्वास कार्य समय रहते पूरे करने चाहिए। इस मौके पर उनके साथ स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी, आनी के विधायक लोकेंद्र नेगी, नाचन के विधायक विनोद कुमार भी उपस्थित रहे।

### प्रभावित परिवारों को बांटा जरूरत का सामान

**उन्होंने** सभी 20 प्रभावित परिवारों को कंबल, किचन सेट और बर्तन भी बांटें। इससे पूर्व जयराम ठाकुर ने पूरे गांव का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। इसके बाद सभी ग्रामीणों से एक ही जगह बातचीत कर हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा मेरे गांव का नाम भी तांदी है और इसी ऊंचाई पर स्थित है। इसलिए पहाड़ों के लोगों का दर्द समझता हूं। सबसे पहले आपकी सड़क की समस्या का समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि आप मिलकर पीड़ित परिवारों की खुलकर मदद करें।

## गोपाल चौधरी ने हिंदी गीतों पर मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू के मालरोड में फिर से एक बार कुल्लू महोत्सव की खूब धूम मची हुई है। दिन के समय जहां लोग मालरोड पर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं, शाम को चार बजे के बाद से मालरोड पर ही सजे मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।

इसी कड़ी में कुल्लू-महोत्सव की चौथी सांस्कृतिक संध्या में कुल्लू के लोकगायक गोपाल चौधरी ने दर्शकों को खूब नचाया। गोपाल चौधरी ने कुल्लवी नाटियों व अन्य गीतों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। गोपाल चौधरी ने ढीली नाटी ..लोतू फुहाला, काली हाणटिये, कला लाड़ी ऊझी री झेचिये आदि से समां बांधा। इसके बाद बाउलिये शिल्पा चौल लाहुल घूमदे जाणा.. गोरा तेरा मुहड़ू झप केरदा पर सबको नाचने पर मजबूर कर दिया। इससे पहले होर्न नृत्य से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। हौरन नृत्य सबके आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद नव ज्योति पब्लिक स्कूल के बच्चों ने योगा नृत्य पेश कर योग के महत्व को समझाया। फेंसी डांस भी बच्चों ने पेश किया। साई स्टार स्कूल के बच्चों ने सेमी क्लासिकल डांस पेश किया। ब्यास संस्कृत महाविद्यालय कुल्लू के विद्यार्थियों ने कथक पर प्रस्तुति दी। श्याम चंद अटारी और चंपा देवी ने खूबसूरत गीत पेश किए। दिनेश कुल्लवी ने भी अपनी आवाज का जादू बिखेरा। ऋषिता कौंडल ने डांस पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर तालियां बटोरीं। रामशिला के रामेश्वर महंत, रीना ठाकुर, गुडडी देवी आदि कलाकारों भी मालरोड के मंच से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कड़ाके की ठंड के बावजूद काफी अधिक संख्या में दर्शक सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचे। युवा कुल्लवी, फिल्मी गीतों पर खूब थिरके। इस दौरान नगर परिषद कुल्लू के ईओ अनुभव शर्मा, नगर परिषद कुल्लू के उपाध्यक्ष चंदन प्रेमी आदि मौजूद रहे।

## खेलों से बढ़ती है फिटनेस व एकाग्रता : तोरुल रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला प्रशासन एवं सन शाइन अकादमी कुल्लू द्वारा बैडमिंटन कैंप का शुभारंभ डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश द्वारा किया गया।

उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट में रिबन काटकर इस कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में विभिन्न आयु वर्ष के 32 बच्चे 3 से 24 जनवरी तक अभ्यास करेंगे तथा इसके लिए 500 रुपए का प्रवेश शुल्क रखा गया है। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि किसी भी खेल सहित बैडमिंटन कैंप में खेलने का महत्व बहुत अधिक है। यह सिर्फ एक खेल ही नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक मंच होता है। कैंप में नियमित अभ्यास से बच्चों की शारीरिक फिटनेस बढ़ती है। वे चुस्त-दुरुस्त और मजबूत बनते हैं। खेलने से बच्चों का संतुलन और समन्वय बेहतर होता है। खेल के दौरान बच्चों को पूरी तरह से केंद्रित रहना होता है, जिससे उनकी एकाग्रता बढ़ती है। खेलने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है। बच्चे अच्छे प्रदर्शन करते हैं, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इसके अतिरिक्त खेल बच्चों सामाजिक विकास, टीम वर्क, दोस्ती, सहयोग, व्यक्तित्व विकास, अनुशासन की भावना विकसित करने में भी सहायक हैं। डीसी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को यहां चेंजिंग रूम की व्यवस्था करने को भी कहा, ताकि खिलाड़ियों को खेलने के लिए अपनी पोशाक बदलने की सुविधा मिल सके।

## 12 बोतलें अवैध शराब बरामद

**आनी।** आनी पुलिस ने होटलों, ढाबों, दुकानों में अवैध शराब परोसने या बेचने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में पुलिस थाना आनी की टीम ने एक बार फिर आनी कस्बे में छापेमारी के दौरान एक ढाबे और एक किरयाना दुकान से अवैध शराब बरामद की है, जिस पर पुलिस ने दोषियों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा-39 (1) के तहत मामले दर्ज कर लिए हैं।

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि आनी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर चेत राम निवासी रोपड़ी के राजा रघुबीर सिंह स्टेडियम के साथ ढाबे में छापेमारी की, तो ढाबे से 4 बोतलें ऊना नंबर 1 देसी अवैध शराब की बरामद की है। वहीं, दूसरे मामले में आनी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ही मिशन कॉलोनी में खेमराज की किरयाना दुकान में छापेमारी के दौरान 8 बोतलें ऊना नंबर-1 देसी अवैध शराब की बरामद की हैं। डीएसपी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## बड़ाग्रां में मनाया नगेड़ उत्सव

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पंचायत प्रधान संघ नग्गर खंड के पूर्व चेयरमैन व पंचायत बड़ाग्रां के पूर्व प्रधान देवेंद्र नेगी ने कहा कि इस बार भी देव परंपरानुसार नगेड़ उत्सव मनाया गया। उन्होंने बताया कि नगेड़ का यह उत्सव वास्तव में नाग देवताओं की पूजा-परंपरा से जुड़ी किंवदंती को दर्शाता है, जब प्राचीन काल में कुलुत देश में देवताओं सहित क्षेत्र में जगह-जगह नागों का साम्राज्य था, तो स्थानीय देवताओं संग नाग देवताओं की पूजा उत्सव मनाय जाने के साथ नागहेड़ नगेड़ की दो गांवों के मध्य दौड़ (रेस) की प्रथा शुरू हुई।

इस दौड़ मुकाबले में प्राली से वनाय गय दर्जनों फुट लंबा (सांप) नाग के आकार स्वरूप को जिसे लोकल भाषा में गुण कहा जाता है, उसे बनाया जाता है। फिर नाग देवताओं देवलुओं व स्थानीय देवलुओं के मध्य लंबी दौड़ रेस में लोग गिरते-पड़ते अपनी जीत सुनिश्चित करते हैं। यह परंपरा सदियों से विशेषकर नग्गर गांव व बड़ाग्रां गांव में एक ही दिन में देव संस्कृति अनुसार निभाई जाती है।

**निर्देश** सर्दियों को लेकर विभाग की ओर से की गई तैयारियों की समीक्षा

## घाटी के लोगों की सुविधाएं सुचारु करना सुनिश्चित करे विभाग : अनुराधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाटी के लोगों की सुविधाओं को सुचारु करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने शनिवार को उदयपुर उपमंडल में लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड और वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सर्दियों को लेकर विभाग द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्दियों में लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने लोगों को मूलभूत सुविधाएं सुचारु रखने की बात कही। विधायक ने कहा कि आम जनमानस की सुविधा सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देश दिए कि हिमपात से बंद होने वाली सड़कों को समय पर बहाल किया जाए, ताकि घाटी के लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। उन्होंने जल शक्ति विभाग को भी निर्देश दिए कि पानी की आपूर्ति बाधित होने की सूरत में उसे जल्द बहाल किया जाए। इस अवसर पर समस्त विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस पर निरमंड में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले होंगे सम्मानित



उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम।

**अनंत ज्ञान, आनी**

गणतंत्र दिवस के मौके पर निरमंड उपमंडल में समाजसेवा के क्षेत्र में बेहतरीन सेवाएं देने वालों और अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने वाले सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

निरमंड के पंचायत समिति हॉल में उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह पर निरमंड के तमयूणी स्थित खेल परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। बैठक में विभिन्न विभागों से आए अधिकारियों के साथ समारोह को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई। एसडीएम ने बताया कि गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर निरमंड के स्कूलों, कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयंसेवी और निरमंड पुलिस की टुकड़ी की सलामी परेड होगी, जबकि महिला मंडलों, आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी वर्कर्स की देशभक्ति आधारित रंगारंग कार्यक्रम और नाटी होगी। स्कूलों, कॉलेज के स्टूडेंट्स का देशभक्ति पर आधारित समूहगान, भाषण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। एसडीएम ने सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रबंधन को किया जा रहा सुदृढ़

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश अपनी कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के कारण प्राकृतिक आपदाओं की दृष्टि से सदैव संवेदनशील राज्य रहा है। आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत आपदा आने पर आपदाओं के प्रतिकूल प्रभाव के प्रबंधन के लिए हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन 1 जून 2007 को किया गया। सिरमौर में आपदा की परिस्थिति में आपदा से निपटने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा क्रियाशील एवं राहत केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया है। सिरमौर एक पहाड़ी भू-भाग होने के कारण इस जिले में भू-स्खलन, भारी बारिश, बाढ़ आदि की संभावनाएं भी अधिक रहती है। सिरमौर में किसी भी आपदा के परिणामों के जोखिम को कम करने के लिए जिला आपदा प्राधिकरण को सुदृढ़ किया जा रहा है। आपदा से निपटाने के लिए जिले में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। आपदा की परिस्थितियों से निपटने के लिए जिला प्राधिकरण द्वारा 3 भूस्खलन निगरानी सैंसर और तकनीक, सैटेलाइट फोन आदि का प्रयोग किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में स्थापित नियंत्रण कक्ष में उच्च आवृत्ति के सैट (वीएचएफसैट), डीएच सैट आपातकालीन टॉर्च, टेलीफोन, मोबाइल सेटेलाइट फोन, लाइफ जैकेट तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया समर्थन प्रणाली (इआरएसएस) उपलब्ध करवाए गए हैं। प्राधिकरण में ड्रोन संचालन के लिए एक लाइसेंस प्राप्त ड्रोन संचालक और हैम रेडियो संचालक भी उपलब्ध है। सिरमौर में वास्तविक जीवन की आपात स्थितियों का अनुकरण कर आपातकालीन योजनाओं और प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता के परीक्षण के लिए नियमित रूप से मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स नवाजे




**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** पूर्व गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल दाड़ला मोड़ में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता गुलशन रंगबाल, पंचायत समिति सदस्य रक्षा ठाकुर, पंचायत प्रधान संयाडी मोड़ शंकर लाल, भीम राज शर्मा, सेवानिवृत्त पीईटी नत्थू राम शर्मा और संत राम ने विशिष्टातिथि के रूप में शिरकत की। चैयरमैन अमर शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उनकी अकादमिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान स्टूडेंट्स ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

### संजय अवस्थी आज अर्की के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी 5 जनवरी, 2025 को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। संजय अवस्थी 5 को प्रातः 11.30 बजे रामशहर तहसील की पंचायत बायला के गांव बिरसियां में जनसमस्याएं सुनेंगे।

### नगर परिषद बद्दी लगाएगी स्ट्रीट लाइटें



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नगर परिषद बद्दी ने शहर के सबसे व्यस्त मार्ग पर पथ प्रकाश की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सड़क के बीचों-बीच स्ट्रीट लाईटें लगाने का निर्णय लिया है। इस योजना को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने के लिए एसडीएम बद्दी विवेक महाजन ने लोक निर्माण विभाग, शहरी विकास विभाग व बिजली विभाग की संयुक्त बैठक बुलाकर इस कार्य योजना की समीक्षा की। इस योजना के तहत साईं रोड बद्दी सेंटर डिवाइडर के बीच यह स्ट्रीट लाईटें स्थापित होंगी, जबकि इस समय सड़क के दोनों ओर लाईटें लगी हुई हैं, जो कि अधिकांश बंद पड़ी हुई हैं। नगर परिषद बद्दी ने नई लाईटें लगाने का जो खाका खींचा है, उसमें सड़कों के बिलकुल मध्य में पोल लगेगा और उपर जाकर उसके दो सिरे दाएं और बांए लाइटें लगेंगी। एसडीएम ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जब नगर परिषद यह 110 लाईटें स्थापित करेगी, तो उसके साथ लोक निर्माण विभाग उसका पूरा सहयोग करेगा और ट्रैफिक भी बाधित नहीं होना चाहिए। नगर परिषद बद्दी के एसडीओ दिनेश चौधरी ने बताया कि साइ रोड पर लाईटें लगाने के लिए नगर परिषद ने लगभग 90 लाख रुपए बिजली बोर्ड को स्थानांतरित कर दिए हैं और लाईटें लगाने का जिम्मा उन्हीं का है। डिवाईडर लगाने का जिम्मा पहले ही लोक निर्माण को दिया जा चुका है।

### सोलन शहर में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 जनवरी को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली मंडल सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 5 को प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक माल रोड, अप्पर बाजार, पुराना डीसी कार्यालय, आनंद कांप्लेक्स, न्यायालय परिसर, लोक निर्माण विभाग कालोनी, क्लीन, सेर क्लीन, सन्नी साइड, विवांता माल, चिल्ड्रन पार्क, पुस्तकालय, क्षेत्रीय अस्पताल, अस्पताल मार्ग, फोरेस्ट रोड, जौणाजी, शिल्ली, अश्वनी खड्ड, दामकड़ी, फशकना, फ्लाइ, मेला मैदान, हरट, बेल, नेरी, गण की सेर, जबलाटी, मनसार, जोखड़ी, हॉट मिक्स के आसपास के क्षेत्र, ग्रानी, सलोगड़ा के कुछ क्षेत्र, सेवला, बरड़ बस्ती, बूरी, तरणताल, पड़ग, विनसम होटल, दाउंसी, चल्हूत, कड़हारी, कोठी, कथोग, बजडोल, जडोह, शामती, डमरोग, ऑफिसर कालोनी, कोटलानाला, कथेड़, मिनी सचिवालय, लक्कड़ बाजार, गंज बाजार, शिल्ली मार्ग, डीसी आवास क्षेत्र, मोहन कालोनी, मधुबन कालोनी, हरि मंदिर क्षेत्र, राजगढ़ मार्ग, नगर निगम क्षेत्र, रेलॉन्ट शोरूम तथा आसपास के क्षेत्र, चौक बाजार, सर्कुलर मार्ग, धोबीघाट, आईटीआई, पुराना बस अड्डा आदि क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पानी घोटाले पर डिप्टी सीएम दें इस्तीफा: भाजपा

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश के जल शक्ति विभाग के ठियोग मंडल में हुए करोड़ के घोटाले के कारण सिरमौर जिले के भाजपा नेताओं ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, जिनके पास जल शक्ति मंत्रालय का कार्यभार भी है उनसे त्याग पत्र की मांग की है। सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह अपने आप में एक अनोखा घोटाला है, जिसमें पेयजल के लिए त्रस्त ग्रामीणों के साथ भद्दा मजाक किया गया और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदारों द्वारा स्कूटरों, मोटरसाइकिलों और कारों में टैंकरों के जरिए गांव-गांव में पानी पहुंचाने का घोटाला किया गया। भाजपा नेताओं ने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री इस गंभीर मामले में तुरंत संज्ञान लेकर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जिनके पास जल शक्ति विभाग है, उनसे इस्तीफा मांग लेना चाहिए। करोड़ों रुपए के इस घोटाले से पूरे देश में हिमाचल की छवि खराब हुई है। भाजपा नेताओं ने कहा कि दो अधिशाषी अभियंता समेत एसडीओ व जेई समेत 12 लोगों को निलंबित कर इस घोटाले पर पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है, जबकि हकीकत यह है कि इस घोटाले के तार बड़े स्तर के राजनीतिज्ञों तक जुड़े हैं।

### आरएंडपी नियमों में किए संशोधन का किया स्वागत


**सोलन।** हिमाचल प्रदेश कृषि सेवाएं संघ प्रथम श्रेणी ने आरएंडपी नियमों में किए गए संशोधन का स्वागत किया है। इससे कृषि विभाग में वरिष्ठ पदों पर पदोन्नति के रास्ते खुलेंगे। हिमाचल कृषि सेवाएं संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रविंद्र शर्मा ने पत्रकार वार्ता कर कृषि अधिकारियों ने आरएंडपी नियमों में संशोधन किए जाने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश, कृषि मंत्री चंद्र कुमार और स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और कृषि सचिव सी पाल रासु का भी संघ की तरफ से धन्यवाद किया। डॉ. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कई वर्षों से लंबित कृषि विभाग की मांग को आवश्यक समझते हुए पूरा किया है।

# तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी से छूटे पसीने

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जनवरी महीने में आमतौर पर पूरे महीने में मौसम ठंडा रहता है पर जनवरी के पहले सप्ताह में तापमान से रिकॉर्ड बढ़ोतरी से शहरवासियों के पसीने छूड़ा दिए हैं। दो दिनों से अच्छी धूप खिलने और ठंडी हवाएं बंद होने से लोगों को गर्मी का अहसास करवा दिया है।

धूप में बैठे लोगों को तो गर्म कपड़े उतारने को मजबूर होना पड़ा। कारण है कि शहर के तापमान में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सोलन का अधिकतम तापमान 18 डिग्री के करीब पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक दर्ज किया गया है। पिछले दो दिनों से सुबह, शाम गर्मी गायब हो गई है। हालांकि मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में फिर से ठंड का सितम झेलना पड़ेगा। अचानक हुई गर्मी से सभी हैरान हैं। (अनंत ज्ञान)



### फलदार पौधों के लिए लाभकारी

**नौणी** विवि के मौसम विभाग के मुताबिक यह बारिश फसलों और फलदार पौधों के लिए लाभकारी साबित होगी। आगामी दिनों में नई पौध लगाने के लिए उपयुक्त है। बशर्ते है कि गड्ढे पूर्व में किए गए हो। गौर हो कि फसलों की बिजाई के बाद से किसान पिछले दो माह से बारिश का इंतजार कर रहे थे। जिला सोलन में पिछले लंबे समय से बारिश न होने के कारण सूखे की स्थिति बन गई थी। जिले में इन दिनों रबी सीजन की लगभग सभी फसलें सूखे की चपेट में हैं।

### आगामी दिनों में बारिश का पूर्वानुमान

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा के मुताबिक 5 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से 6 जनवरी को ऊंचाई वाले इलाकों में बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। सोलन में भी 5 और 6 जनवरी को बारिश का पूर्वानुमान है। इससे न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की कमी आएगी। वहीं, अधिकतम तापमान में 5 से 9 डिग्री कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग ने 6 जनवरी के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है खासकर बर्फबारी वाले क्षेत्रों के लिए। शिमला और आसपास के ईलाकों में सर्दी के मौसम में इस तरह की गर्मी जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को दर्शाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं भविष्य में भी बढ़ सकती हैं।

### 0 से 4 डिग्री तक आ गया था तापमान

पिछले सप्ताह सोलन सहित आसपास के क्षेत्रों में हुई बारिश से शहर के न्यूनतम तापमान 0 से 4 डिग्री तक दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान भी करीब 11 डिग्री आ गया था पर लोग यह भी अटकलें लगा रहे हैं कि यदि अभी से तापमान में तेजी आई तो आगे क्या होगा। वहीं, बारिश के बाद अच्छी धूप खिलने से किसान, बागवानों को खेतों में काम करने का अवसर जरूर मिला। पिछले सप्ताह सेब और अन्य पौधों की नई पौध लगाने के लिए मौसम अनुकूल रहा।

### मिट्टी में नमी से कृषि कार्य में जुटे किसान

**सोलन** जिले में भी अक्तूबर और नवंबर में वर्षा की काफी कम हुई है। सोलन में सबसे हालिया बारिश सितंबर में हुई थी, जो कि सामान्य से भी काफी कम थी। परिणामस्वरूप, मिट्टी में नमी की कमी से कृषि गतिविधियों को जूझना पड़ रहा है। बीते दिनों हुई बारिश से अब जमीन में नमी आई है। ऐसे में किसान अब कृषि कार्यों में जुटे हैं। रबी मौसम में पत्ता गोभी, फूलगोभी, मटर, प्याज, लहसुन और अन्य रूट फसलें उगाने में लाभकारी रहेगी। इसके विकास के महत्वपूर्ण चरणों के दौरान पर्याप्त मृदा की नमी की आवश्यकता होती है। अपर्याप्त मिट्टी की नमी भी फलों के पौधों को नुकसान पहुंचा सकती है, जिससे जड़ों का विकास रुक जाता है और वे बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। बारिश होने से अब किसानों की समस्या दूर हुई है।

## मंत्री के दबाव में किन्नौर पुलिस वाहन चालकों के कर रही चालान : सूरत

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ में इन दिनों रोजाना आम जनता को जरूरत के चीजे खरीददारी व अन्य कार्य करने के दौरान चंद मिनट वाहन खड़ा करने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि किन्नौर पुलिस कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के दबाव में वाहनों के चालान कर रही है। यह बात भाजपा नेता सूरत नेगी ने रिकांगपिओ में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि किन्नौर में खनन माफिया सक्रिय हुए हैं और दिन-रात खनन का काम चला हुआ है, लेकिन पुलिस खनन माफियाओं पर शिकंजा नहीं कस रही है न ही उनके वाहनों के चालान किए जा रहे हैं और परियोजना में काम करने वाले ठेकेदार दिन-रात सतलुज नदी में मलवा फैंक रहे हैं, उस पर भी पुलिस मुकदर्शक बनी हुई है।

सूरत नेगी ने कहा कि किन्नौर पुलिस के कुछ सूत्रों ने बताया कि जिले में केबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने पुलिस के उच्च अधिकारियों पर दबाव बनाया है कि रिकांगपिओ में आम जनता के वाहनों के चालान किए जाएं और बाजार को पूरी तरह खाली रखा जाए, जब भी आम जनता पुलिस से वाहन चालानों को लेकर सवाल पूछती है, तो पुलिस के कई जवान तो कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी द्वारा वाहन चालान के आदेश दिए जाने की बात भी कह रहे हैं। उन्होंने कहा कि किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ में आम जनता पुलिस के लगातार वाहन चालान व पुलिस जवानों की बेरुखी से परेशान है, लेकिन कैबिनेट मंत्री व किन्नौर पुलिस के अधिकारी इस विषय को लेकर सुध नहीं ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## लक्कड़ डिपो के पास दुकानों में लगी आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत झाड़माजरी में स्थित लक्कड़ डिपो के पास तीन दुकानों में भीषण आगजनी का मामला सामने आया है।

घटना बीती देर रात की है, जब दुकानदार अपनी दुकानें बंद करने के बाद घर चले गए, तो उन्हें 2 बजे के आसपास रात को फोन आया कि उनकी दुकानों में आग लगी है, तो वह मौके पर पहुंचे और उन्होंने दमदल विभाग को सूचित किया पर तब तक आग ने विराट रूप धारण कर लिया था और आग की बड़ी-बड़ी लपटें उठ रही थी, जिसके बाद दमकल विभाग बद्दी की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर तो काबू पा लिया, लेकिन इस आगजनी में तीन दुकानों में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। इस अग्निकांड में किसी का जानी



नुकसान नहीं हुआ है। इस अग्निकांड में तीन दुकानें जलकर खाक हो चुकी हैं और उनका साढ़े 6 लाख से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान दमकल विभाग की ओर से लगाया गया है। इस बारे में पीड़ित दुकानदार लोकेंद्र सिंह और मनदीप ने बताया कि वह दुकानें बंद करने के बाद घर चले गए थे और उन्हें रात को फोन आया कि उनकी दुकानों में आग लगी है तो उन्होंने दमकल विभाग को सूचित किया, लेकिन तब तक उनकी दुकानें जलकर स्वाह हो चुकी थी उन्होंने सरकार और प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, ताकि वह एक बार फिर अपनी दुकानदारी खड़ी कर सकें।

## संदीप प्रधान, पिल देव बने उपप्रधान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** संयुक्त पटवार व कानूनगो संगठन पच्छाद इकाई की बैठक मनोज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिला अध्यक्ष भगत सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में मनोज शर्मा द्वारा वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू हुई। नई कार्यकारिणी के गठन के लिए भगत सिंह को जिम्मेदारी दी गई, जबकि नारग इकाई के अध्यक्ष संदीप ठाकुर को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। इस अवसर पर संदीप कुमार को इकाई का प्रधान, कपिल देव को उपप्रधान, सतीश कुमार को महासचिव, नरदेव सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त चेतन चौहान को प्रेस सचिव, शीला देवी को प्रेस सह सचिव, आयुष पुंडीर को सह सचिव चुना गया।

## विस उपाध्यक्ष ने लाखों के किए उद्घाटन व शिलान्यास

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने शनिवार को राजगढ़ में 12 लाख रुपए से निर्मित कानूनगो भवन का लोकार्पण करने के उपरांत 70 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नगर पंचायत के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र की आधारशिला रखी।

यह ठोस अपशिष्ट प्रबधन संयंत्र नौ बीघा 12 बिस्वा भूमि पर बनकर तैयार होगा। यहां काबिले जिक्र है कि यहां पिछले लगभग तीन दशकों से इस संयंत्र को बनाने की मांग जनता द्वारा की जा रही थी और दशकों पुरानी यह मांग अब पूरी हो गई है। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में कांग्रेस के 2 साल पूरे हो चुके हैं और इन 2 सालों में हमने कितने विकास कार्य किए हैं सभी जानते हैं और हिमाचल में इस अवधि में जितनी प्राकृतिक आपदाएं आई हैं,




वह भी हम सभी ने देखी और उसके बाद भी प्रदेश में सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाकर समाज के अंतिम आदमी तक इन योजनाओं को पहुंचाया है, ताकि प्रदेश का समग्र एवं सर्वांगीण विकास हो सके।

इसके साथ-साथ विनय प्रदेश भाजपा पर भी जमकर बरसे उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने लोटस के अंतर्गत प्रदेश में कांग्रेस सरकार को तोड़ना चाहा, मगर भाजपा इसमें कामयाब नहीं हो पाई और इसके लिए नए हिमाचल की जनता को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार ने सीमित संसाधन व फंड की कमी होने के बावजूद भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन से हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और मुख्यमंत्री द्वारा किए गए अनेक सुधारों के परिणामों के चलते प्रदेश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े बदलाव किए हैं, जिसके अच्छे परिणाम सामने आए हैं। सरकार ने अध्यापकों के 6000 पदों को भरने की स्वीकृति प्रदान की है तथा प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में 3000 अध्यापकों को बैचवाइज नियुक्ति प्रदान कर दी गई है।

## हर्षवर्धन कल से सिरमौर प्रवास पर

**नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान 6 व 7 जनवरी को जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी।

उद्योग मंत्री 6 को प्रातः 11:30 बजे डीसी कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय सलाह एवं निगरानी समिति की बैठक में भाग लेने के उपरांत 4 बजे पांवटा साहिब में एक्स-रे मशीन का शुभारंभ करेंगे तथा हिमाचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एवं उद्योग के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। उद्योग मंत्री 7 को प्रातः 10 बजे चिलों में चिलों-चौकी-मिरगवाल सड़क मार्ग का शिलान्यास करेंगे।

## टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मिक्स डबल्स जूनियर वर्ग में हिमाचल को गोल्ड

**अनंत ज्ञान, सोलन**

टेनिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने इस बार बेहतर प्रदर्शन किया है।

उत्तर प्रदेश के गाजी में आयोजित 26वीं राष्ट्रीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता में हिमाचल ने मिक्स डबल्स जूनियर में गोल्ड मेडल हासिल किया है। इसी प्रतियोगिता के सब जूनियर गर्ल्स टीम ने भी तीसरा स्थान प्राप्त किया। हिमाचल प्रदेश टेनिस वॉलीबॉल एसोसिएशन के महासचिव गोबिंद सिंह ने बताया कि इस जीत का श्रेय हिमाचल के मेहनती खिलाड़ियों और




उनके प्रशिक्षकों को जाता है मुख्य प्रशिक्षक ज्ञान मेहता और नितेश चौहान ने हिमाचल के खिलाड़ियों को खेल के कौशल का उचित प्रशिक्षण दिया, जिस कारण हिमाचल की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया। हिमाचल प्रदेश टेनिस वॉलीबॉल जूनियर ब्वॉयज टीम में रजत, पीयूष, कार्तिक, युग, तेजस ठाकुर, कार्तिक ठाकुर व आदर्श भंडारी शामिल हैं। इसी प्रकार सब जूनियर टीम में सपनेश, संजय, दक्ष रावत, अभिज्ञ, शाविक, आदित्य व अभिमन्यू चौहान शामिल हैं। इसी प्रकार हिमाचल सब जूनियर गर्ल्स टीम में दीपांशी, निवेदिता, रितिका, पल्लवी, प्रीतिका, आस्था व हर्षिता, जबकि जूनियर गर्ल्स टीम में दिव्यांशी चौहान, प्रिया, पलक, जुन्नू, अंजलि और गुंजन शामिल थे।

## रायपुर में आयोजित स्कूल नेशनल गेम्स में हिमाचल ने जीते दो कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, सोलन**




हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों ने 68वीं स्कूल नेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन किया।

कुराश प्रतियोगिता में दीपांशी ने 48 किलोग्राम भार वर्ग (अंडर-17) वर्ग में कांस्य पदक जीता, जबकि गौरव ने 60 किलोग्राम भारवर्ग (अंडर-17) वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। दोनों खिलाड़ी वीरेंद्र सिंह धौल्टा से कोचिंग लेते हैं, जिनका मार्गदर्शन उनके इस शानदार प्रदर्शन का आधार रहा है। इस शानदार उपलब्धि पर एडीपीईओ सोलन अशोक चौहान बासु ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि दीपांशी गर्ल्स सीसे स्कूल सोलन की छात्रा है, जबकि गौरव सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवठी का छात्र है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

## बद्दी में ज्वेलरी शॉपकीपर पर तेजधार हथियार से हमला, कटी तीन अंगुलियां

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत चक्का मार्ग पर स्थित एक ज्वेलरी शॉपकीपर पर तेजधार हथियार से जानलेवा हमले करने का मामला सामने आया है।

वारदात उस समय हुई, जब ज्वेलरी शॉप का मालिक अपनी दुकान पर काम कर रहा था अचानक एक नेपाली व्यक्ति उसकी दुकान पर आया, तो उसने पहले दुकानदार से किसी बात को लेकर बहस की, लेकिन उसके बाद अपने पास छुपा रखा हथियार निकाला और ज्वेलर पर तेजधार हथियार से हमला कर दिया। हमले में ज्वेलर की तीन अंगुलियां कट गई, जिसे पहले स्थानीय लोगों की मदद से उसे बद्दी के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने पीड़ित की हालत को गंभीर देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। फिलहाल पीजीआई चंडीगढ़ में ज्वेलर का इलाज चल रहा है और उसकी हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। हमले के बाद ज्वेलर की दुकान पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई और भीड़ ने आरोपी नेपाली को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया है फिलहाल पुलिस ने आरोपी नेपाली को गिरफ्तार कर आगामी जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

> **एएसपी** बद्दी अशोक वर्मा ने बताया कि एक ज्वेलरी शॉप पर दुकानदार पर तेज हथियार से हमला हुआ है, जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया है उसे पहले बद्दी के सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने पीड़ित को गंभीर देखकर उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया है। उन्होंने कहा कि ज्वेलरी शॉपकीपर और नेपाली व्यक्ति जिसका नाम प्रेम है, उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद था, जिसके बाद नेपाली ने उसके ऊपर तेजधार हथियार से हमला कर दिया उनका कहना है कि हमले में नेपाली को भी चोट आई हैं, जिसको लेकर पुलिस नेपाली का भी ईलाज करवा रही है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### नगर पंचायत अर्की की बैठक अनुज गुप्ता की अध्यक्षता में हुई आयोजित

## आनंदमठ नाले में डंपिंग के रेट निर्धारित

**अनंत ज्ञान, अर्की**

नगर पंचायत अर्की की मासिक बैठक अध्यक्ष अनुज गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मक डंपिंग प्वॉइंट के लिए मांझू सड़क पर स्थित आनंदमठ क्षेत्र के साथ नाले में स्थायी व्यवस्था बनाने पर सहमति व्यक्त की गई। प्रधान अनुज गुप्ता ने बताया कि इसके लिए मठ के साथ सड़क बनाई गई है, ताकि मक डंपिंग का कार्य सुचारु रूप से चल सके। इसके लिए औपचारिकताएं पूरी होते ही शहर में मक डंपिंग के लिए लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा , इसके तहत ट्रॉली, टिप्पर और ट्रक के लिए किराया निर्धारित किया गया। छोटी ट्रैक्टर ट्रॉली, पिक अप आदि का 150 रुपए, टिप्पर का 200 रुपए तथा बड़े ट्रक का 500 रुपए किराया निर्धारित किया गया। इसके अलावा, शहर में पार्किंग की बढ़ती समस्या के समाधान एवं लोगों की मांग पर



वार्ड-3 में बनी नई पार्किंग की दरें तय की गई। छोटी गाड़ियों के लिए 300 तथा बड़ी गाड़ियों के लिए 400 रुपए शुल्क तय किया गया तथा बीएसएनएल कार्यालय के समीप हवाघर में पहले से मौजूद पार्किंग के लिए 200 रुपए छोटी गाड़ी और 250 रुपए बड़ी गाड़ी का शुल्क निर्धारित किया गया। इसके अलावा सालाना भुगतान करने वालों के लिए इन्हीं जगहों में एक निश्चित स्थान देने का निर्णय लिया गया, जहां उनकी गाड़ी नियमित रूप से पार्क हो सकेगी।

**रिपोर्ट** सोलन में 11 शिक्षा केंद्रों का चयन, निजी संस्था को सौंपा कार्य, इसमें लेबर का कार्य करने वाले प्रवासियों के बच्चे सबसे अधिक

# आउट ऑफ स्कूल के करीब 1000 बच्चों को पढ़ाएगा शिक्षा विभाग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

आउट ऑफ स्कूल को लेकर शिक्षा विभाग की ओर से 2025-26 के लिए की गई सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक जिले भर में करीब 1000 से अधिक बच्चे शिक्षा से वंचित हैं।


इसमें लेबर का कार्य करने वाले प्रवासियों के बच्चे सबसे अधिक हैं। शिक्षा विभाग ने अब संबंधित बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए 11 शिक्षा केंद्रों को तैयार किया है, जिसमें इन बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसका जिम्मा एक निजी संस्था को


फाइल फोटो।

सौंपा गया है। यह संस्था बच्चों को शिक्षा प्रदान करने में सहायता प्रदान करेगी। जानकारी के अनुसार समग्र शिक्षा के तहत पढ़ाई से वंचित बच्चों के लिए जिला सोलन में सर्वेक्षण किया गया है। समग्र शिक्षा के तहत प्रत्येक डाइट को यह जिम्मा दिया गया है कि वह अपने जिले में पढ़ाई से वंचित रह रहे बच्चों को चिन्हित करें और उन्हें एनआरएसटीसी में पढ़ने के लिए भेजें। रामशहर ब्लॉक के बद्दी और बरोटीवाला क्षेत्र में एक विशेष सर्वेक्षण किया गया। इस वर्ष राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा (आईएफएस) के निर्देशनुसार राज्य परियोजना कार्यालय से नोडल अधिकारी (व्यवसायिक शिक्षा) दिनेश सटेटा, राज्य समन्वयक किरण शर्मा को विशेष सर्वेक्षण की निगरानी एवं पर्यवेक्षण करने के लिए सोलन भेजा गया है, जिसमें सभी एनआरएसटीसी की मॉनिटरिंग सटीक तरीके से सुनिश्चित की गई। इस सर्वेक्षण में जिला समन्वयक योगिंद्र माजटा और स्थानीय विद्यालय से गुरुबचन सिंह, नीलम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस समय जिला खंड रामशहर में इन बच्चों के लिए 11 एनआरएसटीसी संचालित किए जा रहे हैं व बच्चों की संख्या के अनुसार अतिरिक्त सेंटर खोलने पर भी विचार किया जाएगा।

बच्चों का किस स्कूल में कौन सी कक्षा में दाखिला करवाया गया है, इसका रिकार्ड समग्र शिक्षा के प्रबंधक पोर्टल पर अपलोड होगा, जिसमें उम्र के हिसाब से कक्षाओं में दाखिला दिलाया जाएगा यदि बच्चा दस साल का है और उसका कभी स्कूल में दाखिला नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में भी उसे उम्र के हिसाब से कक्षा पांच में प्रवेश दिया जाएगा। इससे पहले उसे शिक्षा केंद्रों पर उसकी कक्षा के लिए प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

> **विभाग** की तरफ से समग्र शिक्षा अभियान के तहत आउट ऑफ स्कूल को लेकर सर्वे किया गया है, जिसमें करीब 1000 बच्चों का चयन किया गया है अब जल्द ही इन्हें स्कूल भेजा जाएगा, जिसमें अतिरिक्त शिक्षा केंद्रों को भी शुरू किया जाएगा।
> **डॉ. शिव कुमार शर्मा, डाइट सोलन के प्रिंसिपल एवं शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा।**




## न्यूज ब्रीफ

### 'सिख फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध 5 साल के लिए बढ़ाया

**नई दिल्ली।** यूएपीए ट्रिब्यूनल ने केंद्र सरकार के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें सिख फॉर जस्टिस पर आतंकवादी गतिविधियों के तहत पांच साल के लिए प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। केंद्र सरकार ने जुलाई 2024 में 'सिख फॉर जस्टिस' को एक गैरकानूनी संगठन घोषित किया था और उस पर अतिरिक्त पांच साल का प्रतिबंध लगाया था। संविधानिक गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम के तहत कोई भी प्रतिबंध तब तक लागू नहीं हो सकता जब तक उसे न्यायाधिकरण द्वारा अधिनियम की धारा 4 के तहत आदेश पारित कर पुष्टि नहीं की जाती। न्यायाधिकरण, जिसकी अध्यक्षता दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता कर रहे थे, सबूतों ने 'सिख फॉर जस्टिस' के बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तानी टाइगर फोर्स जैसे खालिस्तानी आतंकवादी समूहों से संबंधों की बात सामने लाई है, इसके अलावा पाकिस्तान की अंतर-सेवाएं खुफिया एजेंसी के साथ मिलकर पंजाब में उग्रवाद को फिर से बढ़ावा देने के प्रयासों का भी समर्थन किया है। मिले सबूतों से सामने आया है कि ये सोशल मीडिया के जरिए युवाओं को भड़काने का काम करते थे। इसलिए न्यायाधिकरण ने इसपर फिलहाल, 5 साल के प्रतिबंध को जारी रखा है।

### हिमाचल ने झारखंड को 11-13 से हराया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** खो-खो स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ चंडीगढ़ (खो-खो इंडिया से संबद्ध) द्वारा 7 जनवरी तक पंजाब यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स ग्राउंड में सीनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। पहले दिन हुए खो खो मैच (बॉयज) में पहला मैच तेलंगाना और तमिलनाडु के बीच खेला गया, जिसमें तेलंगाना ने टॉस जीता और डिफेंस करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहली पारी में अटैक करते हुए 18 पॉइंट अर्जित किए जबकि दूसरी पारी में तेलंगाना ने अटैक करते हुए सिर्फ 4 पॉइंट अर्जित किए। तमिलनाडु ने फॉलो ऑन खेलते हुए 9 पॉइंट व 1 पारी से जीत हासिल की। वहीं दूसरी और दूसरा मैच हिमाचल प्रदेश व झारखंड (बॉयज) के बीच खेला गया जिसमें झारखंड ने टॉस जीत कर डिफेंस का निर्णय लिया। अटैक करते हुए हिमाचल की टीम ने पहली पारी में 10 पॉइंट्स प्राप्त किये, जबकि अटैक करते झारखंड की टीम ने पहली पारी में 4 पॉइंट प्राप्त किए। दूसरी पारी में अटैक करते हुए झारखंड ने 8 पॉइंट अर्जित किए, जिसको सफलता पूर्वक हिमाचल प्रदेश ने 3 पॉइंट प्राप्त करके मैच को जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एशियन खो-खो फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी, रानी तिवारी, ने शिरकत की। एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी, परमजीत सिंह राजपूत ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 25 राज्यों की पुरुष टीमों और 20 राज्यों की महिला टीमों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

### तेलंगाना: फैक्टरी में विस्फोट, एक की मौत

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के यदाद्रि-भुवनगिरि जिले में शनिवार को एक फैक्टरी में विस्फोट होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति का अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी हालत स्थिर है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह विस्फोट विस्फोटक सामग्री बनाने वाले कारखाने में हुआ। पुलिस ने फैक्टरी के अधिकारियों के हवाले से बताया कि विस्फोट के समय घटनास्थल पर चार लोग मौजूद थे। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट स्थल पर तत्काल पहुंचना संभव नहीं था, क्योंकि वहां अत्यधिक विस्फोटक प्रकृति का मैग्नीशियम पदार्थ था।

### पटाखे बनाते समय हुआ धमाका, पति-पत्नी की मौत

**एजेंसी, पारादीप।** ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले में एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की पटाखे बनाते समय हुए धमाके में मकान ढहने के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात सदर थाना क्षेत्र के बड़ाबाग गांव में हुई। उसने बताया कि धमाका इतना भीषण था कि मकान की छत और दीवारें ढह गईं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि धमाके के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### चीन : बाजार में लगी आग, 8 लोगों की मौत



**एजेंसी, बीजिंग।** चीन के उत्तरी क्षेत्र में शनिवार को एक बाजार में आग लगने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी ने कियाओक्सी जिले के एक अधिकारी के हवाले से अपनी खबर में बताया कि झांगजियाकौ शहर के लियुगांग बाजार में शनिवार दोपहर आग लग गई और स्थानीय समयानुसार अपराह्न दो बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। इस बाजार में लोग मुख्यतः खाद्य पदार्थों की खरीदारी करने आते हैं।

### जापान में सबसे उम्रदराज महिला का निधन

**एजेंसी, टोक्यो।** जापान में दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला टोमिको इटूका का 116 साल की उम्र में निधन हो गया है। 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' के अनुसार, जापान की निवासी इटूका दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला थीं। वृद्धावस्था नीतियों के प्रभारी अधिकारी योशितसुगु नगाटा ने बताया कि इटूका का निधन 29 दिसंबर को मध्य जापान के ह्योगो प्रांत के आशिया स्थित एक देखभाल गृह में हुआ। इटूका का जन्म 23 मई 1908 को हुआ था। पिछले साल 117 वर्षीय मारिया ब्रान्यास की मृत्यु के बाद वह सबसे बुजुर्ग व्यक्ति बन गई थीं।

### सीआईएसएफ जवान ने सूरत हवाई अड्डे पर की आत्महत्या

**एजेंसी, सूरत।** गुजरात में सूरत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने अपने सरकारी हथियार से कथित तौर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि सीआईएसएफ जवान किशन सिंह (32) ने अपराह्न लगभग दो बजकर दस मिनट पर हवाई अड्डे के शौचालय में आत्महत्या कर ली। डुमस पुलिस थाने के निरीक्षक एनवी भरवाड ने बताया कि सिंह जयपुर के रहने वाले थे और सूरत हवाई अड्डे पर तैनात थे। उन्होंने बताया कि सिंह ने अपने पेट में गोली मार ली। उन्होंने बताया कि सिंह को एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जवान द्वारा उठाए गए इस कदम का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में जांच जारी है।

# किसानों के मुद्दे सुलझाने के लिए कृषि मंत्री चौहान करें हस्तक्षेप : खुड्डियां

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से व्यक्तिगत हस्तक्षेप की मांग करते हुए आग्रह किया कि केंद्र को गतिरोध समाप्त करने के लिए प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत करनी चाहिए।

खुड्डियां ने चौहान को बताया कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 40 दिनों से पंजाब के खनौरी धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हैं। खुड्डियां ने चौहान से कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री होने के नाते उन्हें इस मामले में व्यक्तिगत रुचि लेनी चाहिए।

चौहान शनिवार को बजट पूर्व बैठक के तहत राज्यों के कृषि मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक में शामिल हुए पंजाब के कृषि मंत्री खुड्डियां ने आंदोलनरत किसानों से जुड़ा मामला उठाया।

उन्होंने कहा कि राज्यों को केंद्र से काफी उम्मीदें हैं और आशा है कि वह व्यक्तिगत हस्तक्षेप करेंगे तथा वर्तमान मामले में अपना सकारात्मक योगदान देंगे।




किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की मांग सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 40 दिनों से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

अपनी मांगों को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ संघर्षरत किसानों ने पिछले सप्ताह शनिवार को खनौरी में 'किसान महापंचायत' का आह्वान किया था।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान पिछले साल 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं। पिछले साल 13 फरवरी को सुरक्षा बलों ने उन्हें दिल्ली कूच करने से रोक दिया था।

## किसान संगठन की तीन महिला कार्यकर्ताओं की सड़क दुर्घटना में मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के बरनाला में शनिवार को एक बस दुर्घटना में एक किसान संगठन की तीन महिला कार्यकर्ताओं की मौत हो गई और 30 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। बस, भारतीय किसान यूनियन (उग्राहां) के 52 से अधिक सदस्यों को लेकर बठिंडा जिले के एक गांव से हरियाणा के टोहाना में किसानों की महापंचायत के लिए जा रही थी। बरनाला के थाना प्रभारी कुलजिंदर सिंह ने बताया कि इलाके में कोहरा था और बस बाईपास पर दुर्घटना के बाद पलट गई। उन्होंने कहा, 'बस में सवार होकर टोहाना जा रही तीन महिलाओं की दुर्घटना में मौत हो गई।' अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## पंजा, खो-खो और कबड्डी लीग की तर्ज पर हो रेसलिंग लीग : शैंकी




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

देश में प्रोत्साहित किए जा रहे पंजा, खो-खो और कबड्डी लीग की तर्ज पर रेसलिंग लीग की भी शुरुआत होनी चाहिए, जिससे जमीनी स्तर की प्रतिभा को अपना दम दिखाने का मौका मिले।

कारपोरेट स्पांसर को चाहिए की वे इस दिशा में भी निवेश कर इस इंस्डट्री को प्रोमोट करें। यह भाव जाने माने इंटरनैशनल स्तर पर डब्ल्यूडब्लयूई के फ्री स्टाइल रेसलर शैंकी सिंह ने चंडीगढ़ प्रेस कल्ब में आल डे के सांग लाचिंग अवसर पर प्रकट किए। अपने नए प्रोजेक्ट लैबल 18 प्रोडक्शन के अंतर्गत शैंकी सिंह इन दिनों रेसलिंग के साथ-साथ युवा सिंगिग प्रतिभाओं को प्लेटफार्म प्रदान कर रहे हैं।

यूथ वाईब्स से लबरेज इस थिरकते गाने में रुही मरुन ने एक्ट और गाया है जो कि हर वर्ग के दर्शकों को जरुर पसंद आएगा।

यूएस से लगभग 30 से भी अधिक रेसलिंग बाउट का अनुभव रखने वाले शैंकी सिंह का मानना है कि पंजाब नशे के लिए फालतू में ही बदनाम है बल्कि पंजाब से अधिक नशा अमेरिका जैसी विकसित समाज में है। यही कारण है कि वे अब युवा प्रतिभाओं को रेसलिंग के साथ मनोरंजन जगत के लिए प्रेरित कर रहे हैं। शैंकी ने दुख जताया कि भारत की रेसलिंग के लिए विश्व में सर्वाधिक व्यूवरशिप हैं। बावजूद इसके फ्री स्टाइल रेसलिंग को उतना प्रोत्साहन नहीं मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)

## धामी ने ट्वीड जैकेट पहनकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सार्वजनिक कार्यक्रमों में मलारी, मुनस्यारी और पहाड़ों के अन्य स्थानों के ट्वीड से बने जैकेट पहनना शुरू किया है। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को बढ़ावा देने के लिए ऐसा किया।

राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और उनकी ब्रांडिंग को मजबूत करने के लिए यह पहल की गई। धामी ने एक बयान में कहा, 'हमारा उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देकर उत्तराखंड की संस्कृति और परंपरा को जीवित रखना है। मुनस्यारी के ट्वीड जैसे उत्पाद हमारी समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। सरकार स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।' उन्हें इन दिनों



अपने आधिकारिक और पार्टी के कार्यक्रमों में मुनस्यारी और मलारी के स्थानीय कारीगरों के ट्वीड जैकेट और मफलर पहने देखा जा सकता है।

धामी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य सरकार के अधिकारी और कर्मचारी स्थानीय उत्पादों का उपयोग करके और स्थानीय ऊन से बने परिधान पहनकर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

## राष्ट्रीय खेल से जुड़ने के लिए अभी तक 30,433 रजिस्ट्रेशन

**अनंत ज्ञान, देहरादून।** राष्ट्रीय खेलों में वॉलंटियर बनने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले अभ्यर्थियों को कड़े इम्तिहान से गुजरना पड़ रहा है। राष्ट्रीय खेल सचिवालय ने वॉलंटियर प्रशिक्षण/चयन प्रक्रिया शुरू कर दी है। चूंकि रजिस्ट्रेशन बहुत ज्यादा हुए हैं, इसलिए एक बार में 500 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण/चयन प्रक्रिया में शामिल किया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल सचिवालय ने दस जनवरी तक चयन प्रक्रिया पूरी करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वॉलंटियर बतौर 38वें राष्ट्रीय खेल से जुड़ने के लिए अभी तक 30,433 रजिस्ट्रेशन हुए हैं। रजिस्ट्रेशन कराने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## प्रशासन में वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यभार में बड़ा फेरबदल

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चंडीगढ़ प्रशासन में वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यभार में बड़ा फेरबदल किया गया है। वित्त सचिव दीपर्वा लाकड़ा की छुट्टी और गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के कारण अतिरिक्त प्रभार विभिन्नअधिकारियों को सौंपे गए हैं। वित्त सचिव दीपर्वा लाकड़ा के अवकाश पर जाने के बाद, निम्नलिखित अधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं।

प्रेरणा पुरी, आईएएस, सचिव एस्टेट्स और मुख्य प्रशासक। अजय चगती, आईएएस, सचिव परिवहन तथा निशांत कुमार यादव, आईएएस,सचिव हाउसिंग, अनुराधा एस. चगती, सीएसएस, सचिव वित्त, कोषागार एवं लेखा, स्थानीय निधि ऑडिट, योजना, और सांख्यिकी।

गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़ के 5 जनवरी से 2 फरवरी तक प्रशिक्षण पर जाने के दौरान निम्नलिखित अधिकारियों को उनके कार्य सौंपे गए हैं। प्रेरणा पुरी, आईएएस, सचिव गृह, पुलिस, जेल, समन्वय, प्रोटोकॉल, पर्यावरण और वन, शहरी नियोजन, और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, अजय चगती, आईएएस, सचिव स्थानीय सरकार, शहरी विकास, और जल संसाधन,अभिजीत विजय चौधरी, आईएएस, सचिव कानून एवं न्याय।

निशांत कुमार यादव, आईएएस, सचिव राजस्व, हरी कल्लीकट, आईएएस, सचिव संस्कृति और पर्यटन।

## उत्तरायणी पर्व के अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** टैगोर थियेटर, सैक्टर 18 चंडीगढ़ में उत्तरायणी पर्व के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उत्तरायणी कौतिक की तैयारियों लगभग पूरी कर ली है। इस बार कौतिक बहुत ही भव्य होने वाला है।

यह कौतिक हमारी संस्कृति से रू-ब-रू होने का एक अति उत्तम कार्यक्रम के साथ-साथ पौराणिक पर्व वह पहिचान को बनाए रखने का माध्यम भी है। कार्यक्रम में पहुंचने के लिए मुखतिथि महाराष्ट्र के पूर्व गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी आज चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंचे और एयरपोर्ट पहुंचने पर उत्तराखंड के लोगों ने माला पहनकर उनका भव्य स्वागत किया।

## देश-विदेश

## सरकार ने नेपाल को दो लाख टन गेहूं निर्यात की दी अनुमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सरकार ने नेपाल को दो लाख टन गेहूं निर्यात करने की अनुमति दी है। शनिवार को जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना में कहा कि निर्यात की अनुमति राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से दी गई है। घरेलू आपूर्ति बनाए रखने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध है, लेकिन कुछ देशों के अनुरोध करने पर सरकार उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों के मद्देनजर निर्यात की अनुमति देती है।



एक अलग अधिसूचना में, डीजीएफटी ने कहा कि अग्रिम प्राधिकरण धारकों, ईओयू (निर्यात उन्मुख इकाइयों) और एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्रों) द्वारा कृत्रिम बुने हुए कपड़ों के लिए कच्चे माल के आयात को एमआईपी (न्यूनतम आयात शर्त) से छूट दी जाएगी। सस्ते कपड़ों की आवक को हतोत्साहित करने के लिए सिंथेटिक बुने हुए कपड़ों पर 3.5 अमेरिकी डॉलर प्रति किलोग्राम एमआईपी लागू है।

## श्रीनगर हवाई अड्डे पर उड़ानों का परिचालन बहाल

**श्रीनगर।** कश्मीर के कुछ हिस्सों में शनिवार सुबह घना कोहरा छाए रहने के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर बाधित हुआ उड़ानों का परिचालन कुछ घंटे बाद बहाल हो गया। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 11 बजकर 13 मिनट पर पहली उड़ान हवाई अड्डे पर उतरी। अधिकारियों ने बताया कि दृश्यता में सुधार होने के बाद हवाई यातायात पूरी तरह बहाल कर दिया गया और उड़ानों का परिचालन सामान्य रूप से जारी है। सुबह श्रीनगर समेत कश्मीर में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि दृश्यता घट जाने के कारण हवाई अड्डे पर कुछ घंटे के लिए उड़ानों का परिचालन प्रभावित हुआ और सुबह की उड़ानें विलंब से परिचालित हुईं। यह दूसरा दिन था, जब कोहरे के कारण श्रीनगर हवाई अड्डे पर हवाई यातायात प्रभावित रहा।

## 'आप' सत्ता में लौटी तो 'पानी के बढ़े हुए बिल' होंगे माफ : केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को वादा किया कि राष्ट्रीय राजधानी में अगले महीने वाले होने वाले विधानसभा चुनाव में यदि उनकी पार्टी सत्ता में लौटती है तो दिल्ली के लोगों के 'बढ़े हुए पानी के बिलों' को माफ कर दिया जाएगा। केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जनता को भेजे जा रहे हजारों-लाखों रुपए के पानी के बिलों से लोग परेशान हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि उनके जेल जाने के बाद से ही लोगों को पानी के बढ़े हुए बिल भेजे जा रहे हैं। 'आप' प्रमुख ने लोगों से इन बिलों का भुगतान न करने का आग्रह किया।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, 'मैंने पहले भी कहा था, लेकिन आज मैं औपचारिक तौर पर घोषणा कर रहा हूं कि विधानसभा चुनाव होने पर जब 'आप' सत्ता में वापस आएगी तो ये बढ़े हुए पानी के बिल माफ कर दिए जाएंगे। जिन लोगों को लगता है कि उनके बिल गलत हैं, उन्हें बिल भरने की जरूरत नहीं है।' उन्होंने दावा किया कि 'आप' सरकार प्रति माह 20,000 लीटर मुफ्त पानी उपलब्ध कराती है और राजधानी के 12 लाख से अधिक परिवारों को इसका लाभ मिलता है।

## कार का हॉर्न बजाने को लेकर मंत्री सुप्रियो और भाजपा सांसद में हुई बहस

**एजेंसी, कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के मंत्री बाबुल सुप्रियो और भाजपा के सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच हुगली नदी पर बने विद्यासागर पुल पर कार का कथित तौर पर हॉर्न बजाने को लेकर कहासुनी हो गई। सुप्रियो ने दावा किया कि तामलुक के सांसद गंगोपाध्याय ने उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जबकि गंगोपाध्याय ने कहा कि शुक्रवार रात को मंत्री ने ही उनके खिलाफ असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया था।

गंगोपाध्याय ने कहा कि बाबुल सुप्रियो ने मेरी गाड़ी रोकी और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

उन्होंने दावा किया कि मंत्री हॉर्न बजाय जाने का विरोध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हॉर्न सुप्रियो की गाड़ी के पीछे नहीं बल्कि दूसरी कार के पीछे बजाया जा रहा था। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गंगोपाध्याय ने कहा कि सुप्रियो अपनी कार से बाहर निकले और उनके (गंगोपाध्याय) खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया।

## ट्रंप होटल के बाहर टेस्ला के साइबर ट्रक को उड़ाने वाले सैन्यकर्मी ने छोड़ा था पत्र

**लास वेगास (अमेरिका)।** लास वेगास में ट्रंप होटल के बाहर विस्फोट से ठीक पहले टेस्ला साइबर ट्रक में खुद को गोली मारकर जान देने वाले एक सैन्यकर्मी ने एक पत्र छोड़ा था। इसमें उसने लिखा था कि नए साल के पहले दिन का यह विस्फोट देश की बुराइयों को लेकर "सचेत होने" के रूप में काम करेगा। कोलोराडो स्प्रिंग्स, कोलोराडो के 37 वर्षीय ग्रीन बेरेट मैथ्यू लिवेल्सबर्गर ने अपने सेलफोन पर एक पत्र लिखा था। लिवेल्सबर्गर 2006 से सेना में कार्यरत था और दो बार अफगानिस्तान में उसकी तैनाती हुई थी। लिवेल्सबर्गर ने पत्र में लिखा, 'यह कोई आतंकवादी हमला नहीं था, यह एक चेतावनी थी।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने अजमेर शरीफ दरगाह के लिए भेजी चादर

**एजेंसी, अजमेर**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के दरगाह में चादर पेश होगी। उन्होंने पेश करने के लिए मखमली चादर कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को दिल्ली में सौंपी है।



कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी दिल्ली से चादर लेकर 27 जनवरी को अजमेर पहुंचेंगे। खड़गे ने दरगाह में पेश करने के लिए चादर इमरान प्रतापगढ़ी को दिल्ली में सौंपी। यहां राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा समेत कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मिलकर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से भेजी गई चादर का नजराना ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में पेश करेंगे। इस दौरान देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी जाएगी।

## ईडी ने भोपाल जेल के दिवंगत डीआईजी और उनके परिवार की संपत्ति की कुर्क

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने मध्य प्रदेश की भोपाल जेल के एक दिवंगत डीआईजी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति से जुड़े धन शोधन मामले के तहत करीब पांच करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उप महानिरीक्षक (डीआईजी) उमेश कुमार गांधी, उनके परिवार के सदस्यों और सहयोगियों के नाम पर एक अनंतिम आदेश जारी किया गया है। कुर्क की गई संपत्तियों का मूल्य 4.68 करोड़ रुपए है और इनमें राज्य के विभिन्न जिलों जैसे सागर, कटनी, सीहोर, भोपाल और इंदौर में स्थित 20 अचल संपत्तियों के अलावा बैंक जमा, आभूषण, बीमा पॉलिसी, म्यूचुअल फंड, किसान विकास पत्र जैसी चल संपत्तियां भी शामिल हैं।

डीआईजी के खिलाफ धनशोधन का मामला मध्य प्रदेश लोकायुक्त (विशेष पुलिस प्रतिष्ठान) द्वारा गांधी, उनकी पत्नी अर्चना गांधी और सीहोर जिला जेल के पूर्व गार्ड अजय कुमार गांधी के खिलाफ दायर एक प्राथमिकी और दो आरोप पत्रों पर आधारित है जिसमें आय से अधिक 5.13 करोड़ रुपए की संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया है।

## मौसम

## पंजाब-यूपी में विजिबिलिटी जीरो, हरियाणा में धुंध के चलते एक्सीडेंट, 2 की मौत

## 14 राज्यों में कोहरा, दिल्ली-कोलकाता एयरपोर्ट पर 295 फ्लाइटें लेट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के 14 राज्यों में घने कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली विजिबिलिटी घटकर जीरो मीटर तक पहुंच गई है। इस कारण कई फ्लाइट्स और ट्रेनें लेट हुईं। अकेले दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह 255 फ्लाइट्स निर्धारित समय पर उड़ान नहीं भर सकीं। 43 फ्लाइट्स को रद्द कर दिया गया। दिल्ली स्टेशन पर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से लेट पहुंचीं।

कोलकाता एयरपोर्ट पर भी 40 फ्लाइट्स लेट हुईं, वहीं, 5 कैंसिल कर दी गईं। चंडीगढ़, अमृतसर और



आगरा एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट्स प्रभावित हुईं। हरियाणा में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर धुंध के कारण एक कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार सवार की मदद के लिए पहुंचे लोग पहुंचे। पीछे से आ रहे ट्रक चालक को कोहरे के कारण सड़क पर लोग दिखाई नहीं दिए। उसने लोगों को रौंद दिया। हादसे में 2 लोगों की मौत हुई। 4 लोग घायल हुए हैं।

राजस्थान और मध्य प्रदेश के भी कई जिलों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 100 मीटर तक रह गई। मौसम विभाग ने कहा है कि राजस्थान के कुछ जिलों में कल बारिश हो सकती है, लेकिन मध्यप्रदेश में बारिश के कोई आसार नहीं है। हालांकि, यहां 2 दिन बाद ठंड से राहत मिल सकती है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री के तलाक की खबरें



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्पिन गेंदबाज युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के तलाक की खबरें हैं। इन खबरों को हवा तब मिली जब चहल और धनश्री ने एक-दूसरे को इंस्टाग्राम पर अनफॉलो कर दिया है। चहल ने धनश्री के साथ वाली सभी फोटोज भी डिलीट कर दी हैं। धनश्री ने चहल को अनफॉलो तो किया है, लेकिन उनकी तस्वीरें नहीं हटाई हैं। तलाक को लेकर चहल और धनश्री की ओर से कोई बयान नहीं आया है। युजवेंद्र और धनश्री की शादी 2020 को हुई थी।

### कहीं जा नहीं रहा हूं, सिर्फ इस टेस्ट से बाहर हुआ हूं : रोहित शर्मा

**सिडनी।** भारत के सीनियर बल्लेबाज रोहित शर्मा ने अपने संन्यास को लेकर लग रही अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह कहीं



नहीं जा रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट से 'बाहर रहने' का कारण खराब फॉर्म था। खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित ने सिडनी टेस्ट से आराम लिया है और उनकी जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी कर रहे हैं। इससे टेस्ट क्रिकेट में रोहित के भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी हैं। रोहित ने कहा, '' मैंने संन्यास नहीं लिया है। मैं बाहर हुआ हूं। मैंने कोच और चयनकर्ताओं से यही बात की कि मैं रन नहीं बना पा रहा हूं, फॉर्म में नहीं हूं और इस महत्वपूर्ण मैच में हमें ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो फॉर्म में है।''

### दिमित्रोव ब्रिस्बेन इंटरनेशनल सेमीफाइनल के दौरान रिटायर हुए

**ब्रिस्बेन (ऑस्ट्रेलिया)।** ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के गत चैंपियन ग्रिगोर दिमित्रोव शनिवार को यहां जिरी लेहेका के खिलाफ सेमीफाइनल के दौरान ग्रोइन चोट के कारण रिटायर हो गए। लेहेका से 6-4, 4-4 से पिछड़ रहे दुनिया के 10वें नंबर के खिलाड़ी दिमित्रोव ने ग्रोइन और कूल्हे का उपचार लिया। वह कोर्ट से बाहर चले गए और फिर खेलने का प्रयास किया, लेकिन अंत में उन्होंने रिटायर होने का फैसला किया।

### अर्जुन पुरस्कार मेरा मजाक उड़ाने वालों को जवाबः पैरा शटलर नित्या

**नई दिल्ली।** अर्जुन पुरस्कार के लिए चुनी गई पैरालंपिक कांस्य पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी नित्या श्री सुमति सिवन को अब भी स्कूल के



वे आंसू भरे दिन याद हैं अपने ऊपर कसी गई फब्तियों से निराश होकर वह अवसाद में रहने लगी थी। इस 19 साल की खिलाड़ी ने कहा कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार निराशा के उन दिनों को देखते हुए उचित सम्मान की तरह है। नित्या ने कहा, ''जब मैं छठीं या सातवीं कक्षा में थी तब मेरा शारीरिक विकास रुक गया था। स्कूल में मेरे खिलाफ शरारत होती थी। मैं बहुत दुखी रहती थी। यह पुरस्कार उन लोगों को जवाब है कि मैं भी कुछ कर सकती हूं और बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकती हूं।''

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी**

## ऋषभ पंत का पचासा, दूसरे दिन गिरे 15 विकेट, सभी तेज गेंदबाजों ने झटके

# सिडनी टेस्ट रोमांचक मोड़ पर

**एजेंसी, सिडनी**

विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अपने आक्रामक तेवरों का खुलकर इजहार करते हुए 33 गेंद पर 61 रन बनाए, जिससे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच यहां खेला जा रहा पांचवा और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच दूसरे दिन रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया।

पहली पारी में 185 रन बनाने वाले भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर ढेर करके चार रन की मामूली बढ़त हासिल की। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 141 रन बनाए और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 145 रन की हो गई है। पिच से तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही है। इसका सबूत दूसरे दिन गिरे 15 विकेट हैं जो सभी तेज गेंदबाजों ने हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी नजर आ रहा है, लेकिन जिस तरह की परिस्थितियां हैं उन्हें देखते हुए उसके लिए लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं होगा।




पंत ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके दिखाया कि इस विकेट पर रन बन सकते हैं। उनकी तूफानी पारी में छह चौके और चार छक्के शामिल हैं। मिशेल स्टार्क की लगातार गेंद पर लगाए गए उनके छक्के दर्शनीय थे। उनकी इस पारी में भारत को दूसरी पारी में शर्मसार होने से बचा दिया क्योंकि सीम और उछाल लेती पिच पर अन्य भारतीय बल्लेबाज संघर्ष करते हुए नजर आए।

भारतीय तेज गेंदबाजों ने भी हालांकि ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को नहीं चलने दिया। भारतीय कप्तान बुमराह के एहतियाती तौर पर स्कैन के लिए चले जाने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और नीतिश रैड्डी ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली।

### स्कोर बोर्ड

भारत (पहली पारी) 185/10

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सैम क. जायसवाल ब. सिराज | 23 | 38 | 3/0 |
| ख्वाजा क. राहुल ब. बुमराह | 02 | 10 | 0/0 |
| लाबुशेन क. पंत ब. बुमराह | 02 | 08 | 0/0 |
| स्मिथ क. राहुल ब. कृष्णा | 33 | 57 | 4/1 |
| हैड क. राहुल ब. सिराज | 04 | 03 | 1/0 |
| वेबस्टर क. जायसवाल ब. कृष्णा | 57 | 105 | 5/0 |
| कैरी ब. कृष्णा | 21 | 36 | 4/0 |
| कमिंस क. कोहली ब. नीतिश | 10 | 20 | 1/0 |
| स्टॉर्क क. राहुल ब. नीतिश | 01 | 04 | 0/0 |
| लियोन (नाबाद) | 07 | 17 | 0/0 |
| बोलैंड ब. सिराज | 09 | 09 | 2/0 |
| **अतिरिक्त** | 12 | | |
| **कुल : ( 51 ओवर)** | 181/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-9, 2-15, 3-25, 4-39, 5-96, 6-137, 7-162, 8-164, 9-166, 10-181.
**गेंदबाजी** : बुमराह 10-1-33-2, सिराज 16-2-51-3, कृष्णा 15-3-42-3, नीतिश 7-0-32-2, जडेजा 3-0-12-0.

| भारत (दूसरी पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल ब. बोलैंड | 22 | 35 | 4/0 |
| राहुल ब. बोलैंड | 13 | 20 | 2/0 |
| गिल क. कैरी ब. वेबस्टर | 13 | 15 | 2/0 |
| कोहली क. स्मिथ ब. बोलैंड | 06 | 12 | 1/0 |
| पंत क. कैरी ब. कमिंस | 61 | 33 | 6/4 |
| जडेजा (नाबाद) | 08 | 39 | 1/0 |
| नीतिश क. कमिंस ब. बोलैंड | 04 | 21 | 0/0 |
| वॉशिंगटन (नाबाद) | 06 | 17 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : ( 32 ओवर)** | 141/6 | | |

**विकेट पतन** : 1-42, 2-47, 3-59, 4-78, 5-124, 6-129., **गेंदबाजी** : स्टॉर्क 4-0-36-0, कमिंस 11-4-31-1, बोलैंड 13-3-42-4, वेबस्टर 4-1-24-1.

### बुमराह की पीठ में ऐंठन : कृष्णा

**सिडनी।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा कहा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह की



पीठ में ऐंठन है और भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5वें टेस्ट में मेडिकल स्टाफ से इस स्टार तेज गेंदबाज की उपलब्धता को लेकर जानकारी का इंतजार कर रही है।

बुमराह चोट के कारण एहतियाती स्कैन (जांच) कराने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए। उन्हें यहां लंच के बाद केवल एक ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इस टेस्ट में बुमराह की गेंदबाजी भारत के लिए काफी अहम होगी क्योंकि टीम ने अपनी दूसरी पारी में 141 रन पर छह विकेट गंवा दिए है और उसकी कुल बढ़त सिर्फ 145 रन की है।

बुमराह की अनुपस्थिति में विराट कोहली ने टीम का नेतृत्व किया। बुमराह इससे पहले पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण 2022 और 2023 के बीच लगभग एक साल तक क्रिकेट से बाहर रहे थे। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 10 ओवरों में 33 रन देकर दो विकेट लिए।

## प्रदेश की नेशनल वॉलीबॉल टीम के लिए ट्रायल आज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेशनल वॉलीबॉल टीम पुरुष वर्ग के लिए ट्रायल आज अहमला के इंदिरा गांधी खेल परिसर में होंगे। नई टीम का चयन वीडियो ग्राफी करके किया जाएगा।

ट्रायल के लिए राज्य का खेल विभाग और नेशनल वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा तैनात ऑब्जर्वर किए जा रहे है।

इसके बाद हिमाचल की वॉलीबॉल टीम 7 जनवरी से जयपुर में हो रहे नेशनल के रवाना होगी। बता दें कि बीते 26 दिसंबर को भी नेशनल टीम के लिए ट्रायल लिए गए थे। इसमें खिलाड़ियों ने बड़े स्तर पर धांधली के आरोप लगाए थे। मीडिया में मामला आने के बाद बाद इन्हें रद्द किया गया।

बता दें कि 7-8 अन्य खिलाड़ी खुलकर तो सामने नहीं आए। मगर मुख्यमंत्री से दो बार मिल कर धांधली की शिकायत की। अब नए सीरे से टीम के चयन का फैसला लिया गया है। इसके लिए खिलाड़ियों को सुबह 8 बजे खेल परिसर पहुंचना होगा। 9 बजे से ट्रायल शुरू होंगे।

हिमाचल के खेल विभाग के अतिरिक्त निदेशक हितेश आजाद ने बताया ट्रायल पूरी पारदर्शिता के साथ करवाए जाएंगे। इसकी वीडियोग्राफी होगी।

## बागेश्वर पहुंची राष्ट्रीय खेलों की मशाल

**पिथौरागढ़।** 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल 'तेजस्विनी' शनिवार को बागेश्वर पहुंची जहां जिला खेल अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने इसका स्वागत किया। उत्तराखंड इस महीने के अंत में पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 26 दिसंबर को हल्द्वानी से खेलों की मशाल रैली को हरी झंडी दिखाई जो 13 जिलों के 99 स्थानों का दौरा करने के बाद 25 जनवरी को देहरादून पहुंचेगी। मशाल 27 दिसंबर को हल्द्वानी के गौलापार स्टेडियम पहुंची थी।

राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक देहरादून के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

## विश्व नंबर 293 ओपेल्का से हारे जोकोविच

### ब्रिस्बेन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-7, 3-6 से मिली पराजय

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में विश्व नंबर 293 अमेरिका के रीली ओपेल्का के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अपनी तेज सर्विस के दम पर ओपेल्का ने जोकोविच को सीधे सेटों में 7-6 (6), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

ओपेल्का ने पूरे मैच में 16 एस लगाए और दोनों सेट एस लगाकर ही समाप्त किए। यह उनके जीवन की सबसे बड़ी जीत में से एक है। सेमीफाइनल में ओपेल्का फ्रांस के जियोवानी पेरीकार्ड से भिड़ेंगे। पेरीकार्ड ने याकूब मेंसिक को 7-5, 7-6 से हराया। फरवरी, 2022 में ओपेल्का की विश्व रैंकिंग 17 तक पहुंच गई थी, लेकिन इसी वर्ष के अंत में उनके कूल्हे की सर्जरी हुई और ट्यूमर निकाला गया। जब से उन्होंने टेनिस कोर्ट पर वापसी की है, उसके बाद से यह उनके लिए सबसे बड़ा परिणाम है।


नोवाक जोकोविच

जोकोविच का साल का यह पहला टूर्नामेंट है। 12 जनवरी से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपन में वह नए कोच एंडी मरे की कोचिंग में खेलने उतरेंगे।

